रांची, रविवार
16.02.2025
वर्ष : 10, अंक : 77 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

संक्षिप्त खबरें

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह न्यायालय में हुई पेश, बयान हुआ दर्ज

दुमका। ग्रामीण विकास मंत्री सह गोड्डा के महागामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में शनिवार को पेशी हुई। पेशी एमपी-एमएलए विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय में हुई। मामले में बयान दर्ज हुआ। अगली तिथि एक मार्च को निर्धारित है। इससे पहले वाली तिथि में तीन पुलिस पदाधिकारी समेत 12 गवाहों की गवाही गुजरी। सभी गवाहों ने घटना का समर्थन किया। उल्लेखनीय है कि यह मामला वर्ष 2017 का है। जहां क्षेत्र भ्रमण के दौरान महागामा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। इस दौरान कांग्रेस के तत्कालीन जिला अध्यक्ष के रूप में दीपिका पांडेय सिंह घटनास्थल पर पहुंची थी। मामले में कांड संख्या 72/2017 में भादवि की धारा 147,149,353,332,427,283,504,506 एवं 120 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

राष्ट्रपति आज आदि महोत्सव 2025 का करेंगी उद्घाटन

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को आदि महोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगी। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित आदि महोत्सव 16-24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित हो रहा है। भारत के जनजातीय समुदायों की जीवंत संस्कृति, विरासत और आर्थिक क्षमता का जश्न मनाने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया जा रहा है। उत्सव में इंडोनेशिया और श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होंगे। इसमें देश के 30 से अधिक राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश के 600 से अधिक आदिवासी कारीगरों, 500 लोक कलाकारों और 25 आदिवासी खाद्य स्टालों लगाए जा रहे हैं।

होलिका दहन 13 मार्च को और होली 15 मार्च को

रांची: इस साल होलिका दहन 13 मार्च को होगा. जबकि होली का त्योहार 15 मार्च को मनाया जाएगा. 14 मार्च को स्नान दान की पूर्णिमा होने के कारण 15 मार्च को होली का त्योहार मनाया जाएगा. मिथिला पंचांग के अनुसार, होलिका दहन रात्रि 10.47 के बाद होगा. वहीं होली का त्योहार 15 मार्च को मनाया जाएगा. होलिका दहन भद्रा बाद रात्रि 10.44 बजे होगा.

छोटे और पारंपरिक समाधान को भी आजमाएं युवा : राष्ट्रपति

बिभा संवाददाता

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हमारा युग प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई प्रगति ने हमारे जीने के तरीके को बदल दिया है। कल तक जो अकल्पनीय था, वह आज वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष और भी अधिक नाटकीय होते जा रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में दूरगामी प्रगति की उम्मीद है। चूंकि एआई तेजी से अर्थव्यवस्थाओं को बदल रहा है, इसलिए भारत सरकार उभरते परिदृश्य पर प्रतिक्रिया देने में तत्पर रही है। उच्च शिक्षा संस्थानों में एआई को एकीकृत करने के लिए कई पहल की जा रही है। राष्ट्रपति शनिवार को बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआइटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी समाज में बड़े व्यवधान पैदा करती है, इसलिए हमें हाशिए पर पड़े समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंतित रहना चाहिए। जो महान अवसर पैदा किए जा रहे हैं, वे सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए, जो महान परिवर्तन लाए जा रहे हैं, उनसे सभी को लाभ होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर हमारे आसपास की समस्याओं के लिए किसी बड़े तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने युवा छोटे और पारंपरिक समाधान को भी ना भूलें बल्कि उसे भी आजमाने की जरूरत है। युवा छोटे पैमाने के पारंपरिक समाधानों के महत्व को न भूलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषकों और उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि प्लेटिनम जुबली इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में बीआईटी मेसरा के योगदान का जश्न मनाने और सम्मान करने का एक उपयुक्त अवसर है।

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से राज्यवासियों में उत्साह है। उन्होंने बीआईटी मेसरा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्थान ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और विद्यार्थियों की सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा न केवल इंजीनियरिंग और प्रबंधन में बल्कि सामाजिक समावेशिता की दिशा में भी कार्य कर रहा है। यहां संचालित पॉलिटेक्निक संस्थान विशेष रूप से आदिम जनजातियों सहित आरक्षित श्रेणियों के छात्रों को तकनीकी शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रहा है, जो रोजगार और उद्यमिता के बेहतर अवसर की दिशा में सहायक हैं।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि बीआईटी मेसरा सबसे अधिक मांग वाला संस्थान बना हुआ है और इसका श्रेय इसके प्रबंधन, संकाय, पूर्व छात्रों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से उन छात्रों को जाता है जो यहां अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सीके बिरला ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि हमारे पास 20 से अधिक विषय हैं, जिनमें 10,000 से अधिक स्टूडेंट्स और 600 से अधिक फैकेल्टी सदस्य हैं, और हमें दुनिया भर में 50,000 मजबूत एल्यूमनी नेटवर्क पर गर्व है।

समारोह का मुख्य आकर्षण राष्ट्रपति मुर्मु और राज्यपाल गंगवार द्वारा एक विशेष स्मारक रजत पदक, डाक टिकट और लिफाफा जारी करना था, जो शिक्षा, इनोवेशन और राष्ट्र निर्माण में इंस्टीट्यूट के उल्लेखनीय योगदान का प्रतीक है। समारोह में 780 एकड़ के परिसर में पौधरोपण और राष्ट्रपति द्वारा रिसर्च एग्जीबिशन का उद्घाटन जैसी गतिविधियां भी शामिल थीं। मौके पर बीआईटी के सैकड़ों छात्र और शिक्षक सहित कई लोग मौजूद थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एयरपोर्ट पहुंची और विशेष विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गयी।

राजग के मुख्य सहयोगी वक्फ संशोधन विधेयक पर सहमत: रिजिजू

एजेंसी

श्रीनगर : संसदीय कार्य मंत्री एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के दो प्रमुख सहयोगी, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, वक्फ (संशोधन) विधेयक पर सहमत हैं।

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट विपक्ष के हंगामे के बीच 13 फरवरी को संसद में पेश की गई। श्री रिजिजू ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर फर्जी कहानी फैलाई जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, जब हमने वक्फ (संशोधन) विधेयक संसद में पेश किया, तो हमारा इरादा बहुत स्पष्ट था और हमने संसद को यह भी बताया कि विधेयक का एकमात्र उद्देश्य भारत में वक्फ संपत्तियों की रक्षा करना है, जो दुनिया में सबसे बड़ी हैं।

श्री रिजिजू ने कहा,वक्फ के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति होने के बावजूद अगर कोई भीख मांग रहा है कि है, तो यह अफसोस की बात है। इसीलिए हमने वक्फ विधेयक में यह स्पष्ट कर दिया है कि मुसलमानों से संपत्ति छीनकर किसी और को देने का कोई सवाल ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि देश कानून से चलता है और कोई किसी की संपत्ति नहीं छीन सकता। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विधेयक पारदर्शिता लाएगा। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि महिलाओं समेत हजारों मुसलमानों ने उनसे मुलाकात की है और विधेयक की सराहना की है।

बड़े देशों और मंचों का भारत के प्रति भरोसा बढ़ा: पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के विमर्श के केंद्र में बताते हुए कहा है कि बड़े देशों और अंतराष्ट्रीय मंचों का भारत के प्रति भरोसा बढ़ा है ।

श्री मोदी ने शनिवार को यहां एक समाचार समूह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत वैश्विक भविष्य से जुड़े विमर्श के केंद्र में है और उसका नेतृत्व भी कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर परोक्ष निशाना साधते हुए उसकी सरकारों की विकास की धीमी गति और भ्रष्टाचार की तेज गति पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि उन्हें कभी-कभी आश्चर्य होता है कि अगर 2014 में देश के लोगों ने भाजपा को सत्ता नहीं सौंपी होती तो देश का क्या होता। देश तो पहले भी चल रहा था लेकिन कांग्रेस की विकास की गति और भ्रष्टाचार की गति अगर चलती रहती तो क्या होता, देश का बहुमूल्य समय बर्बाद हो जाता। कांग्रेस सरकार भारत को वर्ष 2044 तक 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही थी।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में भारत शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है और अगले कुछ वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में तेलंगाना ओवरऑल चैंपियन, झारखंड पुलिस को मिले पांच मेडल

बिभा संवाददाता

रांची : 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट (2024-25) का समापन शनिवार को हो गया. इस अवसर पर विजेता टीम को पुरस्कृत करने के लिए बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि वित्त मंत्री और विशिष्ट अतिथि नगर विकास मंत्री ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. इस दौरान स्मारिका का भी विमोचन किया गया.

विभिन्न प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक सफलता प्राप्त करनेवाली तेलंगाना पुलिस की टीम को ओवरऑल चैंपियनशिप का ट्रॉफी प्रदान किया गया. वहीं, आंध्रप्रदेश मुख्यमंत्री ट्रॉफी भी तेलंगाना पुलिस की टीम को प्रदान किया गया है. झारखंड पुलिस को विभिन्न प्रतियोगिताओं में पांच मेडल मिले. डॉग स्क्वाड में बीएसएफ विजेता रहे और तेलंगाना पुलिस की टीम रनरअप रही. वीडियोग्राफी प्रतियोगिता में विजेता तेलंगाना पुलिस और रनरअप महाराष्ट्र पुलिस की टीम रही. पुलिस फोटोग्राफी में तमिलनाडु पुलिस विजेता और आंध्र प्रदेश पुलिस की टीम रनरअप रही.

कंप्यूटर साक्षरता में विजेता आइटीबीपी की टीम रही, जबकि बीएसएफ को रनरअप का खिताब मिला. एंटी सबोटाज चेक में तेलंगाना पुलिस विजेता और एसपीजी की टीम रनर अप रही. बेस्ट डॉग कंपिटीशन का पुरस्कार मध्यप्रदेश पुलिस के श्वान काया को मिला. साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन में तेलंगाना पुलिस विनर रही और आंध्रप्रदेश और झारखंड पुलिस रनरअप रही. इन्फॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी में एनसीआरबी ट्रॉफी तमिलनाडु पुलिस को मिला.

कार्यक्रम के दौरान डीजी वायरलेस प्रशांत कुमार सिंह, आसूचना ब्यूरो के अतिरिक्त निदेशक बलजीत सिंह, आइजी मनोज कौशिक, आइजी अभियान एवी होमकर, आइजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, आइजी प्रोविजन पंकज कंबोज, आइजी सीआइडी असीम विक्रांत मिंज, आइजी एसटीएफ अनूप बिरथरे सहित अन्य सीनियर आइपीएस अधिकारी और एसपी रैंक के अधिकारी मौजूद थे. कार्यक्रम के अंत में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.

झारखंड पुलिस को विभिन्न प्रतियोगिताओं में 5 मेडल मिले. इसमें फिंगर प्रिंट ओरल और प्रैक्टिकल में सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार को गोल्ड मेडल, सब इंस्पेक्टर रवि शंकर को सिल्वर मेडल, मेडिको लीगल में सब इंस्पेक्टर नमिता कुमारी को सिल्वर मेडल, पुलिस पोट्रेट में एएसआइ बलेंद्र कुमार को सिल्वर मेडल और ट्रैकर श्वान एरिक के एएसआइ महेंद्र महतो को सिल्वर मेडल मिला.

हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

लातेहार । जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बुकरू गांव के पास पुलिस ने छापेमारी कर पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल और जिंदा गोली भी बरामद हुई है। गिरफ्तार अपराधियों में बालूमाथ निवासी मोहन गंझु, सागर तुरी, चंदवा निवासी कुलदीप गंझु, चंदू, रांची निवासी लक्ष्मण गंझू शामिल है।

शनिवार को प्रेस वार्ता करते हुए बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि शोषण मुक्ति संगठन नाम के आपराधिक संगठन बनाकर कुछ अपराधियों के द्वारा ठेकेदारों और ईंट भट्ठा संचालकों से रंगदारी की मांग की जा रही है । इसी बीच पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि सभी अपराधी बालूमाथ के बुकरू गांव के पास जमे हुए हैं और किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ और थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाई और सभी पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से एक हथियार और जिंदा गोली भी बरामद किया ।साथ ही जिस मोबाइल से लेवी के लिए धमकी दी जाती थी, उस मोबाइल को भी जब्त किया गया । डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में से कुछ का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

महाकुंभ में फिर लगी आग, सेक्टर 18 और 19 के कई टेंट जले

एजेंसी

महाकुंभनगर। महाकुंभ नगर के सेक्टर 18 और 19 स्थित मोरी मार्ग पर लगे श्रीराम चरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के पंडाल में शनिवार देर शाम अचानक आग लग गई, जिससे कई पंडाल, कुर्सियां और खाने का सामान जलकर राख हो गया। आशंका जताई जा रही है कि नोटों से भरा एक बैग जल गया है। इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना की जानकारी होते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में लग गई थीं। करीब आधे घंटे बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया।

मेला क्षेत्र में भीड़ होने से दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल पर जाने में बहुत परेशानी हुई। किसी तरह से भीड़ को नियंत्रित कर आगजनी स्थल पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बचाव में लगी रहीं। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ के 34 दिन में अग्निकांड की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

महाकुंभ से तीर्थयात्रियों को ला रही वैन ट्रक से टकराई, चार की मौत, छह घायल



दाहोद। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से तीर्थयात्रियों को ला रही एक पर्यटक वैन शुक्रवार देर रात गुजरात के दाहोद जिले में राजमार्ग पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई जिससे चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना इंदौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर लिमखेड़ा के पास देर रात करीब सवा दो बजे हुई। उन्होंने कहा कि 10 तीर्थयात्रियों को ला रही एक पर्यटक वैन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। अधिकारी ने कहा कि मृतकों में एक महिला भी शामिल है। उन्होंने बताया कि मारे गए लोग भरूच जिले के अंकलेश्वर और अहमदाबाद जिले के धोलका के निवासी थे। अधिकारी ने कहा, तीर्थयात्री महाकुंभ से लौट रहे थे। एक महिला समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान अंकलेश्वर निवासी देवराज नकुम (49) और उनकी पत्नी जासुबा (47) तथा धोलका निवासी सिद्धराज डाभी (32) और रमेश गोस्वामी (47) के रूप में हुई है।

भारत के 119 'अवैध प्रवासियों' को लेकर आज अमृतसर पहुंचेगा अमेरिकी विमान

ह्यूस्टन (अमेरिका)। अमेरिकी सैन्य परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर III करीब 119 भारतीय नागरिकों को लेकर 16 फरवरी को अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरेगा। यह दूसरी बार होगा, जब डोनाल्ड ट्रंप के पिछले महीने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद भारतीयों को निर्वासित किया जाएगा। इससे पहले, अमेरिका का एक सैन्य विमान भारत के विभिन्न राज्यों के 104 अवैध प्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचा था। ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत इन लोगों को भारत निर्वासित किया था।

इस बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक और विमान के अमृतसर हवाई अड्डे पर आने की संभावना पर शुक्रवार को सवाल उठाया और केंद्र सरकार पर पंजाब को बदनाम करने का आरोप लगाया। अमेरिका के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जब तक सभी अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस नहीं भेज दिया जाता, तब तक निर्वासन की प्रक्रिया जारी रहेगी। सूत्रों के अनुसार, निर्वासित लोगों में पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के आठ, उत्तर प्रदेश के तीन, राजस्थान और महाराष्ट्र के दो-दो तथा जम्मू-कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश का एक-एक व्यक्ति शामिल है। यह प्रक्रिया ऐसे समय में की जा रही है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की यात्रा के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर आव्रजन सहित कई अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

मोदी ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान सत्यापित भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी में सहयोग की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की लेकिन साथ ही प्रवासियों का शोषण करने वाले मानव तस्करी नेटवर्क से निपटने की आवश्यकता पर भी बल दिया। ट्रंप प्रशासन ने भारतीयों को हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर एक सैन्य विमान से उनके देश वापस भेजा था, जिससे भारत में आक्रोश फैल गया था।

संक्षिप्त खबरें

शिक्षा जीवन का मूल आधार, इसके बैगर समाज का विकास संभव नही : अमित महतो

सिल्ली(बिभा): विधायक अमित महतो के गरिमामयी उपस्थिति में गांव की सबसे बुजुर्ग महिला मो0 ठुरकी देवी ने जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट फंड अंतर्गत हलमाद +2 विद्यालय भवन निर्माण कार्य का आधारशिला रखी। इस अवसर पर विधायक अमित महतो ने कहा शिक्षा जीवन का मूल आधार है शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है. शिक्षा से ही समाज के सभी क्षेत्रों में प्रगति संभव है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी झामुमो मानिक रजवार मुखिया माया देवी सावन सिंह मुण्डा ग्राम प्रधान चन्दभूषण सिंह मुण्डा चितरंजन महतो नारायण साव जीतू महतो उमेश बेदिया तिरलोचन परमाणिक दिलेशर करमाली लोधा बेदिया सचिदानन्द मांझी मुकेश बेदिया नरेश कालिंदी गणेश बेदिया लक्ष्मण बेदिया लक्ष्मीनारायण मुंडा, संतोष मंडल समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

पुआल की गांज में आग लगने से मवेशियों का पूरा चारा जलकर हुआ राख

खूँटी(बिभा) । कर्रा के बडाईक टोली में शुक्रवार को पुआल के गांज में आग लगने से भूपाल बडाईक का सारा पुआल जलकर राख हो गया। जब घर के बगल में रखा पुआल में दहकते हुए आग को देखा गया तो आपा धापी में लोग बुझाने का प्रयास किये। लेकिन देखते देखते आग की लपट दावानल का रुप ले चुका था। वहीं धीमी गति हवा के चलने से आग को बढ़ने में सहायक बना। घटना लगभग चार बजे की बतायी जा रही है। जिसमें अचानक पुआल में आग देखकर लोगों ने हल्ला किया। भुक्तभोगी भूपाल बडाईक संग परिवार बाहर निकलकर देखा तो पुआल? का गांज में आग लगा हुआ है। किसी ने कुछ पुआल को हटाने लगे तो किसी ने पानी मोटर चालूकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। अथक प्रयास करने के बाद लगभग कुछ पुआल को बचाया गया। 75 प्रतिशत पुआल जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी किसान भुपाल बड़ाइक ने कहा कि कोई शरारती तत्वों द्वारा पुआल में आग लगाया गया होगा। यह पुआल मवेशियों के सालों भर खाने के लिए रखे थे। अब परेशानी इस बात की है कि मवेशियों को सालभर क्या खिलाएंगे।

हर्षोल्लास के साथ दुर्गा मंदिर मुरहू में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

खूँटी(बिभा) । सार्वजनिक दुर्गा मंदिर मुरहू का तृतीय निर्माण दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल से ही ग्रामीण महिलाएं -पुरुषों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया, साथ ही दिन भर भजन कीर्तन चलता रहा।मौके पर स्थानीय पुरोहित के साथ-साथ एकल अभियान के भजन मंडली के प्रदीप महतो, परिक्षित मुंडा, मंगल स्वांसी, नेहरू जी और सविता देवी ने मधुर भजनों को गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाये रखा। पर्याप्त मात्रा में प्रसाद की भी व्यवस्था थी। मौके पर खूंटी सहित आसपास के लोग भी शामिल रहे। कार्यक्रम में दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार, विष्णु गुप्ता मिथिलेश ठाकुर, संजीत कुमार, राम हरि साव, सुदर्शन भोक्ता, डॉ डीएन तिवारी, निखिल कलंडुलना, आनंद कुमार, अर्जुन साव, बसंत ठाकुर, धीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

पालतू ने सांप देख सभी को खतरे से कराया अवगत

खूँटी(बिभा) । खतरे का आभास कुत्ते अपनी चातुर्यता ओर घ्राणशक्ति से लगा लेते हैं। जब घर के लोगों पर ऐसा खतरा सामने आ जाता है तो वो भौककर सावधान भी कर देते हैं। यही प्रक्रिया सुरेश जायसवाल के पालतू ने शुक्रवार रात को एक विशैले रसैल वाइपर को देखते ही कर दिखाया । बेलाहाथी रोड पिपराटोली में सुरेश जायसवाल के घर के आंगन में एक विशैले रसैल वाइपर साँप देखा गया। जिसे कुत्ते के द्वारा देखे जाने के बाद भौंकने लगा तभी लोग बाहर आये तो देखा कि सांप दरवाजे से कुछ दूरी पर सड़क में रेंग रहा था। फिर लोगों ने उसे न मारकर बोरी में बंद कर दिया फिर दूर ले जाकर छोड़ दिया। वहीं लोगों ने कुत्ते की सराहना करते नहीं थके।

श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा भर्ती कैंप का आयोजन

खूँटी(बिभा) । जिले के शॉरुम , एलआईसी कार्यालय और अन्य जिलों के विभिन्न संस्थानों में काम दिलाने के लिए श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने शनिवार को भर्ती केंप का आयोजन किया। श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी के द्वारा 14 फरवरी को परियोजना परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें स्टेन माइक्रो फाइनेंस रांची, देव आटो (हीरो) मोबाइल खूंटी, एलआईसी खूंटी, राज होंडा खूंटी, क्वांटम नाइट यूनिट 01(केपीआर) कोयंबटूर, डब्ल्यूबीएसएफ चैरिटी स्ट्रीट फांडेशन चतरा, भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस ने भाग लिया। नियोजकों द्वारा 833 रिक्तियाँ प्राप्त हुई थी। भर्ती कैम्प में लगभग (200) दो सौ अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इनमें से 167 अभ्यर्थियों ने कैंप में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। उक्त भर्ती कैम्प में एक सौ ईकतीस (131) अभ्यर्थियों को शॉट लिस्टेड एवं बीस(20) अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार वर्मा (वाईपी), मुकेश नायक(यूएनडीपी), नियोजक प्रतिनिधि एवं जिला नियोजनालय, खूँटी के कर्मी उपस्थित रहे।

कर्रा थानांतर्गत अफीम खेती कर रहे दो लोगों को खेत से किया गया गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

खूँटी । कर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अफीम खेती करनेवाले दो लोगों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तोरपा डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को शुक्रवार को अफीम खेती किये जाने की जानकारी मिली थी। जिसमें कर्रा थाना अंतर्गत ग्राम-जबड़ा, सुनगी आम झरिया, सुनगी कुंम्बाटोली के जंगल एवं झाड़ियों से घिरा हुआ भूमि में छुप-छुपाकर भरी मात्र में अफीम की खेती की जा रही है। वहीं निर्देश पाकर मेरे नेतृत्व में छापामारी किया गया। जिसमें सुनगी आम झरिया के टोंगरी के पास से आमझरिया निवासी अशोक भेंगरा को तथा सुनगी कुम्बाटोली के पहाड़ के नीचे जंगल से सुनगी कुम्बाटोली निवासी ऋतिक होरो को खेत में काम करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस छापामारी दल में डीएसपी खिस्तोफर केरकेट्टा, कर्रा थाना प्रभारी पु.अ.नि. मनीष कुमार, पु.अ.नि. भारत भूषण पटेल, स.अ.नि. मनोज कच्छप, स.अ.नि. मनोज ठाकुर, स.अ.नि. कमल बाड़ा, आ०320 प्रवीन कुमार एवं हव० सुशील उराँव और एस०आई०आर०बी० का सशस्त्र बल शामिल थे।

अफीम के खेत से एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खूँटी । अवैध अफीम खेती के विरुद्ध शुक्रवार को मांरगहादा थाना अन्तर्गत विनष्टीकरण अभियान चलाने के क्रम में हाबुईडीह में अफीम के खेत में काम कर रहे एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान हाबुईडीह गाँव निवासी जगदेव कुमार नाग के रुप में किया गया। वहीं जगदेव को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस छापामारी दल में थाना प्रभारी पु० अ०नि० शंकर कु० विश्वकर्मा, पु०अ०नि० मनोज कु० यादव, स०अ०नि० जेम्स नितिन टोप्पो, स०अ०नि० बिमल तिग्गा और मारंगहादा थाना का रिजर्व गार्ड जैप 06 सैट-134 बल शामिल थे।

बेड़ो पुलिस ने 60 डिसमिल में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट



बेड़ो(बिभा)। बेड़ो के थाना प्रभारी ने वन आच्छादित क्षेत्रों में अफीम खेती के खिलाफ अभियान चलाते हुए बेड़ो में जंगल बहुल गांव हुलसी व इटकी थाना क्षेत्र के डोला गांव के बीच दो जगहों पर अवैध तरीके से लगाई गई अफिंम की खेती को नष्ट कर दिया। इस दौरान करीब 20 और 40 कुल 60 डिसमिल में लगी अफिंग की फसल को डंडा व ट्रैक्टर के रोटावेटर से जुताई कर नष्ट कर दिया। जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना मिलने पर थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने जांच की। सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस बल के सहयोग से छापामारी कर अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। इस अभियान में थाना प्रभारी के साथ सशस्त्र बल के जवान आदि शामिल थे।

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के छात्राओं की सीबीएसई 10वीं परीक्षा हुई प्रारंभ

खूँटी(बिभा) । मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के अंतर्गत संचालित सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (उइरए) की 10वीं कक्षा की परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई। इस परीक्षा में विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। पहली बार विद्यार्थी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तहत परीक्षा दे रहे है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका प्लस टू एवं मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्रा की छात्राओं के लिए परीक्षा केंद्र जवाहर नवोदय विद्यालय, श्यामली, रांची में निर्धारित किया गया है, जबकि जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों की परीक्षा ब्रिज फोर्ट स्कूल, तुपुदाना, रांची में आयोजित हो रही है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के तहत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि यह परीक्षा उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

खूंटी जेल में बंद युवक का मौत, परिजनों ने हंगामा कर किया दोषियों पर कार्रवाई की मांग

बिभा संवाददाता

खूँटी । उपकारा खूँटी में लगभग 10 माह से बंद बेड़ो थाना क्षेत्र के चचकोपी गाँव निवासी हमजामेद चौधरी नाम के युवक का वृहस्पतिवार को खूँटी जेल में मौत हो गया। वहीं मौत के बाद शुक्रवार को उसके शव को सदर अस्पताल लाया गया लेकिन परिजनों से मिलने नहीं दिये जाने से परिजन काफी हंगामा किये। वो जानना चाह रहे थे कि अचानक क्या हो गया कि जेल में बंद युवक का अचानक मौत हो गया। यह किसी के भी समझ में नहीं आ रहा था। वहीं मृतक के बड़े भाई तमर चौधरी ने बताया कि इस घटना की जानकारी या सूचना किसी को नहीं दी गयी थी। गनिमत था कि मृतक हमजामेद चौधरी से मिलने जेल गया हुआ था। वहीं फिर किसी तरह जानकारी हुआ कि उसका भाई को अस्पताल लाया गया है। जिसका वृहस्पतिवार को ही जेल में देहांत हो गया था । तो फिर घर के परिजनों को क्यों सूचना नहीं दिया। उसने आरोप लगाया है कि जरिया गढ़ के थाना में झूठा केस में उसके भाई को फँसाया गया था। और ऐसा धारा डाला गया कि उसका बेल तक नहीं हुआ। और फिर उसका देहांत हो गया। परिजनों ने दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

इधर, अस्पताल में मामला बढ़ गया तो पुलिस बल सदर अस्पताल खूँटी में भर दिये गये। फिर इसपर जांच समिति बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया और फिर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मजिस्ट्रेट अंचल पदाधिकारी एसपी आर्य ने बताया कि जाँच समिति बनाया गया है। जिसकी देखरेख में पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं जाँच रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

जनता की समस्याओं का समाधान के लिए हमेशा संघर्षरत रहा हूं : अमित महतो

बिभा संवाददाता

सिल्ली: जनता की समस्याओं का समाधान के लिए मैं हमेशा संघर्षरत रहा हूं मैं हमेशा कामों में विश्वास रखता हूं अभी क्षेत्र में अनेकों विकास का काम करना है कोई भी योजना हो ग्रामीण एकजुट योजनाओं का लाभ लें और बेहतर कार्य हो इसके लिए संवेदक को सहयोग करें उक्त बातें विधायक अमित महतो ने शनिवार को शिलान्यास में उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा। विधायक अमित महतो के गरिमामयी उपस्थिति में गांव की सबसे बुजुर्ग महिला श्रीमति गुरुवारी देवी ने मुख्यमंत्री ग्रामसेतु योजना अंतर्गत राहे प्रखंड के पूरनडीह से कोचेटोला के बीच कोकरो नदी पर पुल का निर्माण कार्य का आधारशिला रखी। मौके पर राहे जिप सदस्य बादल महतो झामुमो नेता रोहिताश चौधरी नीरज महतो मनोरंजन महतो पशुपति अहीर अमीष महतो दिले नायक दुर्गा उरांव अर्जुन मिर्धा लखन मुंडा अश्वनी मेहता समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पाँच किमी तक अफीम फसल को अब आसानी से खोज सकेगी ड्रोन कैमरा

गुड़गाँव के प्रशिक्षक दलों ने विभिन्न थाना के पदाधिकारियों को ड्रोन उड़ानें का दिया प्रशिक्षण

बिभा संवाददाता

खूँटी । जिले में हो रही बेशुमार अफीम की खेती पर अब ड्रोन कैमरे से अफीम फसल पर नजर रखी जाएगी। जिसके लिए एसपी अमन कुमार की अगुवाई में गुड़गांव से पहुँचे पाँच लोगों के दल ने शनिवार को पुलिस लाइन ग्राउंड में गुड़गाँव से आये तकनिकी विशेषज्ञों के द्वारा चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं खूँटी के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पाँच ड्रोन कैमरा मुहैया कराया गया है। वहीं जिले के सभी थाने से आरक्षियों एवं पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया ताकि खूँटी जिला के सुदूर इलाकों में अफीम की फसल पर नजर रख सकें और विनष्टीकरण किया जा सके। एसपी अमन कुमार ने बताया कि ये सभी ड्रोन लंबी दूरी के ड्रोन हैं जो अपनी लोकेशन से 5 किमी दूर तक आसानी से यात्रा कर एरिया की मैपिंग कर सकते हैं। खूँटी, अड़की, सयको, मारंगहादा और मुरहू थाना में ये ड्रोन तैनात किये जायेंगे। इसके माध्यम से अफीम विनष्टीकरण अभियान को और सफल बनाया जाएगा। जो भी व्यक्ति अभी तक अफीम की खेती को नष्ट नहीं किए है उसकी खेती को ड्रोन की माध्यम से पता लगाकर नष्ट कर दिया जाएगा और संबंधित लोगों पर एन0डी0पी0एस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सनराइज पब्लिक स्कूल टांगर में मना मीट वेल सुन कार्यक्रम

चान्हो(बिभा)। सनराइज पब्लिक स्कूल टांगर में शनिवार को मीट वेल सुन कार्यक्रम मनाया गया। इसमें का कक्षा दशम के विद्यार्थियों को फाइल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बोलते हुए विद्यालय के प्राचार्य मुंसफ अंसारी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि मेरी दुआ है कि सभी विद्यार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत हो। विद्यार्थियों ने भी आश्वस्त किया कि परीक्षा में बेहतर करने की भरपूर कोशिश करेंगे। मौके पर गणेश साहू, सुजीत प्रजापति , शहाना परवीन, अंसलेम एक्का, पलक दुबे, कुमकुम देवी,गीता एक्का समेत विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री आवास को लेकर प्रखण्ड प्रमुख ने किया बैठक

बिभा संवाददाता

मांडर : प्रखंड सभागार मेंशनिवार को प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर विशेष चर्चा किया गया। इस योजना के तहत गरीब विधवा असहाय का नाम सर्वे में चढ़ाना। सर्वे में कार्यरत पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को कहा गया है कि एक भी योग व्यक्ति न छूटे। उप प्रमुख अमानत अंसारी ने कहा की पंचायत में पंचायत समिति सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर इस कार्य में सहयोग ले। इस बैठक में प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर सुभाष कुमार, पंचायत समिति सदस्य सरजू उरांव, कुलदीप कुजूर, लालू तिर्की, सफीक अंसारी, रिंकू उरांव, सावित्री उराईन, सुगिता उराईन, अथरअंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

थास्कैंड स्टार रिसोलिंग टायर दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

चान्हो(बिभा)। प्रखण्ड के बीजूपाड़ा स्थित थास्कैंड स्टार रिसोलिंग टायर दुकान मैं बीती रात आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। बैंक आफ इंडिया के बगल में स्थित थास्कैंड स्टार रिसोलिंग टायर दुकान में आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। दुकान के प्रोपराइटर मोहम्मद इकबाल ने बताया कि दुकान में लाखों रुपए का मशीन और काफी संख्या में टायर था। जो पूरी तरह जलकर राख हो गई है। संचालक ने थाने में एफ आई आर दर्ज कराई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

ब्राइट फ़्यूचर स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

चान्हों(बिभा)। प्रखण्ड के बिजुपाड़ा स्थित ब्राइट फ़्यूचर स्कूल का 9वाँ वार्षिकोत्सव शनिवार को धुम -धाम से मनाया गया। इसमें बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चो ने नृत्य, नाटक, स्पीच व कला का प्रदर्शन किया। मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि जिपस आशुतोष तिवारी ने कहा कि स्कूली जीवन में अनुशासन का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बच्चों से गुरुजनों की आज्ञा का पालन करने साथ ही कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल चलाना काफी संघर्षपूर्ण होता है। ऐसे में ब्राइट फ्यूचर स्कूल लगातार अच्छा कार्य कर रही है। स्कूल के डायरेक्टर दीपक कुमार की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलग जगाने का काम कर रहे हैं। इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र है। मौके पर सचिव शिव उराँव, डायरेक्टर जितेंद्र साहू व दीपक साहू सहित गणमान्यों के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे।

अल्मा मेटर संस्था के द्वारा पंचम वेद के विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

बिभा संवाददाता

खूँटी । शहर के नेताजी चौक के निकट गोपद कांप्लेक्स में अल्मा मेटर संस्था के कला दल के द्वारा पंचम वेद के विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्था के गुरु हरिलाल महतो ने संदेश देते हुए कहा कि पंचम वेद से प्रेरित नाटक के माध्यम से लोगों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक समस्याओं, धार्मिक शिक्षाओं और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूक किया गया।

उदाहरण के तौर पर, नुक्कड़ नाटकों में धर्म और अधर्म के बीच के संघर्ष, सत्य और न्याय की महत्ता, और समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया ' यह नाटक सामाजिक बुराइयों जैसे भ्रष्टाचार, जातिवाद, लिंगभेद और अशिक्षा के खिलाफ आवाज उठाने के बारे बताया गया।

अल्मा मेटर के सचिव, भूपेंद्र कंसारी ने बताया कि पंचम वेद से प्रेरित नाटक समाज को न केवल मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक भी करते हैं। यह कला का एक शक्तिशाली माध्यम है, जो लोगों के दिलों और दिमागों को छूता है और सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि भारत रंग महोत्सव 28 जनवरी 2025 से 16 फरवरी, 2025 तक भारत, नेपाल और श्रीलंका मे मनाई जा रही है। अल्मा मेटर के कला दल द्वारा भारत रंग महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेंद्र महतो, हरिलाल महतो, चरकु प्रधान, बसंती देवी, रितिका देवी, लक्ष्मी डहंगा , परेस डहंगा,अनीता देवी, राज कुमार, साईना नाज, भूपेंद्र कंसारी आदि ने सहयोग किया।

खूँटी जिले में कैच-अप कार्यक्रम से प्राथमिक शिक्षा में सुधार

प्राथमिक विद्यालय में पढ़ पाने वालों की प्रतिशत विद्यार्थी 44.7% से बढ़कर 68.3% पहुँची

बिभा संवाददाता

खूँटी । जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से कैच-अप कार्यक्रम शुरू किया, जिसे बेसिक नाम दिया गया। इस पहल का उद्देश्य कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल को मजबूत करना है।

खूँटी जिले में कक्षा 6-8 के केवल 44.7% बच्चे ही कक्षा 2 स्तर की पाठ्य सामग्री पढ़ सकते थे। इस चुनौती को देखते हुए, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से शुरू किए गए कैच-अप कार्यक्रम से छात्रों की शिक्षा में सुधार किया। इस कार्यक्रम का पहला पायलट प्रोजेक्ट कर्रा प्रखंड में सफलता पूर्वक किया गया, जिसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसे पूरे जिले में लागू किया गया। सरकार और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से यह कार्यक्रम अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ। एसर 2024 के अनुसार, अब 68.3% बच्चे कक्षा 2 स्तर की पाठ्य सामग्री पढ़ सकते हैं, जो 2022 की तुलना में लगभग 24% की वृद्धि दशार्ता है।

बेसिक कार्यक्रम की मुख्य विशेषता - नियत शिक्षण समय , क्षमता निर्माण , लक्षित शिक्षण समूह , प्रभावी शिक्षण-सामग्री, नियमित आकलन, सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित की गयी। कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रथम दल द्वारा सतत मार्गदर्शन और निगरानी सुनिश्चित की गई।

संक्षिप्त खबरें

ट्रांसजेंडर अधिकारों पर सेमिनार आयोजित

रांची(बिभा) : ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर एक सेमिनार आयोजित हुआ। इसमें एनएलएसए बनाम यूओआई केस व झारखंड ट्रांसजेंडर कलेक्टिव बनाम राज्य सरकार मामले सहित संवैधानिक अधिकारों और न्यायिक निर्णयों पर चर्चा हुई। राज्य सरकार ने जुलाई 2024 में ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड का गठन किया, लेकिन इसका प्रभावी कार्यान्वयन अब तक नहीं हुआ है। समाज और सरकार को मिलकर ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। सरकार को बोर्ड को सक्रिय कर योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए। ट्रांसजेंडर अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं पर एक सेमिनार आयोजित हुआ। इसमें एनएलएसए बनाम यूओआई व झारखंड ट्रांसजेंडर कलेक्टिव बनाम राज्य सरकार मामलों पर चर्चा की गई। जुलाई 2024 में गठित ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड अभी तक प्रभावी रूप से कार्यान्वित नहीं हुआ है। सेमिनार में सरकार से नीतियों के जमीनी क्रियान्वयन की मांग की गई, ताकि ट्रांसजेंडर समुदाय को वास्तविक लाभ मिल सके।

नगर निगम ने मेन रोड स्थित विभिन्न भवनों का किया जांच

रांची(बिभा) : रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम के द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत लगातार होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में शनिवार को सहायक प्रशासक के नेतृत्व में राजस्व शाखा की गठित टीम के द्वारा मेन रोड स्थित विभिन्न भवनों की जांच की गई। जिसमें सर्वप्रथम सेंट्रो मॉल की जांच की गई एवं भवन परिसर के क्षेत्र की मापी की गई। मापी के क्रम में क्षेत्रफल में अंतर पाया गया। पूर्व में मॉल द्वारा 1,02,732 sq. ft. क्षेत्र का निर्धारण किया गया था, परन्तु मापी के उपरांत 1,98,427 sq. ft. क्षेत्रफल पाया गया। इसके साथ ही मॉल की ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट की जांच की जिसपर पाया गया कि जून माह से मॉल की ऑक्यूपेंसी निर्धारित है। जिसपर सहायक प्रशासक द्वारा जून माह से ऑक्यूपेंसी तिथि मानते हुए री-असेसमेंट करते हुए सात दिनों के भीतर कर का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा राज अस्पताल को तीन दिनों के भीतर री असेसमेंट करने का निर्देश दिया गया। टीम के द्वारा चर्च कॉम्प्लेक्स परिसर की मापी की गई एवं भवन के ग्राउंड फ्लोर के मेज नाइन में कुछ नए दुकानें पाई गई, जिसपर सहायक प्रशासक द्वारा उक्त प्रतिष्ठानों को तीन दिनों के भीतर री-असेसमेंट करने एवं टॉप फ्लोर में अधिष्ठापित होर्डिंग्स व मोबाइल टावर के कार्पेट एरिया को गणना में सम्मिलित करते हुए कर का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जांच टीम में नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता, एजेंसी के कर संग्रहकर्ता एवं राजस्व शाखा की अन्य कर्मी उपस्थित थे।

डीएसपीएमयू में डॉ यशोधरा राठौर के निधन पर शोक सभा का आयोजन

रांची(बिभा) : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में हिंदी विषय की सहायक प्राध्यापिका डॉ यशोधरा राठौर के निधन पर विश्वविद्यालय परिसर में एक शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा की अध्यक्षता कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने की। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के अलावा अन्य शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों ने दिवंगत डॉ यशोधरा राठौर से जुड़े अपने संस्मरणों को उपस्थित लोगों के साथ साझा किया। इसके पूर्व सभी शिक्षकों और कर्मियों ने दिवंगत डॉ यशोधरा राठौर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। डॉ यशोधरा राठौर 2008 बैच की प्राध्यापिका थी। वह गत 6 वर्षों से कैंसर जैसी असाध्य बीमारी से ग्रसित थी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मियों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

ट्रेड फेयर में संगीत सरिता और भगवा नारी सेना के गायक कलाकारों ने बांधा समा

रांची(बिभा): मोराबादी मैदान में लगे ट्रेड फेयर में संगीत सरिता और भगवा नारी सेना के गायक कलाकारों में अपनी सुरीली संगीत की शानदार प्रस्तुति की। इसके पूर्व पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं वीणाश्री एवं उपेंद्र चौधरी ने देशभक्ति गीत का गाकर पुलवामा में शहीद हुए वीरों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय,स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी,नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू,कांग्रेस के केशव महतो कमलेश,सीडब्लूसी के तनुश्री सरकार,फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के परेश गटानी,अरूण भारतीय,अमित शर्मा,आदित्य मल्होत्रा,सौरभ अग्रवाल,रौनक केजरीवाल,आनंद जालान, विनय अग्रवाल,विजन आरोग्यम के निदेशक राजीव रंजन मिश्रा, छात्र ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संरक्षक गिरजा शंकर पेड़ीवाल आदि उपस्थित थे। सभी अतिथियों को चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, संगीत सरिता के संस्थापिका वीणाश्री एवं भगवा नारी सेना के अध्यक्ष पिया बर्मन ने अंगवस्त्र भेंटकर अभिनंदन किया। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स,तनुश्री सरकार एवं अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी संगीत प्रेमियों को शुभकामनाएं दी। पिया बर्मन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा हुई।

मेगा ट्रेड फेयर का समापन 17 को, दिए जा रहे कई ऑफर

बिभा संवाददाता

रांची: मोरहाबादी मैदान में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन के मात्र अब दो दिन ही बचे है। सोमवार 17 फरवरी को ट्रेड फेयर का समापन हो जायेगा। अंतिम चरण को देखते हुए ट्रेड फेयर में अधिकतर स्टॉलधारकों की ओर से आकर्षक ऑफर्स दिये जा रहे हैं। इन ऑफर्स का लाभ रांचीवासी उठा सकते हैं। ट्रेड फेयर में आठ देशों और 15 राज्यों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी है। झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स का संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस फेयर में शनिवार को खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। दोपहर तीन बजे से लोगों का आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात्रि तक लगा रहा। सभी हैंगरों में लोगों की भीड़ दिख रही है। फेयर में घर के सजावटी सामान से लेकर देशभर के विभिन्न राज्यों के कलाकारों द्वारा तैयार किए गए कई आर्टवर्क व प्रोडक्ट को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही लोग इनकी जमकर शॉपिंग भी कर रहे हैं। साथ ही ट्रेड फेयर में हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट के सामान भी छा रहे हैं। आर्टिफिशियल सामान की स्टॉलों पर भी लोगों की भीड़ नजर आ रही है। मेगा ट्रेड फेयर में बच्चों के लिए खिलौने, फिरोजाबाद की चूड़ियां, ज्वैलरी, फर्नीचर, हैंडीक्राफ्ट के सामान, क्रॉकरी, लेडिस पर्स, आयुर्वेद की दवा, जयपुर का विशेष चूर्ण जैसे सामान उपलब्ध है। ट्रेड फेयर में आधार का स्टॉल लगाया गया है। यहां पर आधार में नाम सुधरवाने समेत कई कार्य किये जा रहे है।

शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिच जितेंद्र कुमार, एमएसएमई कार्यालय झारखड के ज्वाइंट डायरेक्टर इंद्रजीत यादव, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक राघवेंद्रा रत्ना मौर्या ने ट्रेड फेयर का भ्रमण किया। इस अवसर पर झारखंड चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, राहुल साबू, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष धीरज तनेजा, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा, संजय अखौरी, प्रमोद सारस्वत, मनोज मिश्रा, सोनी मेहता, अरूण भरतीया, सौरव अग्रवाल आदि मौजूद थे।

रविवार को झारखंड सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, ग्रामीण विकास विभाग मंत्री दीपका पांडे सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी फेयर में शिरकत करेंगी। वहीं, रविवार को महिला दिवस मनाया जायेगा। इसलिए शाम चार से छह बजे महिलाओं की एंट्री फ्री रहेगी।

प्रोजेक्ट चेयरमेन अमित शर्मा और शैलेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रेड फेयर के समापन का अब अंतिम चरण है। फेयर रोजाना आम लोगों के लिए सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुली रहेगी। इंट्री फी 30 रुपए रखा गया है। खरीदारी पर ग्राहकों के लिए आकर्षक उपहार भी दिया जा रहा है। रविवार और सोमवार को ट्रेड फेयर में भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

शनिवार 15 फरवरी को झारखंड चैंबर की ओर से ₹साइबर शील्डः सशक्त, शिक्षित और सुरक्षित₹ नामक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गया। इस कार्यक्रम में झारखण्ड पुलिस से साइबर थाना के सीटीओ कुमार विभूति, सब इंस्पेक्टर तनुश्री भट्ट एवं तकनीशियन दलबीर सिंह संधु साइबर सुरक्षा की तकनीक पर गुर बताये। इसके अलावा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित डॉ संतोष कुमार एवं साइबर एक्सपर्ट देवनन्दन उरांव साइबर सुरक्षा पर लोगों से जागरूक रहने की अपील की। इसके अलावा साइबर सुरक्षा पर क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सही जबाब देने वाले को उपहार देकर सम्मानित किया गया। झारखंड चैंबर के आइटी सब कमिटी के चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा और अल्तमश आलम की देखरेख में कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इसके अलावा लाइव बैंड एंड भांगड़ा डांस का भी आयोजन किया गया। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

जस्टिस एमवाई इकबाल के जीवन एवं उनके धरोहर के स्मरण में बदलते संविधानिकतावाद पर परिचर्चा का आयोजन

बिभा संवाददाता

रांची : संत जेवियर्स कॉलेज के ऑडिटोरियम में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लायर्स, झारखंड के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय के पुर्व न्यायाधीश जस्टिस एम वाई एकबाल के जीवन और विरासत के उपलक्ष्य में एक सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत अफाक रशीदी तथा सुभाशीष रसिक सोरेन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया और कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।दीपा प्रज्वलन के बाद संविधान के पाठ को पढ़ा गया । उसके बाद शुरूआती भाषण फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजुर प्रिंसिपल सेंट जेवियर्स कॉलेज ने दी । स्वागत भाषण रिटायर्ड जस्टिस हाई कोर्ट रत्नाकर भेंगरा ने दिया ।कार्यक्रम का परिचय ए के रसीदी ,महासचिव इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर्स ने दी। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के जज संदीप मेहता ने कार्यक्रम को विस्तार से बताया। जस्टिस इकबाल ने विधिशास्त्र के क्षेत्र में एक लंबी लकीर खींची है। फेयर ट्रायल की पक्षता में उनका अविस्मरणीय योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि आज उनके गृह जिले रांची में आकर सुखद अनुभव हो रहा है। हम अच्छे मित्र, अच्छे साझेदार और विधिवत प्रोफेशनल्स रहे हैं।

उनके कार्यों की लंबी सूची है। बतौर एक बेहतर इंसान वो व्यग्तिगत स्वायत्ता और कानून के बीच हमेशा संतुलन रखते थे। यही समझ ने उनको इतना बड़ा बनाया। संविधान के स्वरूप के तहत व्यक्ति और सत्ता के बीच के अंतर को उन्होंने विधिवत अंगीकार कराया जाए। जस्टिस एम वाई इकबाल हमेशा न्याय के पथ पर रहे। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एम एस रामचन्द्र राव, झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस रॉन्गन मुखोपाध्याय, जस्टिस आनंदा सेन, जस्टिस अनिल कुमार चौधरी, जस्टिस नवनीत कुमार,जस्टिस संजय प्रसाद झारखंड हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, राजेंद्र कृष्णा अध्यक्ष , झारखंड बार काउंसिल, वाई एस लोहित, महासचिव इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स, ए के रशीदी, जनरल सेक्रेटरी इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स,झारखंड, अधिवक्ता अजहर अहमद खान, फादर पीटर मार्टिन, अफाक रशीदी, हैदर अली, सुभाशीष रसिक सोरेन, रजउल्लाह अंसारी, वाइजर रहमान, मो. आजम, अमानत खान, आयशा सिद्दीकी, दीपशिखा, पूजा, प्रीति हेंब्रम ,अमित सिन्हा ,पूजा ,अमन खान, कमर इमाम, आशीष कुमार, मृणाली, हैदर अली, जैद एहमद, शहाबुद्दीन, सचिन, कमर इमाम, अफसर रजा, आसिफ खान, शमीम सलीम, आसिफ इकबाल, रंजन ठाकुर, शंभू प्रसाद, दिलीप महतो, अयाज हैदर, आलिया बेगम, शाहिस्ता बेगम, जब्बार , अरशद खान, गुलरेज अंसारी, बीरेंद्र शर्मा, राजकुमार सिंह, अशोक कुमार , उदय सिन्हा, राजकुमार, समेत झारखंड के अलग अलग जिलें एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता तथा न्यायिक अधिकारी और कानून से जुड़े काफी व्यक्ति शामिल हुए।

हाई पीएंडटी स्टेशन का स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

बिभा संवाददाता

रांची/नामकुम : रिंग रोड से हटिया मार्ग के टोनको में हाई पी एंड टी पेट्रोल पम्प स्टेशन नितिन तिर्की एवं पूजा अमृता उरांव द्वारा संचालित भारत पेट्रोलियम पम्प का उद्घाटन स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डां. इरफान अंसारी, खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप एवं कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। पम्प खुलने से पहले पेट्रोल पंप के संचालक के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक सरना गमछा एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि इस पेट्रोल पंप के खुलने से आस पास के ग्रामीणों एवं राहगीर को अब पेट्रोल- डीजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। आसानी से लोग इस नए पेट्रोल पंप से पेट्रोल- डीजल ले सकेंगे। उद्घाटन के मौके पर क्वींस ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म एंजेल मेरिना तिर्की, रढ स्पेशल ब्रांच मनीष टोप्पो, अऊ रजनी इंदवार, शशि पन्ना, नवा विहान फाउंडर आर. अजय, एक्सक्यूटिव इंजीनियर संदीप तिर्की, डॉ. अलंकार उराँव, जिला परिषद सदस्य रिता होरो, मुखिया जिता कच्छप, कल्याण लिण्डा, माधो कच्छप, लाल मोहितनाथ शाहदेव, अजीत एक्का, शंकर गोप, आयुब अंसारी, अजीत सिंह, अरुण गोप, किशोर कांशी, आकाश तिर्की, विनोद कच्छप एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

सीसीएल में आयोजित एनआईपीएम - ईस्टर्न रीजन कांफ्रेंस का सफल समापन

बिभा संवाददाता

राँची : सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में आज दो दिवसीय एनआईपीएम - ईस्टर्न रीजन कॉन्फ्रेंस का सफल समापन हुआ। कॉन्फ्रेंस का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंटःईस्टर्न रिजन द्वारा किया गया था। इसका मुख्य विषय 'फ्यूचर ऑफ वर्क : रीडिफाइनिंग एचआर फॉर समृद्ध भारत' था। सम्मेलन का उद्देश्य मानव संसाधन क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करना था ताकि भारत के सतत आर्थिक विकास में एचआर की भूमिका को और प्रभावी बनाया जा सके।

इस सम्मलेन का उद्घाटन झारखण्ड विधान सभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने बहुत सारे गणमान्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया और अपने अनुभवों को साझा करते हुए कॉन्फ्रेंस के सफलता की कामना किया था ।

सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, सीआईएल के निदेशक विनय रंजन, सीसीएल के निदेशक पवन कुमार मिश्रा, निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक हरीश दुहान एवं अन्य ने भी सम्मलेन में उपस्थित सभी लोगों को सम्बोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये।

सम्मलेन में बड़ी संख्या में एचआर प्रोफेशनल्स, बिजनेस लीडर्स, फंक्शनल हेड्स, शैक्षणिक, अनुसंधान तथा मैनेजमेंट पढाई करने वाले छात्र, मानव संसाधन प्रक्रिया में सेवा प्रदाता, प्रतिभा अधिग्रहण स्वचालन और प्रशिक्षण सेवाएँ प्रदान करने वाले लोग शामिल हुए।

सम्मलेन के दौरान कॉर्पोरेट जगत, बिजनेस स्कूलों और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा महत्त्वपूर्ण एवं लाभदायक ज्ञान साझा किया गया। इसके लिए अलग-अलग विषयों में विभिन्न टेक्निकल सेशंस आयोजित किये गए थे जिनमें कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन के संदर्भ में समग्र कल्याण ढाँचा तैयार करना, भविष्य की आवश्यकताओं के लिए कौशल और प्रतिभा का निर्माण करना, लोग और प्लानेट को एक साथ आगे बढ़ाने के लिए रणनीतियों को संरेखित करना, लोगों पर केंद्रित समाधानों और कानूनी ढाँचे के लिए एनालिटिक्स, एआई और स्वचालन का उपयोग करना इत्यादि प्रमुख थे।

सम्मलेन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए थे। सीसीएल में आयोजित यह सम्मलेन बहुत सफल और कारगर रहा।

आंदोलनकारी के रूप में रही टेकलाल की पहचान : कमलेश

बिभा संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शनिवार को कांग्रेस भवन में गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक, रहे आंदोलनकारी टेकलाल महतो की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

प्रदेश अध्यक्ष कहा कि कि टेकलाल महतो के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी पहचान पूरे उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में आंदोलनकारी नेता के रूप में थी।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महाजनी प्रथा व धान पेडी की लेवी के खिलाफ चलाये गये आंदोलन के अलावा झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनकी सक्रियता रही। बिनोद बिहारी महतो के साथ मिलकर शिवाजी समाज का गठन कर बाल विवाह के अलावा अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया था। वर्ष 1997 में एकीकृत बिहार विधानसभा में टेकलाल महतो ने ही सर्वप्रथम झारखंड अलग राज्य विधेयक पारित कराया था। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में उन्हें नौकरी मिली थी, लेकिन जनसेवा के जुनून के कारण नौकरी छोड़ कर राजनीति में सक्रिय हो गये।

उन्होंने कहा कि 70 के दशक में हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत स्थित लकमा में महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय ग्रामीण साधु, सैयनाथ और शनिचर महतो की मौत सीआरपीएफ की गोली से हो गयी थी। इस आंदोलन का नेतृत्व टेकलाल महतो कर रहे थे। उन्होंने धान पेडी की लेवी को काला कानून बताया था। इसके तहत किसानों को 10 रुपये क्विटंल की दर से धान सरकार को बेचना था।

झारखंड और छोटानागपुर क्षेत्र के किसान इसके खिलाफ गोलबंद हुए। आंदोलन की अगुवाई कर रहे टेकलाल महतो का कहना था कि सिंचाई की सुविधा नहीं है तो लेवी भी नहीं देंगे। इस आंदोलन ने संयुक्त बिहार सरकार को हिला दिया और उसे झुकना पड़ा था। किसानों ने तब नारा लगाया था। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों राकेश सिन्हा, रविन्द्र सिंह, अभिलाष साहु, रजन वर्मा, विनय सिन्हा दीपू, केके गिरि, डॉ एम तौसीफ अमुल्य नीरज खलखो, कमल ठाकु, खुर्शीद हसन रूमी, विनय कुमार चौबे, केदार पासवान समेत अन्य शामिल थे।

मेडिका अस्पताल ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ वैलेंटाइन ईव मनाई, समय से परे प्रेम को दिया सम्मान

बिभा संवाददाता

रांची : वैलेंटाइन ईव के अवसर पर, मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप के भाग भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल ने प्रेम के जश्न को पारंपरिक सीमाओं से परे ले जाकर एक वृद्धाश्रम में एक भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन ने न केवल वर्षों से साथ निभा रहे जोड़ों को सम्मानित किया बल्कि अकेले निवासियों के लिए भी प्रेम के विभिन्न रूपों को स्वीकार किया, यह साबित करते हुए कि प्रेम किसी आयु की सीमाओं में नहीं बंधा होता।

वे बुजुर्ग जोड़े, जिन्होंने 60 से अधिक वर्ष एक साथ बिताए थे, उनके अटूट संबंध के लिए सम्मानित किए गए, जो वहां मौजूद सभी लोगों के लिए प्रेरणा बने। वहीं, अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के लिए इस आयोजन ने दोस्ती और साथ के महत्व को उजागर किया, उन्हें साझा पलों की खूबसूरती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस विशेष शाम को रोचक खेलों से भरपूर बनाया गया, जिससे हंसी और आपसी सौहार्द का माहौल बना। कार्यक्रम को और अधिक अर्थपूर्ण बनाने के लिए, भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट, डॉ. दीपक कुमार ने हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं, जिससे वरिष्ठ नागरिक स्वस्थ जीवन जीने के लिए सशक्त हो सकें। इस अवसर पर प्रेम और शक्ति के प्रतीक स्वरूप पांच अशोक के पेड़ लगाए गए–प्रत्येक पेड़ उन जोड़ों के अटूट प्रेम और दृढ़ता का प्रतीक था जिन्हें इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। साथ ही, अस्पताल की ओर से वृद्धाश्रम को एक विस्तृत फर्स्ट एड किट भेंट की गई, ताकि वहां के निवासी आवश्यक चिकित्सा सहायता प्राप्त कर सकें।

जोन्हा गौतमधारा जलप्रताप मन मोहक दृश्य : देवेन्द्र नाथ महतो

बिभा संवाददाता

रांची : जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने 15 फरवरी को अनगड़ा प्रखण्ड के गौतमधारा जलप्रताप में आयोजित घूरती टुसू मेला एवं घूरती सतीघाट टुसू मेला में शामिल हुए। गौतमधारा जलप्रताप टुसू मेला में संबोधन करते हुए कहा कि झारखंड की खूबसूरत वादियों के बीच मौजूद है। जोन्हा को प्रकृति का असीम कृपा मिली है । यहां मौजूद हरियाली, घने जंगल, मनमोहक वादियां, खूबसूरत झरने सम्पूर्ण देश के लोगों का आकर्षण का केंद्र है। यहां आने वाले लोग मंत्र मुग्ध हो जाते हैं। घूरती सतीघाट टुसू मेला को संबोधित करते हुए कहा कि राढू नदी , कांची नदी, और स्वर्ण रेखा नदी त्रिसंगम सतीघाट प्रयागराज महाकुंभ जैसा तीर्थ स्थल है। सतीघाट पवित्र स्थल में प्रतिवर्ष हजारों लोग मकर स्नान के लिए आते हैं, यह स्थल झारखंड का धरोहर है।

मौके पर जिला मीडिया प्रभारी रेहान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अनुज सिंह, खगेन, सुकदेव, हरेश के अलावा अन्य लोग भी अपना विचार रखें।

पार्टी का सभी शाखा कमेटी को पुनर्गठन करते हुए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा : मंटू यादव

बिभा संवाददाता

बोकारो : झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों में बैठक हुई।बैठक को संबोधित करते हुए बोकारो महानगर प्रमुख मंटू यादव ने कहा कि विशेष रूप से सदस्यता अभियान को युद्धस्तर पर चलाना है इस अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को झारखंड और झारखंडवासियों के हित में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि राज्य के विकास और नागरिकों के कल्याण की दिशा में और भी ज्यादा प्रगति हो सके। मंटू यादव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का उद्देश्य है कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलते हुए प्रत्येक घर में सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है,ताकि पार्टी का विस्तार शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के प्रत्येक शाखा कमेटी और वार्ड में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की हो।मंटू यादव ने संगठन के कार्यकताओं को पार्टी की योजनाओं के प्रति जागरूक करने का भी आग्रह किया, ताकि सभी लोग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से अवगत हो सकें।बैठक में आज सेक्टर 11 शाखा कमेटी के अध्यक्ष, सेक्टर 6 कमेटी के अध्यक्ष, सेक्टर 5 सेक्टर शाखा के अध्यक्ष, 4 शाखा कमेटी का अध्यक्ष सर्वसमिति से गठन किया गया बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य बी के चौधरी, हसन इमाम अंसारी, मदन मोहन महतो, फैयाज खान, चंदू सिंह मुंडा, फिरदौस अंसारी, टीपी महतो, मिथुन मंडल,अशोक हेंब्रम, दलों यादव, रणधीर रजक, भारत यादव, यू सी कुंभकार,अजय हेंब्रम, पूरन महतो, सृष्टि देवी, वीरेंद्र कुमार, सद्गुरु प्रसाद, विभा पांडे, दिलीप ठाकुर, चंदन रजक, दीपक यादव, सुनील कपद्दार, मुरलीधर महतो, शंकर ठाकुर, सुरेंद्रनाथ साहू, निर्मल मांझी, कपिल देव शर्मा, उत्तम गोप, सूरज कुमार, चंदन कुमार, नरेश बनर्जी, नारायण टुडू, अजय मुर्मू, चंदन साहनी, सोनू पासवान, गणेश साव, सद्दाम हवारी, राहुल यादव, उमाकांत कुमार, इत्यादि उपस्थित थे।

बोकारो में स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया आयाम, मेडिकैंट अस्पताल में खुला आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र

बिभा संवाददाता

बोकारो : मेडिकैंट अस्पताल में आज एक अत्याधुनिक आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस है और आपातकालीन स्थिति में मरीजों को त्वरित और उच्च स्तरीय चिकित्सा सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर श्री इंद्रेश कुमार (राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य, आरएसएस), ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, यह आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र शहर के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। सड़क दुर्घटनाओं, हृदयाघात, गंभीर चोटों और अन्य आपातकालीन स्थितियों में यह केंद्र मरीजों को जीवनरक्षक चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। उनके साथ श्री गोलोक बिहारी राय (राष्ट्रीय महासचिव), कर्नल जाहिर मुस्तफा, डॉ. नवनीत गुलेरिया (निदेशक, हिमालयन वेलफेयर फाउंडेशन), प्रो. शाहिद अख्तर (अध्यक्ष, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग) भी शामिल थे।

श्री बिरंची नारायण (पूर्व विधायक, बोकारो) ने कहा, हम बोकारो में नवीनतम स्वास्थ्य देखभाल नवाचार लाने के अपने मिशन को पुनः स्थापित कर रहे है और यह नया केंद्र आधुनिक तकनीकों, अनुभवी डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों से सुसज्जित है, जो 24x7 सेवाएं प्रदान करेंगे।

डॉ. माजिद अहमद तालिकोटी झ सीएमडी, मेडिकेंट हॉस्पिटल , ने कहा, ₹हमारा उद्देश्य हर मरीज को तुरंत और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इस केंद्र में इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर, उन्नत वेंटिलेशन सुविधा, एम्बुलेंस सेवा, और विशेष ट्रॉमा केयर यूनिट जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

इस उद्घाटन समारोह में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, चिकित्सा विशेषज्ञ, और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस केंद्र के खुलने से न केवल शहर बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को भी आपातकालीन चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। मेडिकैंट अस्पताल के इस नए प्रयास से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है, जिससे मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

मैट्रिक - इंटर परीक्षा का डीटीओ ने लिया जायजा

तीसरे दिन आयोजित परीक्षा में मैट्रिक में 06 एवं इंटर में 167 परीक्षार्थी हुए शामिल, कुल 173 रहें अनुपस्थित

बिभा संवाददाता

बोकारो : झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) द्वारा संचालित मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा के तीसरे दिन कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार शनिवार को डीटीओ श्रीमती वंदना शेजवलकर ने चास स्थित बीएमपी 4, राजकीयकृत मध्य विद्यालय परीक्षा केंद्र, राजकीयकृत उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा,आर.बी.एस इंटर कॉलेज चास आदि का जायजा लिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री जगरनाथ लोहरा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह भी उपस्थित थे। डीटीओ ने विभिन्न कमरों में संचालित परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राधीक्षक,वीक्षकों से उपस्थित छात्र झ छात्राओं की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने केंद्राधीक्षक को कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। डीटीओ श्रीमती वंदना शेजवलकर ने विद्यालय भवन में बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से विभिन्न कमरों में संचालित परीक्षा को भी देखा। वहीं, उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री जगरनाथ लोहरा को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

जानकारी हो कि मैट्रिक इंटर परीक्षा के तीसरे दिन क्रमशः अरबी, फारसी, हो, मुण्डारी, संथाली, उरांव एवं अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी। मैट्रिक में कुल 0926 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें 0920 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं, इंटर परीक्षा में कुल 17,331 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें 17,164 परीक्षार्थी शामिल हुए। दोनों परीक्षा में क्रमशः 06 एवं 167 कुल 173 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

वहीं, उपायुक्त बोकारो के निदेर्शानुसार प्रखंडों में भी संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचलाधिकारी (सीओ) ने संचालित परीक्षा का जायजा लिया। केंद्राधीक्षकों को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

संताली को प्रथम राजभाषा बनाने की मांग, सेंगेल की बाइक रैली 21 फरवरी को

बिभा संवाददाता

बोकारो : आदिवासी सेंगेल अभियान की तत्वाधान में सेक्टर 12 ए क्वार्टर संख्या -2266 में बोकारो सेंगेल जिला अध्यक्ष सुखदेव मुर्मू की अध्यक्षता में 21 फरवरी अंतराष्ट्रीय भाषा दिवस को झारखंड में संताली को प्रथम राजभाषा की दर्जा की मांग को लेकर संताली राजभाषा बाईक रैली को सफल बनाने हेतू बैठक किया गया।

सेंगेल के द्वारा आगामी 21 फरवरी को अंतराष्ट्रीय भाषा दिवस की उपलक्ष्य में संताली को झारखंड की प्रथम राजभाषा बनाया जाय?। इसी को लेकर 21 फरवरी अंतराष्ट्रीय भाषा दिवस को जैनामोड़ वीर शहीद तिलक मुर्मू चौक से वीर शहीद बिरसा मुंडा चौक होकर बोकारो उपायुक्त कार्यालय तक संताली राजभाषा बाईक रैली किया जाएगा। तत्पाश्चत उपायुक्त के मार्फत झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम ज्ञापन पत्र प्रदान किया जाएगा। क्योंकि झारखंडी आदिवासी भाषाओं में से सबसे बड़ी और अधिक संताली भाषा बोली जाने वाली भाषा हैं। यह सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में एक लम्बी लड़ाई के प्रतिफल 22 दिसम्बर 2003 में 8 वीं आनूसूची में शामिल कर राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त है। सेंगेल बोकारो जिला के तमाम आदिवासी जनसंगठनों से अपील करती है कि संताली प्रथम राजभाषा बाईक रैली में शामिल हो। अन्यथा आदिवासी संगठनों के नाम पर आदिवासीयों के ठगने का ठप्पा लग सकता है।

बैठक में उपस्थित केंन्द्रिय संयोजक हराधन मार्डी,झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा,जयराम सोरेन, सेंगेल युवा मोर्चा चास प्रखंड अध्यक्ष कालीचरण किस्कू आदि लोग थे।

व्यवस्थाओं को सुदृढ़ीकरण के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

बोकारो(बिभा) : संयुक्त किसान मोर्चा चन्दनकियारी, ईकाई के संयोजक सह पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार ने सरकार की लचर व्यवस्थाओं से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से

लगातार वंचित होते जा रहे अंतिम व्यक्ति के लोगों के सवाल पर श्री रजवार ने उपायुक्त बोकारो को ज्ञापन देकर मांग किए कि प्रत्येक पंचायत के पंचायत सचिवालय में प्रत्येक सप्ताह जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे प्रमाण पत्रों की निः शुल्क प्रपत्र उपलब्ध करवाने तथा प्रपत्र जमा व प्रमाण पत्र निर्गत कराने की सुविधा कि सुनिश्चित कि जाय। तथा किसानों की जमीन का लगान जमा लेने, दाखिल खारिज की पारदर्शिता के साथ व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण की जाय।

99 फाउंडेशन की अन्न दान महादान मुहीम में जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी का किया वितरण

बिभा संवाददाता

बोकारो : 99 फाउंडेशन की ओर से अन्न दान महादान में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जरूरतमंदों की सहायता में जुटी यह संस्था पिछले कई वर्षों से हर शनिवार जरूरतमंदों के लिए भोजन का वितरण कर रही है। आज मेमको मोड़ स्थित 99 ग्रुप ऑफ कंपनीज के कार्यालय परिसर में सैकड़ों जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया। इस मुहीम का प्रयास है कि कोई भी भूखा न सोए। हर शनिवार को शहर के गणमान्य लोगो को साथ मिलकर यह सेवा कार्य करते हैं। जिसमे आज 99 फाउंडेशन की तरफ से जीतेन्द्र कुमार और उनकी पत्नी शशि प्रभा को आमंत्रित किया गया था खिचड़ी वितरण करणे हेतु उन्होंने अपनी खुशी और सतोष जाहिर करते हुए 99 फाउंडेशन के तारीफ जिया और बताये 99 फाउंडेशन ने नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है। कार्यक्रम में मजदूर, रिक्शा चालक, ऑटो चालक और राहगीरों सहित सैकड़ों लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया। इस बार खिचड़ी के साथ-साथ विशेष पकवानों की भी व्यवस्था की गई थी। वहीं भोजन करने आए एक व्यक्ति ने कहा कि ₹हमें यहां हर शनिवार अच्छा भोजन मिलता है। 99 फाउंडेशन के इस प्रयास के लिए हम धन्यवाद करते हैं।₹

बता दें कि 99 फाउंडेशन के इस सेवा कार्य की सराहना हर तरफ हो रही है। यह संस्था न केवल भूख मिटाने का काम कर रही है, बल्कि समाज में सेवा की भावना को भी बढ़ावा दे रही है और ऐसे नेक कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है।

बेहतर झारखंड 11 ने प्रेस 11 को हराया, आशीष बने मैन ऑफ द मैच

बिभा संवाददाता

बोकारो : शनिवार को सेक्टर -12 के खालसा मैदान में बेहतर झारखंड 11 और बोकारो प्रेस 11 के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जहां बेहतर झारखंड की टीम ने बोकारो प्रेस 11 को तीन विकेट से हराया। खेल की शुरूआत बेहतर झारखंड के संस्थापक विवेक सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से सभी का उत्साहवर्धन होता है। भाग दौड़ की जिंदगी में अपने लिए भी समय निकालना जरूरी होता है. ऐसे में सभी ने समय निकालकर मैदान में अपना योगदान दिया यह अच्छा प्रयास है।

बेहतर झारखंड के कप्तान विवेक सिंह ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बोकारो प्रेस 11 की टीम की ओर से राममूर्ति प्रसाद और लक्ष्मी जय नारायण ने पारी की शुरूआत की और निर्धारित 12 ओवरों में 83 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। टीम के लिए हिमांशु प्रसाद ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए तीन छक्कों और तीन चौकों की मदद से 47 रन बनाए। उनके अलावा राम मूर्ति प्रसाद (5), सतपाल (9), विश्वजीत झा (5) और राजेश राज (3) रन जोड़ने में सफल रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेहतर झारखंड 11 की शुरूआत थोड़ी धीमी रही। कप्तान विवेक सिंह और संजय कुमार 9- 9 रन बनाए। टीम की ओर से आशीष कुमार सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 35 रनों की बेहतरीन पारी खेली और 11वें ओवर में 84 रन बनाकर मुकाबला शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच समाप्ति के बाद बेहतर झारखंड के संस्थापक विवेक सिंह ने पत्रकार सहित सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर बेहतर झारखंड के लाल बाबू सिंह, नितिन सिंह, अजीत कुमार, राकेश कुमार मधु, सिद्धार्थ जैन, बबलू, मनजीत, नीरज पटेल, आदित्य, संजय, अमर प्रताप, आशीष, सुनील और बोकारो प्रेस 11 की ओर से कप्तान राजेश कुमार , राम मूर्ति प्रसाद, मनीष राय , राजेश राज , गजेन्द्र प्रसाद उर्फ हिमांशु , विश्वजीत झा , अभय प्रजापति , लक्ष्मी नारायण , सतपाल , सुनील महतो , धर्मनाथ कुमार , सुरेंद्र कुमार , कृष्णा चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

अल्पसंख्यक छात्रों के मामलों का जल्द निष्पादन करें शिक्षण संस्थान : आयोग अध्यक्ष

बोकारो(बिभा) : केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के राष्ट्रीय आयोग (एनसीएमईआई) के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. शाहिद अख्तर दो दिवसीय दौरे पर बोकारो आए हैं. उन्होंने शनिवार को परिसदन सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान अल्पसंख्यकों से जुड़े मामलों का निष्पादन जल्द करें. उन्होंने जिले में संचालित शिक्षण संस्थानों, उनमें पढ़ रहे अल्पसंख्यक बच्चों की संख्या आदि की जानकारी ली. साथ ही अल्पसंख्यक छात्रझछात्राओं के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति से भी अवगत हुए. उन्होंने माइनॉरिटी एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिला स्तर पर हर महीने बैठक व कार्यशाला आयोजित करने को कहा.

बोकारो स्टील प्लांट में मजदूरों की सभा, सीटू ने केंद्र सरकार और सेल प्रबंधन के खिलाफ उठाई आवाज

बिभा संवाददाता

बोकारो : स्टील वर्कर्स फेडेरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर इस्पात मजदूर मोर्चा, सीटू द्वारा सेल कर्मचारियों व ठीका मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर बोकारो स्टील प्लांट के मशीन शॉप कैंटीन रेस्ट रूम में मजदूरों की एक महती सभा की गई।

उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए युनियन के महामंत्री बी डी प्रसाद ने कहा कि पिछला वेतन समझौता आज भी पूरा नहीं हुआ है। बहुत के आधार पर तीन प्रबंधन परस्त युनियनों से हस्ताक्षर करवा कर मजदूर के हक हुकूक को दबा दिया गया है।एनजेसीएस के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि एमओयू के आधार पर फैसला लिया जा रहा है। केन्द्र सरकार की आड़ में सेल प्रबंधन मजदूरों का कमाया हुआ एरियर नहीं देना चाहती है। वहीं दूसरी ओर ग्रेच्युटी पर एकतरफा सीलिंग लगा दिया गया है, जिससे एक एक मजदूरों को दसों लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। एमओयू के बाद मजदूर अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। एक ही कारखाने में काम करने के बावजूद अधिकारियों के समान छूट्टी मजदूरों को नहीं मिलता है। आज भी वही पुरानी इंसेंटिव रिवार्ड की पोलिसी चल रही है।वहीं दूसरी ओर अपनी खून पसीना और जान की कीमत लगाकर काम करने वाले ठेका मजदूरों की कमाई का अधिकारी और ठेकेदार मिलकर बंदरबांट किया जा रहा है। उनके सामाजिक सुरक्षा की गारंटी को कमजोर किया जा रहा है।उसे भी केंद्रीय न्यूनतम वेतन मिलना चाहिए।उसे भी ग्रेच्युटी का लाभ मिलना चाहिए। इसीलिए सीटू मजदूरों से आह्वान करती है कि आप आने वाले दिनों के लिए लंबे और निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहें। आज के सभा की अध्यक्षता के एन सिंह ने किया। सभा को संगठन सचिव आर के गोरांई, मनोज शंकर, हसनैन आलम, सुरेश साव, त्रिलोकी साव ने भी संबोधित किया।

संक्षिप्त खबरें

सीबीएसई परीक्षा में 9154 उपस्थित एवं 54 अनुपस्थित

बोकारो(बिभा): सी.बी.एस.ई नई दिल्ली द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त रूप से प्रारंभ हो गई। बोकारो जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें आज पहला पेपर दशवीं के इंग्लिश (लैंग्वेज एंड लिटरेचर), इंग्लिश (कम्युनिकेटिव) और 12वीं के एंटरप्रेन्योरशिप की परीक्षा प्रारंभ हुई। बोकारो के सिटी को-ऑर्डिनेटर सह चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि आज की परीक्षा बहुत ही शांतिपूर्ण वातावरण में सुचारू रूप से कदाचार मुक्त आयोजित की गई ।लगभग सभी छात्र-छात्राएं समय पर उपस्थित थे। पूरी परीक्षा सी.बी.एस.ई गाइडलाइन के अंतर्गत आयोजित की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि आज दसवीं की परीक्षा इंग्लिश (लैंग्वेज एंड लिटरेचर) में 8655 परीक्षार्थी उपस्थित थे एवं 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं 10वीं के ही इंग्लिश (कम्युनिकेटिव) में 345 बच्चे उपस्थित हुए एवं एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा ।12वीं की परीक्षा में एंटरप्रेन्योरशिप विषय में कुल 18 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्र से निकलते समय बच्चे खुश दिखे और बताया कि पेपर आसान था जिसे उन्होने समय पर हल कर लिया और रिविजन भी किया । आने वाली सभी परीक्षाएं इसी तरह सकारात्मक माहौल में कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजित की जाएगी।

संस्कार किड्स विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाया अपना प्रतिभा

बोकारो(बिभा) : बोकारो के ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित संस्कार किड्स विद्यालय में आज वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस विद्यालय के प्राचार्य अनामिका सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य यह है कि घर के बड़े बुजुर्ग दादा-दादी, नाना नानी को समर्पित किया गया है उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों हमारे परिवार के नींव होते हैं हम लोगों की या कोशिश रहती है कि यहां से बच्चे अच्छे संस्कार सिख के एक मिसाल पेश करें। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए संस्कार किड्स द्वारा बच्चों एवं बच्चियों का तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से बच्चों एवं बच्चियों के एक्रो गार्डन के साथ साथ गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीटी डीएसपी आलोक रंजन, कार्डियोलोजी डॉक्टर एच डी सिंह, अफरोज राणा और मोहम्मद हुसैन उपस्थित हुए ।बच्चे लोगों के साथ-साथ अभिभावकों एवं स्कूल प्रबंधन के साथ शिक्षक एवं शिक्षकों का हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा बच्चे भगवान के रूप होते हैं और इस विद्यालय में बहुत अच्छा शिक्षा दी जाती है। इस कार्यक्रम में सारे अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं संध्या प्रसाद, प्रियंका कुमारी, निधि कुमारी, पुष्पा कुमारी, रोजी परवीन, अंजलि, साधना ,पूनम कुमारी, एवं रीता ने अपना योगदान दिया इस इस प्रोग्राम में काफी अच्छा भूमिका रोल किया महेलाका. वाषिक अनुष्का श्रेया. दिया राजवीर आदित्य ने काफी अच्छा भूमिका अदा किया।

चंदाहा के गणेश मंदिर में तीन दिवसीय महोत्सव, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

बोकारो(बिभा) : चास प्रखण्ड पंचायत चंदाहा में स्व० हरा धन मोदक द्वारा स्थापित गणेश मंदिर मे गणेश मुर्ति स्थापित कर विधिवत पुजा अर्चना के साथ तीन दिवसीय गणेश महोत्सव शनिवार को शुरू हो गया। मोदक के वंशज गोपाल चन्द्र मोदक ने बताया की यह पुजा महोत्सव स्व हरा धन मोदक ने मन्नत पुरी होने पर 1925 में विधिवत शुरू किया था। उस समय से आजतक मोदक के वंशज पुजा करते आ रहे हैं। रविवार को श्रदालुओं उपवास कर पुजा अर्चना करेगें। तथा रात्रि में महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। पुजा महोत्सव को लेकर कुल पुरोहित, मुख्य पुजारी व स्व० मोदक के वंशज गोपाल चन्द्र मोदक,नेपाल चन्द्र मोदक, रोहिनी मोदक, इंद्रजीत मोदक ,अरुण मोदक पूर्व पंचायत समिति सदस्य तरणी मोदक ,अशोक मोदक ,जगदीश मोदक, अजय मोदक ,संजय मोदक ,सागर मोदक, दिलीप मोदक ,फटीक चंद्र मोदक ,उज्जवल मोदक, अमरनाथ मोदक, रीना देवी प्रसनजीत मोदक, कुश मोदक ,विकास मोदक परिवार सहित ग्रामीण जुटे हुए हैं। 18 फरवरी को कलश व मुर्ति विसर्जन के साथ समापन होगी।

पिता के पुण्यतिथि पर पुत्र ने अपने हाथों से जरूरतमंदों को कराया भोजन

बोकारो(बिभा) : समाज सेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन प्रतिदिन की तरह आज भी जरूरतमंदों को भोजन कराया गया ।इस सप्ताह जब लोगों ने वेलेंटाइन वीक मना रहे हैं तो समाज सेवी संस्था केयर एंड सार्व फाउंडेशन के सदस्यों ने पूरे सप्ताह जरूरतमंदों को अच्छे पकवान बनाकर भोजन वितरण करके मनाया सेवा सप्ताह। इसी के तहत आज भी शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच अस्पताल परिसर) कुल 267 जरूरतमंदों को भोजन कराया गया आज का खाना में पूरी सब्जी और मिठाई शामिल था। आज दो पुण्यतिथि के भोजन दानदाताओं से प्राप्त हुई। स्वर्गीय नीरेंद्र नाथ खवास के आठवी पुण्यतिथि पर उनके पोता सुदीप खवास द्वारा ओर दूसरा स्वर्गीय नव कुमार तिवारी जी के 13 बी पुण्यतिथि मे उनके पुत्र उज्जल तिवारी द्वारा प्राप्त भोजन जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। आज का कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह वरीय उपाध्यक्ष दिलीप चौधरी कोषाध्यक्ष अमित कुमार फाउंडर मेंबर विभूति प्रसाद सिंह,फाउंडर मेंबर सह मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास और मुन्ना खान के अलावे दानदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

चुट्टूपालू घाटी में ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

बिभा संवाददाता

रामगढ़: रामगढ़ चुट्टूपालू घाटी में फिर एक कि मौत एक घायल। ओरमांझी आनंदी बस्ती के रहने वाले शमीम अंसारी अपनी पत्नी के साथ हीरो होंडा ग्लैमर मोटरसाइकिल जेएच 01 बीवी 3280 में सवार मैयत को मिट्टी देने के लिए ओरमांझी से रामगढ़ जरियो बस्ती जा रहा था। इसी क्रम रास्ते पर गंडके चुट्टूपालू घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर ने अपने चपेट में लिया और मोटरसाइकिल सवार शमीम अंसारी का सर हेलमेट सहित टायर के नीचे आ गया और पत्नी झटका से दूर फेंका गई पत्नी चोटिल हुई, मौके पर पहुंची पुलिस रामगढ़ सदर अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जहां हॉस्पिटल में डॉक्टरों द्वारा शमीम को मृत घोषित कर दिया गया डेड बॉडी को पुलिस अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। झारखंड में मौत कि घाटी के नाम से विख्यात रामगढ़ चूटूपालू घाटी पर एक बड़ी सड़क दुघर्टना ट्रक व मोटरसाइकिल कि हो गई जिसमें एक कि मौत व एक गंभीर रूप से घायल हो गए । रांची की ओर से आ रहे 6एम एम सरिया बंडल रोल से लदे ट्रेलर संख्या आरजे 52 जीआर 2755 ने सामने चल रही बाइक जेएच 01 बीवी 3280 को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर भी संतुलन खोकर खेत में पलट गया, जिससे उस पर लदा सारा सामान बिखर गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर चालक और खलासी को घायलावस्था में एन एच द्वारा अस्पताल भेजा गया जहां से उनके भाग जाने कि सुचना है ।

चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को किया गया प्रशिक्षित

रामगढ़ : प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित डिजी एवं आई जी कॉन्फ्रेंस 2024 में दिये गये निर्देश के अनुसार प्रत्येक जिला में गैर पुलिस कर्मियों यथा चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ इत्यादि को नए आपराधिक कानूनों के तहत उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना था। इस संबंध में शनिवार को अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के निर्देशन में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में चन्दन कुमार वत्स, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मु०), रामगढ़ के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया तथा उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 68 चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया ।

सांसद ने अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ शशिकांत और संजीव कुमार सहित उनकी टीम का किया सम्मानित

बिभा संवाददाता

हजारीबाग: हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कई चिकित्सक है जो अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और ईमानदारीपूर्वक करते हैं और अपनी उत्कृष्ट सेवा जरूरतमंद मरीजों को प्रदान करते हैं। जिससे मरीजों और उनके परिजनों को बड़ा राहत होता है। ऐसे चिकित्सकों की सेवा कार्यों का प्रशंसा भी जरूरी है। ऐसे ही एक अत्यंत प्रशंसनीय कार्य को अपने चिकित्सीय अनुभव से अंजाम दिया है यहां के ऑर्थोपेडिक विभाग के एक चिकित्सीय टीम द्वारा। हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विभाग के एक चिकित्सीय टीम द्वारा एक जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक किया गया है। अमूमन यह ऑपरेशन न्यूरोसर्जरी विभाग द्वारा किया जाता है और महानगरों के निजी अस्पतालों में ऐसे ऑपरेशन के 2- 3 लाख रुपए खर्च होता है लेकिन सरकारी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत ऐसे ऑपरेशन का होना चिकित्सकों की उपलब्धि है साथ ही जरूरतमंद मरीजों के लिए नई उम्मीद की किरण भी प्रस्फुटित होती है। चिकित्सकों के ऐसे सेवा से जरूरतमंदों को अपने जीवन को सामान्य बनाने की एक नई आस भी जागती है और सरकारी अस्पताल के प्रति लोगों का विश्वास भी बढ़ता है। इधर इस जटिल ऑपरेशन से प्रभावित होकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने चिकित्सकों के इस पहल की सराहना की और शनिवार की सुबह वे खुद हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आर्थो ओटी पहुंचकर इस ऑपरेशन में शामिल चिकित्सीय टीम के सभी डॉक्टर और सहयोगियों के साथ अस्पताल प्रबंधन के उपाधीक्षक को शॉल ओढ़ाकर और पुष्प भेंटकर उनका सम्मान किया और हौसल बढ़ाया।

ज्ञात हो कि हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक सड़क दुर्घटना से ग्रसित चतरा जिले के जयपुर गांव निवासी 34 वर्षीय मरीज नरेश भुइयां की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी और इस कारण वे चलने- फिरने में असमर्थ हो रहें थे और उन्हें कई प्रकार की शारीरिक कठिनाइयां हो रही थी। ऐसे में सीमित साधन- संसाधन के बावजूद यहां के अस्थि रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. शशिकांत सिंह और डॉ. संजीव कुमार सिंह ने करीब ढाई घंटे के समय में मरीज को पेट के बल लेटाकर उनके रीढ़ की हड्डी का सफलता पूर्वक जटिल ऑपरेशन किया और मरीज को नवजीवन प्रदान कर एक बार सामान्य स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों के मुताबिक हजारीबाग जैसे शहर में अमूनन ऐसे ऑपरेशन निजी अस्पतालों में भी नहीं होता है और सरकारी अस्पताल में सीमित संसाधन में इस प्रकार का जटिल ऑपरेशन पहली बार हुआ है। उन्होंने बताया कि करीब 8 पैडिकल स्क्रू और 2 रॉड लगाकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है और इस टीम में हम दो डॉक्टरों के अलावे हमारे टीम में एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. सुप्रभात, प्रिया, रामाशीष और सहयोगी के रूप में ओटी के राजू, कुंदन, विनोद, विकास, सिस्टर संजना और रोशनी शामिल रहें। सभी के अथक प्रयास और सराहनीय सहयोग से ही यह जटिल ऑपरेशन संभव हो सका। डॉ. शशिकांत सिंह ने बताया कि ससमय अगर यह ऑपरेशन नहीं हो पाता तो मरीज को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता था और लम्बे समय तक ऐसे ही रीढ़ की हड्डी टूटे रहने से पैरालाइसिस भी हो सकता था। सफल ऑपरेशन करने वाली मेडिकल टीम के चिकित्सकों ने भी मरीज के परिजनों को भी ऑपरेशन में सहयोग के आभार जताया और बताया कि यह ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत यहां पूरी तरह निःशुल्क हुआ है। ऑपरेशन के बाद मरीन की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है और धीरे- धीरे मरीज अब अपने पैरों में भी खड़ा हो पा रहा है । सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी जो हमेशा जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सेवारत रहते हैं उन्होंने इस सफल ऑपरेशन की जानकारी जब सांसद मनीष जायसवाल को दी तो उन्होंने खुद मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित आर्थो विभाग पहुंचकर चिकित्सकों का सम्मान कर उन्हें बधाई दिया और कहा कि चिकित्सकों के ऐसे क्षमता और विशेषज्ञता से जरूरतमंद मरीजों को बड़ा राहत होता है वहीं सरकारी अस्पताल के प्रति लोगों का आस्था भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अमूनन हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल को रेफरल अस्पताल बनाकर रख दिया गया है। ऐसे परिस्थिति में यह एक कठिन ऑपरेशन के उपयुक्त मरीज जो रेफर के लायक होने के बावजूद भी यहीं रखकर आर्थो विभाग की एक टीम द्वारा सफल ऑपरेशन किया जाना एक कल्याणकारी पहल है।

सांसद ने शहीद कैप्टन के परिवार से की मुलाकात, जताई संवेदना, परिजनों को ढांढस बंधाया

बिभा संवाददाता

हजारीबाग: बीते दिनों जम्मू-कश्मीर के अखनूर में हुए आईडी ब्लास्ट में शहीद हुए हजारीबाग के लाल कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी के हजारीबाग शहर के जुलु पार्क स्थित आवास हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शनिवार को पहुंचे और यहां शहीद के आत्मा की शांति के लिए चल रहें महिलाओं की सुखमणि साहेब के पाठ में शामिल हुए और शहीद की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके माता- पिता, बहन और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया और उनका ढांढस बंधाया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी का नाम अमर रहेगा। राष्ट्रहित के लिए उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है उनका शहादत हमें आजीवन गौरवांवित करेगा और देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक रहेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के अखनूर में घटी घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हजारीबाग के लाल कैप्टेन शहीद करमजीत सिंह बक्शी का शहीद होने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिनकी अगले महीने शादी होने वाली थी उनके आत्मा के लिए परिवारजन और रिश्तेदार आत्मा की शांति के लिए पाठ कर रहें हैं। हमलोग राज्य सरकार से मिलकर आग्रह करेंगे कि करमजीत सिंह बक्शी के नाम पर किसी सड़क का नामकरण हो या शहर के किसी चौक पर इनकी प्रतिमा स्थापित कराएं साथ ही शहीद की इकलौती बहन को राज्य सरकार उनके प्रतिभा और क्षमता के अनुरूप राज्य सरकार नौकरी दे। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल के साथ उनके लोकसभा प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, प्रितपाल कालरा, सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहें ।

बिरबिर में नवनिर्मित माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर का प्रथम वर्षगांठ पर दो दिवसीय यज्ञ का आयोजन 22 को

बिभा संवाददाता

हजारीबाग: आयोध्या में आराध्य प्रभु श्री रामंदिर का 500 वर्षों के बाद 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा की तिथि घोषणा से पूर्व बिरबिर में नवनिर्मित माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 22 फरवरी 2024 को निर्धारित किया गया। पांच दिवसीय भव्य प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ के साथ संपन्न कराया गया था। शनिवार को सदर प्रखण्ड अंतर्गत ओरिया पंचायत स्थित ग्राम बिरबिर में नवनिर्मित माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर का प्रथम वर्षगांठ मनाने को लेकर मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। प्रथम वर्षगांठ को प्राण- प्रतिष्ठा की भव्यता एवं उत्साह की तरह मनाने का निर्णय लिया गया। दो दिवसीय यज्ञ 22 एवं 23 फरवरी को आयोजन हेतु ग्रामीणों ने अपना समर्थन दिया। प्रथम दिवस की महायज्ञ की शुरूआत बिरबिर से भव्य जल कलश यात्रा के साथ जबरा डैम से जल लेकर पुनः बिरबिर स्थित माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर में जल रखकर प्रथम दिवस की यज्ञ का आगाज होगा। प्रथम एवं द्वितीय दिवस वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा- पाठ एवं यज्ञ कराया जाएगा। दोनों संध्या में प्रख्यात प्रवचनकर्ता आचार्य नकुल देव शास्त्री द्वारा प्रवचन कराया जाएगा। द्वितीय दिवस हवन के साथ यज्ञ की समाप्ति होगी। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बैठक में उपस्थित होकर अपना सुझाव साझा किया। भव्यता एवं धूमधाम के साथ प्रथम वषंर्गाठ को मनाने का लोगों ने संकल्प लिया। मौके पर माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर के अध्यक्ष नन्कु राम, सचिव जुगल यादव, कोषाध्यक्ष विक्रम कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश साव, उपसचिव अरविंद बक्शी, उपकोषाध्यक्ष सिता राम वर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गौतम वर्मा, अजय कुमार, प्रकाश यादव, अशोक यादव, जगदीश राम, बीरबल कुमार, बिजय राम, सुनील यादव, तपेश्वर यादव, रुपेश राम, बहादुर राम, ऋतू कुमार , जीवन कुमार, माइकल कुमार, बचन कुमार, गौतम कुमार, प्रेम कुमार एवं साजन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पुलवामा के शहीदों की पुण्य तिथि एवं कैप्टन करमजीत की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

बिभा संवाददाता

हजारीबाग: वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा 14 फरवरी को ,शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में, हजारीबाग के लाल, शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी एवं पुलवामा के शहीदों की स्मृति में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया । एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा हजारीबाग के लाल ,शहीद वीर सपूत कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी और पुलवामा हमले के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए,उनके बलिदान से प्रेरणा लेते हुए,देश के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया ।जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी संकल्प लिया गया ।उनकी बहादुरी और राष्ट्रभक्ति हमेशा हमें प्रेरित करती रहेगी। शिविर का शुभारंभ एसोसिएशन के प्रचार सचिव गौरव यादव एवं संगठन सचिव रजत जैन ने रक्तदान करके किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने कहा कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी हमारे शहर की शान थे, जहां हम चैन की नींद सोते हैं, वही हमारे देश के वीर सैनिक सीमा पर अपने प्राणों की आहुति देकर हमारी रक्षा करते हैं ,उन्हें शत-शत नमन । वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ,महासचिव विनीत छाबड़ा, प्रचार सचिव गौरव यादव ,संगठन सचिव रजत जैन एवं समस्त रक्तदाता, मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मोकीम अख्तर, आ ख़ैरी ,राजीव कुमार, रीमा कुमारी, उदय कुमार ,मधु कुमारी ,सुशील सिंह आदि अनेक लोगों ने अपनी भावना को व्यक्त करते हुए जवानों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।

पूर्व विधायक लंबोदर महतो की बिगड़ी तबीयत, चेन्नई के अस्पताल में भर्ती

बोकारो (बिभा): गोमिया के पूर्व विधायक व आजसू पार्टी के संस्थापक सदस्य लंबोदर महतो की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें चेन्नई के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। उनके खराब स्वास्थ्य की जानकारी मिलने के बाद आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो समेत कई आजसू नेताओं ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बताते चलें कि लंबोदर महतो आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हैं। 2024 के विधानसभा चुनाव के दौरान गोमिया सीट पर उन्हें झामुमो प्रत्याशी और मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने हराया था। लंबा राजनीतिक अनुभव रखने वाले लंबोदर महतो आजसू पार्टी के थिंक टैंक और सुदेश महतो के करीबी नेता माने जाते हैं।

श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे महिलाओं ने किया भजन- कीर्तन एवं हनुमान चालीसा पाठ

बिभा संवाददाता



रांची : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग श्री राधा- कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि महिला मंडल के द्वारा भजन- कीर्तन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महिला मंडल के सदस्यों द्वारा गाये सुमधुर संगीतमय भजनों एवं हनुमान चालीसा के पाठ में श्रोता खूब झूमे। एवं पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पुजारी अरविंद पांडे पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्री राधा कृष्ण के भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। दोपहर मे सेवा धाम सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम मे रह रहे मंदबुद्धि, बेसहारा एवं दीनबंधु प्रभु जी एवं उनकी सेवा करने वाले साथियों को भोजन कराया गया। मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया जा रहा है। मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

वेंकटेश आयरन ने सीएसआर के तहत जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया गया एम्बुलेंस

बिभा संवाददाता

रामगढ़: वेंकटेश आयरन कंपनी द्वारा शनिवार को जिला प्रशासन रामगढ़ को सीएसआर के तहत एक एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया। मौके पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने वेंकटेश आयरन द्वारा उपलब्ध कराए गए एंबुलेंस वाहन की सराहना कि । उपायुक्त ने कहा कि सीएसआर के तहत प्राप्त एंबुलेंस को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय दुलमी में उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर वेंकटेश आयरन के डायरेक्टर कमल केडिया, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रपति से धर्मेंद्र तिवारी ने मुलाकात कर आशाराम बापू की स्थाई रिहाई के लिए किया अनुरोध

रांची(बिभा): राजकली फाउंडेशन के सचिव श्री धर्मेंद्र तिवारी ने कल, 14 फरवरी 2025 को रांची स्थित राजभवन में भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री तिवारी ने राष्ट्रपति को पुष्प गुच्छ और शाल प्रदान कर उनका सम्मान किया और संस्था की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी। मुलाकात के दौरान श्री तिवारी ने राष्ट्रपति को पूज्य संत श्री आसाराम जी बापू की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बापू वर्तमान में मार्च 2025 तक पैरोल पर बाहर हैं, जहां उन्हें अपना इलाज करवाने का अवसर मिला है। हालांकि, श्री तिवारी ने बापू के 86 वर्ष की आयु और उनकी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, उनकी स्थाई रिहाई के लिए राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। श्री तिवारी ने इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि 75 वर्ष से अधिक आयु के कैदियों को रिहा किया जाए, विशेषकर जब उनकी स्वास्थ्य स्थिति गंभीर हो। उन्होंने इस अनुशंसा का हवाला देते हुए बापू की स्थाई रिहाई की मांग को और मजबूत किया।

संक्षिप्त खबरें

हजारीबाग यूथ विंग का 3 मार्च को रक्तदान शिविर के लिए जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता को सौंपा गया आमंत्रण

हजारीबाग(बिभा) : हजारीबाग में समाज सेवा के प्रति अपने समर्पण को दशार्ते हुए हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 3 मार्च 2025 को आयोजित किए जा रहे भव्य रक्तदान शिविर को लेकर संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता को औपचारिक आमंत्रण सौंपा। इस अवसर पर उमेश मेहता ने संस्था के इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल संस्था के कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार पांडे एवं गुंजन मद्धेशिया ने बताया कि संस्था निरंतर सामाजिक कार्यों में समर्पित रही है और रक्तदान के माध्यम से समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। उमेश मेहता ने वीडियो संदेश के माध्यम से भी रक्तदान की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल जरूरतमंदों की सहायता ही नहीं करता, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। संस्था के रक्तदान शिविर के कार्यक्रम सहसंयोजक रोहित बजाज ने बताया की शिविर में रक्तदान करने वाले सभी व्यक्तियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा और उनके लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। रक्तदान महादान आइए, जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने के लिए हम सभी आगे आएं।

शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को टोनी जैन ने दी श्रद्धांजलि

हजारीबाग(बिभा): जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी उर्फ पुनीत को पूरे हजारीबाग सहित पूरे देश ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी शहादत ने हर भारतीय को गर्व और दुख दोनों से भर दिया है। इसी क्रम में भाजपा नेता टोनी जैन ने भी अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शहीद को नमन किया ।टोनी जैन ने शहीद करमजीत सिंह बक्शी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि ₹उनका सर्वोच्च बलिदान न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, और हम सभी उनके ऋणी रहेंगे ।उन्होंने शहीद के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ₹इस दुखद क्षण में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। करमजीत सिंह जैसे वीर सपूतों की बदौलत ही हम सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। उनकी कुबार्नी को कभी भुलाया नहीं जाएगा।

एकता होरा ने आगामी रक्तदान शिविर को लेकर की आम जनों से अपील

हजारीबाग(बिभा): हजारीबाग यूथ विंग ने आगामी 3 मार्च 2025 को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर आयोजित करने की घोषणा की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों सहित जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में एकता होरा ने भी आम जन से अपील करते हुए कहा कि ने समाज के सभी नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं से अपील की है कि वे 3 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में आकर इस महादान में सहभागी बनें। रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से रक्त संग्रह की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी, जहां डॉक्टरों और चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच और मार्गदर्शन करेगी।

आठवां फाल्गुन महोत्सव आज बरसेगी श्याम अमृत धारा

रामगढ़(बिभा) : श्रीश्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़ का भव्य आठवां श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। कल 16 फरवरी की शाम 5 बजे से शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्रीराणी सती दादी मंदिर के मैदान में महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा । यहां श्रीश्याम बाबा का आलौकिक श्रंगार के साथ दरबार सजेगा । अखंड ज्योत पूजन, अलौकिक श्रृंगार, महाभोग व श्याम रसोई, फुलों की होली सहित कई कार्यक्रम होंगे। कीर्तन में देश भर के प्रसिद्ध गायक अपने भजनों की भेंट से भक्तों की अरदास लगाएंगे। वर्तमान में विश्व विख्यात भजन गायक संजय मित्तल अपने करुणा भरी वाणी से भक्तों के साथ आस्था कि डुबकी लगाएंगे। इनके अलावा सुरज शर्मा कोलकाता व आदर्श दाधीच कटिहार भी भजनों से बाबा को रिझाएंगे। श्याम परिवार तुलसीधाम कोलकाता के आशीर्वाद व श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार हजारीबाग के सहयोग से श्रीश्याम अरदास कीर्तन परिवार, रामगढ़ के लोग तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे है। रामगढ़ श्री श्याम मंदिर बनने के बाद यह पहला महोत्सव होगा जिसमें हजारों श्याम प्रेमियों के पहुंचने कि संभावना है। सभी श्याम प्रेमी भजन संध्या और ज्योत दर्शन का लाभ उठाएं। रामगढ़ जिला सहित बाहर से आने वाले सभी श्याम प्रेमी श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के साथ मिलकर बाबा का मनोहार करेंगे ।

कोकर ग्रामीण फीडर से आज 4 घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

राँची(बिभा)। राँची राजधानी के कोकर ग्रामीण फीडर से रविवार को करीब 4 घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान 33 केवी नामकुम-कोकर ग्रामीण फीडर में मेंटेनेंस का काम होगा। इसके चलते सुबह 11 बजे से दिन के 3 बजे तक कोकर, चुनाभट्ठा, अयोध्यापुरी, बांधगाड़ी, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, सामलोंग व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

प्रेम के बिना यह धरती श्मशान है

लेखक

मयंक मुरारी

इस सृष्टि का केंद्र प्रेम है। प्रेम ही परमात्मा है, जो पुरुष और प्रकृति के रूप में इस जीवन को चलाता रहता है। जीवन के लिए इस संसार में जो संतुलन है, जो आकर्षण है, जो जुड़ाव है। वह भी प्रेम के कारण है। प्रेम एक शक्ति है, जो खुद को विविध तत्वों में प्रकट करती है, और प्रेम उसको धारण करता है। इस काव्य संग्रह को लिखने की प्रेरणा एक संवाद से मिला। एक मित्र ने कहा कि मैं दुगार्पूजा मनाता हूं और आपके लिए होली सबसे बड़ा पर्व होगा। मैंने कहा कि इस जगत का स्वाभाविक उत्सव है होली और दुगार्पूजा। इसे किसी व्यक्ति और समाज ने विधान के तहत नहीं शुरू किया।

लाओत्सु ने कहा है कि अपने अस्तित्व के केंद्र में रहें, क्योंकि आप केंद्र से जितने ज्यादा दूर होते हैं, उतना ही कम सीखते हैं। इसके लिए अपने दिल को टटोलें। इस वाक्य से स्पष्ट है कि अस्तित्व के केंद्र में प्रेम है। अगर हम अपने दिल से इसका जवाब मांगे तो यही मिलेगा कि प्रेम निकाल दो तो यह पृथ्वी श्मशान हो जायेगी। हालांकि भारतीय परंपरा में श्मशान को भी शिव या वैराग्य प्रेम का एक स्थल माना गया है। प्रेम का आभामंडल शाश्वत होता है। इसकी अनुभूति के लिए हमारे अंदर बस स्पंदन होना चाहिए। शरीर के साथ हृदय का स्वर। जब इसका संबंध बनता है, तो हमें प्रेम में दिव्यता और दिव्यता का वैश्विक स्वरूप दिखता है।

पिछले दिनों अमेरिका प्रवास पर था। एक दिन न्यूयॉक के एम्पायर स्टेट के सामने मोनार्क होटल के रूफ टॉप पर रात 12 बजे डिनर कर रहा था। हल्की बारिश और रोशनी में समूचा परिवेश नहाया था। परिवेश में शांति पसरी थी। सब अपनी खुशी और खामोशी के साथ दिख रहे थे। उस पल मेरे मन में भाव उठा कि प्रेम भी इतना ही ऊंचा और विशाल हो जाए, तो संसार कितना सुंदर और सुरमयी हो जायेगा। यह शून्य की दुनिया है। जहां झील सा खामोश प्रेम बस

पसरा है।

इस सृष्टि का केंद्र प्रेम है। प्रेम ही परमात्मा है, जो पुरुष और प्रकृति के रूप में इस जीवन को चलाता रहता है। जीवन के लिए इस संसार में जो संतुलन है, जो आकर्षण है, जो जुड़ाव है। वह भी प्रेम के कारण है। प्रेम एक शक्ति है, जो खुद को विविध तत्वों में प्रकट करती है, और प्रेम उसको धारण करता है। इस काव्य संग्रह को लिखने की प्रेरणा एक संवाद से मिला। एक मित्र ने कहा कि मैं दुगार्पूजा मनाता हूं और आपके लिए होली सबसे बड़ा पर्व होगा। मैंने कहा कि इस जगत का स्वाभाविक उत्सव है होली और दुगार्पूजा। इसे किसी व्यक्ति और समाज ने विधान के तहत नहीं शुरू किया। यह स्वतः प्रकृति प्रदत्त विधान है। प्रकृति में परिवर्तन के साथ साधना का अनुष्ठान है दुगार्पूजा। प्रकृति के सौंदर्य और सुवास का उत्सव है होली। दुगार्पूजा के साथ साधना है, जो शक्ति लाता है। होली के साथ सौंदर्य है, जो प्रेम लाता है। प्रेम यानी शिव से होली तो शक्ति से दुगार्पूजा। एक पुरुष तो दूसरा प्रकृति। इसे आधुनिक विज्ञान की भाषा में ऊर्जा और द्रव्यमान कहा जाता है।

जीवन में शक्ति से शीर्ष पर पहुंचा जा सकता है, लेकिन प्रेम के बिना उसकी पूर्णता नहीं प्राप्त होती है। व्यक्ति थोड़ा खाली-खाली रहता है। आखिर यही कारण है कि सती को दुबारा अपने पार्वती के रूप में प्रेम यानि शिव को पाना पड़ा। शिव के बिना शक्ति अधूरी है, तो शक्ति के बिना प्रेम पूर्ण नहीं होता है। कृष्ण और राधा का जीवन अनुपम है। प्रेम का शिखर है। जब उद्धव ब्रज की यात्रा शुरू किये तो थोड़ा व्याकुल थे। उनको संदेह था। तब श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं ब्रज त्यागकर कहीं नहीं जाता हूं। मैं राधा रूप में वहीं रहता हूं। प्रेम की शक्ति अनुपम होती है। वर्ल्ड टेज्ड सेंटर पर जब भ्रमण कर रहा था, तो एक व्यक्ति ने कहा कि नाशपाती का पेड़ देखा ? मैंने अचरज व्यक्त किया। इसमें क्या है ? उस व्यक्ति ने कहा कि वही एक पेड़ इस प्रलयकारी विनाश में बचा था। क्या यह ईश्वरीय शक्ति का प्रेममय प्रकटीकरण नहीं है ?

संत अगस्तीन से किसी ने पूछा कि मुझे संक्षिप्त में बता दें, सार क्या है धर्म का? पापों से कैसे बचूं ? पाप तो अनेक हैं और जीवन छोटा है! उस आदमी ने बड़ी ठीक बात पूछी। उसने कहा कि जीवन बहुत छोटा है, पाप अनेक हैं। और एक-एक को छोड़ते बैठा रहा तो मुझे भरोसा नहीं कि छूट पाएगा। जीवन चुक जाएगा। तो मुझे कुछ कुंजी ऐसी दे दें कि एक से सब खुल जाए। तो संत अगस्तीन ने कहा कि फिर अगर एक ही कुंजी चाहिए तो प्रेम। तुम प्रेम करो और शेष की चिंता छोड़ दो। क्योंकि जिसने प्रेम किया उससे पाप नहीं होगा। जीवन में पाप हो या अंधकार या अपूर्णता। वह सिर्फ इसलिए है कि प्रेम का अभाव है। समस्त पाप प्रेम की गैर-मौजूदगी में पैदा होते हैं। जैसे प्रकाश न हो तो अंधेरे घर में सांप, बिच्छू, चोर, बेईमान, लुटेरे सभी का आगमन हो जाता है। पाप, दुख, अंधकार, विध्वंस के पास कोई विधायक ऊर्जा नहीं है। कोई पाजिटिव एनर्जी नहीं है। वहां सिर्फ नकारात्मकता है।

प्रेम का अर्थ क्या है..? ओशो कहते हैं कि प्रेम का अर्थ है दूसरे को अपना इतना बना लेना कि कुछ छिपाने को न रहे। मेरा मानना है कि सृष्टि का ऐसा शक्तिशाली रसायन है, जो इस संसार के सभी सृजनशील व्यक्ति, प्रकृति और ईश्वर के कर्म और लक्ष्य का सहचर है। इसे पृथ्वी का गुरुत्व कहे, ईश्वर का अनुराग या मानव का प्रेम कहें। नाम चाहे जो दे। अगर यह नहीं है तो जीवन बंजर है। यह शरीर का संबंध नहीं है। यह व्यक्ति का मिलन नहीं है। व्यक्तित्व का मिलनस्थल प्रेम है।

क्या आपने कभी किसी ऐसे व्यक्ति से प्रेम किया है, जिसने आपको प्रेम नहीं किया ? क्या कभी ऐसा लगता है जिन लोगों के साथ जीवन का सबसे बेहतरीन पल बिताया, उसको भूलने में कठिनाई होती है ? संसार में ऐसी भावना के साथ जीना प्रेम है। जब हम हर चीज को बहुत गहराई से महसूस करते हैं, तो वह प्रेम है। जब हम प्यार करते हैं, तो हम हमेशा अपने से बेहतर बनने का प्रयास करते हैं। जब हम ऐसा करते हैं तो हमारे आसपास की हरेक चीजें बेहतर हो जाती है। यह हमारा अंतर्मन है जो खराब को भी अच्छा बनाता है। जीवन में प्रेम प्रतिपल पेचीदा पाठ है। इसकी पाठशाला में पत्थर की प्रतिमा है। अगर हम पत्थर को तराश पाए, तो पत्थर, परमात्मा बन जाए। पत्थर का परमात्मा बन जाना ही प्रेम की पराकाष्ठा है।

प्रेम एक ऐसी आंतरिक अनुभूति है जो शब्दों, परिभाषाओं, और विवेचनाओं से परे है। यह अनुभूति हमारे भीतर की शुद्धता और आत्मा के करीब की स्थिति है। वास्तव में, प्रेम किसी भी बाहरी मापदंड या शर्त से बंधा नहीं होता, बल्कि वह सहजता और निर्मलता से उत्पन्न होता है। प्रेम को शब्दों में परिभाषित करना किसी बंधन में बाँधने जैसा है, जबकि प्रेम तो स्वतंत्र है। यह मनुष्य के अनुभव और आत्मा से गहराई से जुड़ा हुआ है। यहाँ प्रेम का कोई शर्त या मापदंड नहीं है। यह तो हृदय की गहराइयों में उत्पन्न होने वाली एक स्पंदन है, एक ऐसी अनुभूति जो केवल महसूस की जाती है। प्रेम की व्याख्या चाहे कितनी भी की जाए, उसकी सच्ची पहचान तभी होती है जब उसे अनुभव किया जाए। प्रेम हमारे भीतर की शुद्धता का प्रतीक है, और इसकी अनुभूति बाहरी विवेचनाओं से परे है। दो विपरीत लोग में गहरा अंतरंग भावनात्मक संबंध प्रेम नहीं है। यह एक रोमांटिक रिश्ते का हिस्सा होना चाहिए। यह प्रेम को परिभाषित नहीं करता है। प्यार के लिए एक और लोकप्रिय परिभाषा है प्रतिबद्धता। यह दूसरे इंसान के प्रति जिम्मेदारी का एक स्तर है (जिम्मेदारी नहीं, सीमाएँ देखें)। हालाँकि, प्रतिबद्धता ही प्यार नहीं है। प्रतिबद्धता भावनाओं और भावनाओं का अवशेष है। यह विकसित हुए विश्वास और अंतरंगता का अवशेष है।

संपादकीय

विपक्ष की जीत

वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी परीक्षण के बाद संसद में पेश किया गया, परंतु भारी विरोध के कारण सरकार ने इसे वापस लेकर विपक्षी सदस्यों की असहमति रिपोर्ट के साथ पुनः जारी किया। इसमें वे टिप्पणियां भी शामिल की गई, जिन्हें पहले संपादित कर दिया था। रिपोर्ट में विपक्षी सदस्यों की टिप्पणी को को शामिल न करने को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन करार दिया। उच्च सदन से विपक्ष ने भारी हंगामे के बाद बहिर्गमन किया। राष्ट्रपति की मुहर लगते ही 66 साल पुराने वक्फ के कई कानून बदल जाएंगे। इस कानून के बदलने का असर वक्फ की संपत्तियों पर होना तय है। देश में तकरीबन 32 वक्फ हैं। अल्लाह को दान की गई संपत्ति को वक्फ कहा जाता है। इसमें मस्जिद, कब्रिस्तान, ईदगाह, मजारें शामिल हैं। कुछ राज्यों में शिया-सुन्नियों के अलग-अलग वक्फ भी हैं। अल्पसंख्यक मंत्रालय के अनुसार, वक्फ के पास साढ़े सोलह हजार से ज्यादा चल संपत्तियों व पौने नौ लाख अचल संपत्तियों का पंजीयन है। इनमें से कई संपत्तियों, इमारतों व भूमि के इनके पास कोई दस्तावेज नहीं हैं। अब तक के नियमों के अनुसार बोर्ड. में सिर्फ मुसलमान ही सदस्य हुआ करते थे। मगर नये नियमों में दो गैर-मुस्लिम भी रखे जाएंगे। इसका विरोध सिर्फ मुसलमानों द्वारा ही नहीं हो रहा है, बल्कि विपक्षी दलों ने भी नये नियमों पर आपत्ति दर्ज की है। इसे धार्मिक भेदभाव पर आधारित व संविधान के मूल्यों के खिलाफ बताया जा रहा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड. के अध्यक्ष ने इस विधेयक के पारित होने पर देशव्यापी आंदोलन की धमकी भी दी। मोदी सरकार पर धार्मिक आधार पर देशवासियों के साथ किये जा रहे भेदभाव से कोई असहमत नहीं है। कहना गलत नहीं होगा कि विभिन्न हिन्दू धार्मिक संस्थाओं व तमाम मंदिरों के पास भी बगैर दस्तावेजों वाली संपत्तियां हो सकती हैं। देश में सरकारी/खाली पड़ी जमीनों पर अतिक्रमण करने और नाजायज तौर पर निर्माण करने में विशेष समुदाय के लोग ही शामिल नहीं हैं। पिछली सरकारों ने यदि वक्फ को विशेष छूट दे रखी थी तो बहुसंख्यकों को आज परोक्ष-अपरोक्ष तौर पर मनमानी करने का मौका कम नहीं दिया जा रहा। भू-माफियाओं या अतिक्रमण की नीयत से धर्म की आड़. लेने वाले किसी भी शख्स पर किसी तरह के राजनीतिक प्रश्रय से सख्ती से रोकने के प्रयास होने चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में धार्मिक आधार पर पक्षपात निंदनीय है।

चिंतन-मनन

खुद को दूसरों से श्रेष्ठ मानकर अहंकार न करें

ईश्वर ने जब संसार की रचना की तब उसने सभी जीवों में एक समान रक्त का संचार किया। इसलिए मनुष्य हो अथवा पशु सभी के शरीर में बह रहा खून का रंग लाल है। विभिन्न योनियों की रचना भी इसलिए की ताकि मनुष्य कभी इस बात का अहंकार न करें कि वह दूसरों से श्रेष्ठ है क्योंकि जीवन और मरण के चक्र में कौन कब किस योनि में जाएगा यह किसी को पता नहीं।

समानता के पीछे ईश्वर की यही इच्छा थी कि संसार में आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहे, लोगों में छोटे अथवा बड़े का भेद पैदा नहीं हो। लेकिन समय के साथ मनुष्य की बौद्धिक क्षमता बढ़ती गयी किन्तु व्यवहारिक ज्ञान का लोप होता चला गया। मनुष्य ईश्वर की इच्छा को समझ नहीं पाया और आपस में भेद-भाव करने लगा। शास्त्रों में लिखा है कि जो ईश्वर की इच्छा का सम्मान नहीं करता है ईश्वर उससे नाराज होते हैं परिणामस्वरूप व्यक्ति का पतन हो जाता है।

एक कथा इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। महाभारत युद्ध के बाद काफी समय तक पांचों पाण्डवों ने कुशलता पूर्वक शासन करते हुए राज सुख का आनंद लिया। इसके बाद अपने उत्तराधिकारी को शासन का कार्य भार सौंप कर सभी ने सशरीर स्वर्ग की ओर प्रस्थान करने की योजना बनायी। निश्चित समय पर द्रौपदी समेत पांचों पाण्डव स्वर्ग की यात्रा पर निकल पड़े। मार्ग में उन्हें एक काला कुत्ता मिला। कुत्ता भी इनके पीछे-पीछे चल पड़ा। युधिष्ठर को छोड़कर सभी भाई एवं द्रौपदी को यह अच्छा नहीं लगा कि कुत्ता उनके साथ सशरीर स्वर्ग प्राप्त करे।

सभी भाईयों ने कुत्ते को धक्का देकर पर्वत से नीचे गिराना चाहा। लेकिन, कुत्ता पर्वत से नहीं गिरा बल्कि बारी-बारी से सभी भाई और द्रौपदी पर्वत से गिर पड़े और सशरीर स्वर्ग नहीं पहुंच पाये। युधिष्ठर के पीछे-पीछे कुत्ता चलता रहा लेकिन युधिष्ठर ने इसका एतराज नहीं किया। स्वर्ग के पास पहुंचने पर एक विमान सामने नजर आया।

युधिष्ठर इसमें बैठ गये तो कुत्ता भी साथ में आकर बैठ गया, इस पर भी युधिष्ठर ने एतराज नहीं किया। युधिष्ठर की दयालुता और समानता के भाव को देखकर कुत्ता बनकर साथ में चल रहे धर्मराज अपने वास्तविक रूप में प्रकट हो गये और युधिष्ठर से कहा कि वास्तव में तुम धर्म के प्रतीक हो और तुम सशरीर स्वर्ग में प्रवेश करने की योग्यता रखते हुए। इस तरह समानता के भाव की वजह से युधिष्ठर सशरीर स्वर्ग में स्थान प्राप्त करने में सफल हुए और असमानता का भाव रखने वाले शेष पाण्डव अपने उद्देश्य में असफल हुए।

नौनिहालों के सपनों पर हावी होते कोचिंग सेंटर

प्रियंका सौरभ

भारत में कोचिंग सुविधाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। ये केंद्र छात्रों को स्कूल स्तर की परीक्षाओं के साथ-साथ जेईई, नीट और यूपीएससी की तैयारी में मदद करते हैं। हालाँकि, इस उद्योग की विस्फोटक वृद्धि से कई चिंताएँ भी पैदा हो रही हैं। लगभग 58, 000 करोड़ के बाजार मूल्य के साथ, भारत का फलता-फूलता कोचिंग क्षेत्र अब पूरे देश से करोड़ों छात्रों को आकर्षित करता है। पारंपरिक शिक्षा में अंतर को पाटने के लिए, ये निजी संस्थान विशेष परीक्षा की तैयारी प्रदान करते हैं। हालाँकि, चिंताएँ हैं कि उनका बाजार-संचालित दृष्टिकोण औपचारिक शिक्षा के मानकों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और शैक्षणिक माँगों को बढ़ाकर छात्रों की पढाई पर भारी बोझ डालता है। कोचिंग सेंटरों के विस्फोटक विकास के कारण भारत में औपचारिक शिक्षा प्रणाली और छात्रों के कल्याण सम्बंधित चिंताएँ जताई गई हैं।

छात्रों की भलाई और औपचारिक शिक्षा में कोचिंग सेंटरों का प्रभाव कम हो गया है। छात्र अपनी अकादमिक पढ़ाई से पहले कोचिंग सत्रों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे व्यापक शिक्षा प्रदान करने में स्कूलों की भूमिका कम हो जाती है। उदाहरण के लिए, बहुत से छात्र केवल उपस्थिति आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्कूल जाते हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए केवल ट्यूशन सुविधाओं का उपयोग करते हैं। कोचिंग सेंटर में लंबे समय तक पढ़कर कड़ी प्रतिस्पर्धा करने वाले छात्र तनाव, चिंता और बर्नआउट का अनुभव करते हैं। कोटा के छात्रों की आत्महत्या की रिपोर्ट कोचिंग सेंटर के माहौल से होने वाले गंभीर मनोवैज्ञानिक नुकसान को दशार्ती है। कोचिंग सेंटर अकादमिक फोकस और तैयारी की रणनीतियों पर हावी हैं, जिससे छात्रों की अपनी शिक्षा में रुचि खत्म हो जाती है। कोचिंग सेशन में भाग लेने के लिए, कई सीबीएसई स्कूलों में छात्र महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक वर्षों के दौरान नियमित कक्षाएँ छोड़ देते हैं। उच्च कोचिंग लागत आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को उच्च-गुणवत्ता की तैयारी तक पहुँचने से रोककर शैक्षिक अवसरों में अंतर को और बढ़ा देती है। प्रीमियम जेईई तैयारी कार्यक्रमों की लागत लाखों तक है, जो उन लोगों को अलग करती है जो कोचिंग का खर्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते हैं।

कोचिंग उद्योग कई कारकों के परिणामस्वरूप विकसित हुआ है। कोचिंग की आवश्यकता उच्च-दांव वाली प्रवेश परीक्षाओं, जैसे कि जेईई और एनईईटी पर जोर देने से प्रेरित है। आईआईटी सीटों की सीमित संख्या के कारण, छात्र चयनित होने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेते हैं। माता-पिता और छात्रों के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए कोचिंग सेंटर आवश्यक हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन में सुधार होगा, इसलिए कई माता-पिता कोचिंग फीस पर बड़ी रकम खर्च करते हैं। औपचारिक शिक्षा में प्रतियोगी परीक्षाओं की उन्नत तैयारी का अभाव अक्सर एक कमी छोड़ देता है जिसे कोचिंग सेंटर भर देते हैं। राज्य बोर्ड राज्य बोर्ड और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान पर जोर देते हैं, जबकि कोचिंग सेंटर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी प्रदान करते हैं। कोचिंग सेंटर में शामिल होने के लिए छात्रों पर साथियों और अभिभावकों के दबाव के परिणामस्वरूप कोचिंग संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। पूरा परिवार कोटा और हैदराबाद जैसी जगहों पर कोचिंग के अवसरों के लिए जा रहा है। कोचिंग सेंटर रैंक-केंद्रित विज्ञापनों और सफलता की कहानियों के साथ छात्रों को आकर्षित करते हैं। अपने विज्ञापनों में, कोचिंग सेंटर अपने सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रदर्शित करते हैं, जिससे यह धारणा बनती है कि सफलता सुनिश्चित है। इसका सामान्य रूप से शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है। कोचिंग सेंटरों द्वारा पाठ्यक्रम से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर जोर दिए जाने के परिणामस्वरूप छात्र अपनी नियमित शैक्षणिक पढ़ाई की उपेक्षा करते हैं। कक्षा 11 और 12 के दौरान, छात्र पूरे दिन के जेईई या नीट कोचिंग सत्र में भाग लेने के लिए अक्सर स्कूल छोड़ देते हैं। औपचारिक शिक्षा की वैधता कम हो जाती है क्योंकि छात्र अपना ध्यान कोचिंग सेंटरों की ओर मोड़ते हैं, जिससे शिक्षक की प्रेरणा कम हो जाती है। छात्र केवल कोचिंग सामग्री का उपयोग करते हैं और शहरी क्षेत्रों के स्कूल कक्षा में कम भागीदारी की रिपोर्ट करते हैं। परीक्षाओं में सफल होने के लिए रटने को प्रोत्साहित करके, कोचिंग सेंटर स्कूलों में सिखाई जाने वाली आलोचनात्मक सोच और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग कौशल को कमजोर कर देते हैं। प्रवेश परीक्षा अध्ययन मार्गदर्शिकाएँ अक्सर वैचारिक विश्लेषण की तुलना में नियमित समस्याओं को हल करने पर अधिक जोर देती हैं। खेल, कला और पाठ्येतर गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं क्योंकि छात्र कोचिंग कक्षाओं में बहुत अधिक समय व्यतीत करते हैं। छात्र अक्सर इंजीनियरिंग या मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी करते समय स्कूल द्वारा प्रायोजित एथलेटिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से चूक जाते हैं। परीक्षा-केंद्रित संसाधनों तक पहुँच उच्च कोचिंग लागतों द्वारा सीमित है, जिसके परिणामस्वरूप एक दोहरी प्रणाली है जहाँ केवल गरीब ही मुख्यधारा की शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। सरकारी स्कूली बच्चे अल्प शैक्षिक संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि अमीर छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में जाते हैं।

स्कूलों में पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए, निजी कोचिंग सुविधाओं पर निर्भरता कम करने के लिए स्कूलों में कोचिंग सत्र और उन्नत शिक्षण मॉड्यूल शुरू करें। ऑनलाइन संसाधनों को प्रोत्साहित करें जो परीक्षण लेने की लागत और आय के बीच के अंतर को कम करने के लिए अधिक किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं। सभी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नपटल और दीक्षा जैसे प्लेटफॉर्म द्वारा दिए जाने वाले मुफ़्त संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। विशेष कोचिंग की आवश्यकता को कम करने के लिए ज्ञान-भारी परीक्षाओं की तुलना में योग्यता-आधारित आकलन को प्राथमिकता दें। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम विषय-वस्तु के ज्ञान की तुलना में योग्यता और आलोचनात्मक सोच को प्राथमिकता देता है। स्कूल के शिक्षकों को उन्नत निर्देश और सलाह देने के लिए आवश्यक संसाधन देने के लिए शिक्षक तैयारी कार्यक्रमों पर पैसा खर्च करें। देश भर के शिक्षकों के पेशेवर कौशल को बढ़ाना निष्ठां जैसे सरकारी कार्यक्रमों का लक्ष्य है। ऐसे दिशा-निर्देश बनाएँ जो एक अच्छी तरह से पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दें जो प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा देने की रणनीतियों के साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक और एथलेटिक निर्देश को जोड़ता हो। 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) अंतःविषय शिक्षा को बढ़ावा देती है और उच्च-दांव वाली परीक्षाओं से जुड़े तनाव को कम करती है। कौशल-आधारित पाठ्यक्रम, व्यक्तिगत शिक्षण और नवीन शिक्षण तकनीकों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा को बढ़ाकर कोचिंग केंद्रों पर निर्भरता को कम किया जा सकता है। मजबूत कानून, उचित मूल्य, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और छात्रों की भलाई को बढ़ावा देने से निष्पक्ष, व्यापक शिक्षण वातावरण की गारंटी होगी। नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था, शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। भविष्य समानांतर शैक्षिक प्रणालियों में नहीं है, बल्कि अंतराल को बंद करने में है।

(यह लेखिका के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

गंगा-यमुनाः साफ-सफाई के खोखले दावे

सुरेश भाई

कहावत है कि 'पानी में मल-मूत्र का विसर्जन और आग में थूकना' दोनों मनुष्य जीवन को सुखी नहीं रख सकता है, लेकिन जब मनुष्य श्रेष्ठ प्राणी बन गया है तब ये दोनों काम एक साथ कर रहे हैं। इन आदतों में सुधार न होने के कारण गंगा-जमुनी संस्कृति पर गंदगी का साम्राज्य बढ़ गया है। इसके बावजूद बुजुर्गों की कही बातों के पीछे का जो वैज्ञानिक सच है उसकी चर्चा ही नहीं हो रही है और यदा-कदा सत्ताधारी लोग कह देते हैं कि वे गंगा और यमुना को साफ कर देंगे।

हम गंगा के उस रौद्र रूप को भी भूल जाते हैं जब वह बरसात में स्वयं स्वच्छ हो जाती है, लेकिन जहां साल भर में गंगा, यमुना के जल में जितनी कमी होती है उससे कई गुना अधिक उसमें उड़ेली जा रही गंदगी की मात्रा भी दिनों दिन बढ़ रही है। यानी स्थिति अब इतनी बिगड़ चुकी है कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रतिदिन 10139.3 मिलियन लीटर में (एमएलडी) सीवेज जा रहा है। जबकि बताया जाता है कि अब तक इसको साफ करने के नाम पर लगाए गए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट आधे के बराबर भी गंदगी को साफ नहीं कर पा रहे हैं। इसी पर करोड़ों रुपये भी खर्च हो रहे हैं फिर भी गंगा में उड़ेली जा रही गंदगी थोड़ी सी भी कम नहीं हो रही है। बल्कि जल की गुणवत्ता को जहरीला बनाने वाले कचरे की मात्रा दिनों दिन बढ़ती जा रही है। भूजल भी इतना अधिक प्रदूषित हो गया है कि उसके सेवन से तरह-तरह के रोग हो रहे हैं। अब तक गंगा सफाई के प्रयास कम नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद हरिद्वार से ही गंगा जल स्नान करने योग्य नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जब पहली बार बनारस से चुनाव में जीत हासिल की तो उन्होंने बहुत ही भावुक होकर कहा कि वे गंगा की अविरलता और निर्मलता की लिए काम करेंगे। इसके फलस्वरूप 'नमामि गंगे परियोजना' प्रारंभ की गई। उस समय जल संसाधन मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रही उमा भारती को गंगा सफाई की जिम्मेदारी भी दी गई थी। उमा भारती जी ने यूपीए सरकार के सामने भी गंगा पर बांधों और बैराजों का प्रबल विरोध किया था। उन्हें जब यह जिम्मेदारी मिली तो लोगों की बड़ी आशा थी कि गंगा सचमुच साफ हो जाएगी, लेकिन उनके ढाई साल के कार्यकाल में गंगा सफाई के लिए प्रस्तावित बजट 20 हजार करोड़ में से जब लगभग 5 हजार करोड़ ही खर्च हुए तो एनजीटी ने पूछा कि गंगा के 2500 किमी लंबाई में कोई भी जगह बता दो जहां गंगा साफ हो गई है। उनके बाद नितिन गडकरी जी को 'नमामि गंगे' की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने 2019 तक गंगा की सफाई का दावा किया था। तब से अब तक स्थिति यह है कि हरिद्वार के बाद कोलकाता तक गंगा में स्नान करने लायक पानी भी नहीं बचा है। 2024 के अंत तक तो ऐसी स्थिति भी सामने आई कि गंगा के उद्गम गंगोत्री के स्वच्छ जल में भी इतनी गंदगी बढ़ गई थी कि उसे भी विशेषज्ञों ने स्नान करने योग्य नहीं पाया। जिसमें रात-दिन कुछ सुधार भी किए गए हैं। उद्गम से ही गंगा का प्रदूषित होना इसलिए है कि गंगा के किनारे बने हुए शौचालयों के पाइपों का संपर्क जलधारा से जुड़ा हुआ है। मनुष्य द्वारा पैदा किए जा रहे अन्य प्रकार के गंदे जल की निकासी भी हो रही है। छोटे-बड़े उद्योगों और कारखानों से छोड़े जा रहे कचरे ने भी गंगा के अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिया है। यह कैसी विडंबना है कि गंगा में घनघोर गंदगी के बहाने के बाद भी हमारी आस्था खत्म नहीं होती है। हम गंदगी भी उड़ेल रहे हैं और फिर उसकी आरती भी उतार रहे हैं। गंगा अकेली नहीं है। इसकी सबसे बड़ी नदी जिसकी लंबाई बंदरपूछ पर्वत (6300मी) से यमुनोत्री मंदिर होकर आ रही लगभग 1376 किमी की दूरी पर प्रयागराज में गंगा से मिलती है। यमुना की सहायक नदियां जैसे टोंस, हिंडन, चंबल, छोटी बेतवा, केन आदि है। इन सब की हालात किसी गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति से कम नहीं है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी अपने कार्यकाल में यमुना की सफाई की घोषणाएं की थी, लेकिन वे अपना वादा पूरा न कर सके। अभी दिल्ली में भाजपा सरकार आयी है; वे भी सफाई का दावा कर रहे हैं।

इस पर सवाल उठता है कि गंगा की सफाई के लिए जो नियम कानून बने हैं उसके तहत जो स्थिति उभर कर आ रही है कि क्या यमुना भी आने वाले दिनों में साफ हो पाएगी? यह सवाल इसलिए है कि केवल दिल्ली में यमुना जितनी लंबाई में बहती है उसी में 80 प्रतिशत गंदगी फैली हुई है। क्या यमुना साफ होगी? गंगा की निर्मलता के लिए विचारों की कमी नहीं है। अच्छी-अच्छी योजनाएं और परियोजनाएं भी हैं, किंतु अविरलता के विषय पर भी सोचना इसलिए जरूरी है



कि यदि जल धारा को रोकने वाले बांध और बैराज बनेंगे तो उससे गंगा में प्रदूषण की समस्या बढ़ेगी और गंगा, यमुना के क्षेत्र में भूजल की कमी होगी। इसलिए नदी धाराओं के आसपास की वनस्पतियों और जलाशयों के विकास पर भी ध्यान देने की जरूरत है। ध्यान रहे कि नदियों के पास रहने वाले समाज को न जोड़ सके तो थोड़े दिन की सफाई के बाद फिर यमुना भी वैसी की वैसी रह जाएगी।

नई शुरूआत का वसंत

गीता दुबे

आज वसंत पंचमी का दिन है, लेकिन उसके भीतर न कोई उमंग है, न उल्लास। जब से दोनों बच्चों ने अमेरिका की नागरिकता ले ली है, उसके जीवन में एक रिक्तता घर कर गई है। वह धीरे-धीरे जीवन के प्रति उदासीन होती चली गई है।

सुबह से ही वह बरामदे में खड़ी सामने के मैदान में बने पंडाल को मूकदृष्टि से देख रही है, अतीत में खोई हुई। पच्चीस वर्ष पहले, जब वह इस घर में ब्याह कर आई थी, उसके मन में सपनों की एक दुनिया थी। उसने बी.ए. ऑनर्स प्रथम श्रेणी में किया था और आगे पढ़कर कुछ बनना चाहती थी। लेकिन जब उसने अपने पति से यह इच्छा जाहिर की, तो उसका उत्तर सुनकर वह भीतर तक टूट गई थी।

पति ने कहा था–

देखो, मेरे लिए तुम्हारी पढ़ाई का मतलब बस इतना है कि तुम मेरे बीमार माता-पिता और छोटे भाई-बहनों की अच्छी देखभाल कर सको।

पति के विरुद्ध बोलना न उसने देखा था, न ही सुना था। वह चुप रह गई। उस दिन के बाद उसने अपने सपनों को तिलांजलि दे दी और खुद को इस घर की जिम्मेदारियों के प्रति सुपुर्द कर दिया। वह उसी में अपनी खुशी तलाशने लगी।

समय बीता, और जब उसकी गोद में दो नन्हे फूल खिले, तो उसे लगा कि वह दुनिया की सबसे खुशनसीब स्त्री है। मातृत्व के सुख ने उसे बाकी सब चिंताओं से परे कर दिया। वह अपनी दुनिया में उलझी रही, अपने आप को बेहद व्यस्त और खुश पाती रही। पर वह यह नहीं समझ पाई कि उसके अपने सपने कब और कहाँ बिखर गए। धीरे-धीरे वह केवल माँ, बहू, भाभी, चाची बनकर रह गई।

माता-पिता ने जो नाम दिया था, वह तो कब का मिट चुका था।

अब, पच्चीस वर्षों बाद, उसे यही सवाल सताए जा रहा है- उसने आखिर पाया क्या?

बच्चे भी तो अब अपने नहीं रहे। इस बार जब रिंकू भारत आया था, तो वह अमेरिका से अपनी ममा के लिए एप्पल का लैपटाप लेकर लाया था। जाते समय उसने कहा था-

ममा अब हम आपसे इसी पर वीडियो कॉल किया करेंगे और हम ढेर सारी बातें किया करेंगे।

लेकिन वह वीडियो कॉल कैसे करेगी? उसे तो लैपटॉप चलाना ही नहीं आता !

वह खुद को पूरी तरह अकेला पा रही थी। घर वही था, दीवारें वही थीं, लेकिन अब वह उसमें अपने आप को तलाश रही थी। वह अपने अतीत में डूबी खड़ी थी, तभी एक बच्ची, जिसकी उम्र बारह या तेरह वर्ष की रही होगी, पास आकर बोली-

आंटी, आंटी, क्या पूजा के लिए आपके बगान से कुछ फूल ले सकती हूँ?

जरूर, जरूर, जितने चाहे ले लो, उसने हल्की मुस्कान के साथ कहा।

बच्ची फूल लेकर जाने लगी, फिर ठिठककर बोली-

आंटी, आप भी चलिए ना, पंडाल में!

वह न जाने किस अनकही शक्ति से बंधी उसके साथ पंडाल तक चली आई। माँ सरस्वती की मूर्ति के सामने पूरी श्रद्धा से नतमस्तक हो गई। और तभी, जैसे भीतर कहीं कुछ जाग उठा। एक अजीब-सी ऊर्जा ने उसे घेर लिया।

अब वह केवल फूल ही नहीं बाँट रही थी, बल्कि खुद अपने हाथों से कागज की झालर बना रही थी, पंडाल को सजा रही थी। उसी क्षण वह बच्ची मुस्कुराकर उसके पास आई और बोली-

थैंक यू आंटी! आप बहुत अच्छी हैं। मेरा नाम सोनल है, मैं आपसे दोस्ती करना चाहती हूँ। आपका नाम क्या है? मैं आपको फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजूँगी!

वह ठिठक गई।

उसका नाम?

कई सालों से तो किसी ने उसे उसके नाम से पुकारा ही नहीं था।

क्षणभर की चुप्पी के बाद, जैसे खुद को दोबारा पहचानते हुए उसने कहा–

मेरा नाम... मेरा नाम अनामिका है। लेकिन मुझे कंप्यूटर चलाना नहीं आता। क्या तुम सिखा दोगी?

जी, आंटी! सोनल ने उत्साह से कहा।

उसने सोनल का हाथ थाम लिया।

एक हल्की मुस्कान उसके चेहरे पर खिल उठी। आज, बरसों बाद, उसने खुद से एक वादा किया- वह अपने सारे सपने पूरे करेगी।

उसके भीतर से एक आवाज आई- जहाँ सब कुछ खत्म होता है, वहीं से एक नई शुरूआत होती है।

यह उसकी नई शुरूआत का वसंत था।

व्यंग्य वार्ता

सांढ़ होने का सुख

ललन शर्मा

सांढ़ दरअसल ऐसा जीव है जो विश्व के किसी भी कोने में पाया जाता है। हमारे देश में तो हर गली-मुहल्ले व बाजार में सांढ़ मिल जाते हैं दरअसल सांढ़ ही किसी राष्ट्र का रीढ़ होता है। जिस मुल्क में सांढ़ न हो या सांढ़ की पूजा न हो तो उस राष्ट्र का न तो कोई नैतिक मूल्य होता है और न ही उसकी राष्ट्रीय पहचान होती है।

सांढ़ बनने का सुख लार्ड महाबलेश्वर के किसी होटल में छुट्टियाँ बिताने से कहीं ज्यादा है क्योंकि यह सुख चिरस्थायी होता है हमारे समाज में, सांढ़ को भोले शंकर का ड्राइवर सह गाड़ी होने के कारण देवता तुल्य माना गया है और इसी कारण सांढ़ को भी भोले शंकर की तरह मस्त-मस्त रहने की आदत होती है। फलस्वरूप सांढ़ को हर कोई श्रद्धा की दृष्टि से देखता है (आँखें हो या ना हो), यह जिसके द्वार पर चला जाता है वहाँ कुछ न कुछ प्राप्त कर ही लेता है। इसी गुण सम्पन्नता का लाभ उठाते हुए हमारे एक नेता मित्र ने अपना नाम सांढ़ कुमार रख लिया।

हमारे यहाँ सांढ़ को बांध कर रखने की प्रथा नहीं है इसलिए हम उन्हें खुला-सांढ़ भी कहते हैं है यानी सांढ़ सभी प्रकार के बंधनों से मुक्त होता है। चाहे वह तिहाड़ जेल (कांजी हाउस) की दीवार हो या अदालत की फटकार हो। घटिया से घटिया सांढ़ की भी समाज में एक सांस्कृतिक पहचान होती है इसलिए लोगों को चाहिए कि वे सांढ़ होने सुख अवश्य प्राप्त करें। सांढ़ में एक और खास बात होती है कि वह जब चाहे जहाँ चाहे मूँह मार सकता है जैसे वह चाहे तो पशुपालन विभाग का चारा खा सकता है। किसी सेठ की तिजोरी खुलवा सकता है, हवाला मार्ग बनवा सकता है। मूँह मारने के इस सात्विक गुण के साथ देह मारने का भी गुण सांढ़ में होता है। पर सांढ़ को कोई नहीं मार सकता है कोई इसे नहीं टोकता। सभी लोग सांढ़ के इन पुनीत कारनामों को श्रद्धा से देखते हैं। सांढ़ पर किसी प्रकार की आचरण-संहिता लागू नहीं होती है पर इसके हित में सरकारी संहिता में काट-छांट जरूर की जाती है।

सांढ़ के रहने के लिए कोई स्थान फिक्स नहीं होता है उसके लिए वसुधा ही कुटूम्ब है अस्तु वह अपर हाउस से लेकर विधान हाऊस को अपना घर समझता है कुछ लोग बैल को सांढ़ की श्रेणी में रखते हैं पर इससे सांढ़ खानदान के लिए कापीराइट का मामला बनता है यानि सांढ़ाधिकार कानून के खिलाफ बात है क्योंकि बैल का काम रात दिन खेत-खलिहान या बैलगाड़ी से जुते रहना है। आजीवन चार पैरों पर खड़ा रह श्रम करना है और सांढ़ तो सारे बंधनों से मुक्त-उन्मुक्त होकर भारत की खोज करने वाला प्राणी है इसलिए सांढ़ को बैल कहकर उसका अनादर नहीं करना चाहिए।

अर्थमंत्री के अनुसार जब से उदारीकरण शुरू हुआ है। सांढ़ों का उत्पादन बढ़ा है। सांढ़ों की गुणवता में वृद्धि हुई है। हरेक सांढ़ चार कदम सदन की ओर बढ़ा है और भविष्य में सांढ़ों की निर्यात की संभावना भी हैं। इसलिए हर गली-मुहल्लों में सांढ़-उद्योग फलने-फूलने लगे हैं इस तरह हम सुनहरे सांढ़ युग की ओर बढ़ रहे हैं है। सांढ़ों की एक और विशेषता है कि जब ये युद्ध करते हैं तो उसे संवैधनिक दर्जा दिया जाता है चूँकि सांढ़-युद्ध भारतीय संस्कृति का मूलमंत्र है इसलिए इस विशेष युद्ध पर क्रिमिनल कानून लागू नहीं होता इसलिए सांढ़ बनकर आदमी कानून को अपनी जेब में रखकर आसानी से विचरण कर सकता है। आप सभी जानते है कि हमारे राष्ट्र का दोहन हो रहा है या राष्ट्र को दुहा जा रहा है। दुहने की बात पर स्पष्ट है कि राष्ट्र या तो गाय होगी या गांधी जी की बकरी चूँकि गाय ज्यादा दुध देती है इसलिए नई आर्थिक नीति में गाय ही लाभदायक है। अब आप ही बतायें गाय को दुधारू बनाने के लिए या राष्ट्र को अपनी पीढ़ी चलाने के लिए या यों समझिए कि अपनी सभ्यता-संस्कृति बचाने के लिए सांढ़ महोदय की जरूरत तो पड़ेगी या नहीं। अतः सांढ़ हमारे देश का भविष्य निर्माण कर्ता है अस्तु सांढ़ बनकर राष्ट्र सेवा करने का सुख प्राप्त करें तथा दूसरों को सांढ़ बनने के लिए प्रेरित करें और सभी को एक नारा दें- सांढ़ ही देश को महान बनाता है

सड़क यात्राएँ

रीना सिन्हा सलोनी

सड़क यात्राएँ कस्बों, गाँवों, खेतों और जंगलों से गुजरती हुई पतली-चौड़ी और चिकनी-ऊबड़खाबड़ सी अंतहीन सड़कें न जाने कहाँ जाकर रुकती हैं ... और इन्हीं सड़कों पर अपने गंतव्य की ओर दौड़ती भागती गाड़ियाँ, माल ढोते भारी भरकम ट्रकों की कतारें, दोपहिया और साइकिल पर सवार आते-जाते लोग यूँ तो हर जगह एक से ही लगते हैं ... पर अगर गौर किया जाए तो जैसे-जैसे यात्रा आगे बड़ती है और स्थान बदलते हैं वैसे-वैसे परिवेश के साथ-साथ स्थानीय लोग, उनके घरों की बनावट, कपड़े पहनने का ढंग और बोली बदलती जाती है और इस बदलाव को बेहद करीब से महसूस करने के लिए सड़क यात्राओं से बेहतर कोई विकल्प नहीं... रेल या विमान यात्रा से उलट अपनी गाड़ी से की गई सड़क यात्रा में आप जहाँ चाहें वहाँ रुक सकते हैं और रास्ते में पड़ने वाले गाँवों,जंगलों, खेतों और लोगों से परिचित ही नहीं बल्कि उनके बारे में बेहतर जान सकते हैं ...शायद यही है सड़क यात्रा का असल रोमांच जिसे महसूस करने हम निकल पड़े ओडिशा के झाँसुगोड़ा की ओर ... झारखंड से सीमा पार कर ओडिशा में प्रवेश करते ही हमें संथाल और आदिवासी लोगों की जगह अब उड़िया बोलते लोग मिलने लगे थे... रंग बिरंगी और खास आकृतियों से सजी संबलपुर की बुनी सूती साड़िओं को पारंपरिक तरीके से पहने औरतों को देखकर अंदाज लगाना मुश्किल न था की हम ओडिशा में हैं ...खेतों के पार फैली छोटी-छोटी पहाड़ियाँ धीरे-धीरे गायब होने लगीं थीं और उनका स्थान ले लिया था छिटपुट पहाड़ी चट्टानों, झाड़ियों और जंगलों नें... सड़क के दोनों और दूर दूर तक फैली खुली जमीन ज्यादातर सूखी और उजाड़ ही थी ... बीच-बीच में कहीं कोई गाँव आता तो उसके आस पास धान, टमाटर, आलू और अन्य सब्जियों वाले खेत हरे भरे हो उठते और झाड़ियों और पेड़ों के झुरमुट में लाल खपरैली झोपड़ियों के झुंड झाँकते नजर आ जाते...सूखी लकड़ियों के बाड़े से घिरी मिट्टी और इटों की दीवारों वाली खपरैल झोपड़ियाँ... पास बंधी गाय और बकरियों के झुंड... और पास ही खेलते बच्चों का झुंड... कई झोपड़ियों के लिए बना एक अकेला चापाकल और वहाँ बड़े बड़े तसलों में पानी भरती महिलाओं की भीड़ ...पपीते और अमरूद के कई पेड़ और पेड़ के नीचे खटिया पर बैठे लोग...बैर, सहजन, आम और कटहल के अलावा और कई तरह के पेड़ों से घिरे ये गाँव मन को सुकून तो दे रहे थे पर इन गाँवों के लोगों के तंग हालात यहाँ की फैली गरीबी की कहानी भी कह रहे थे... ओड़िशा के कालाहांडी और बलांगीर कभी भारत के सबसे गरीब गाँव हुआ करते थे पर अब यहाँ के गाँवों स्थिति धीरे धीरे बदल रही है...आज ओडिशा के सुदूर हर गाँव में बने सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायत का दफ्तर, जरूरी सामान वाली छोटी छोटी दुकानें और गाँव तक पहुँची बिजली के साथ-साथ मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता को देखना अपनेआप में सुखद था... यहाँ के गांवों में बस्ता लेकर स्कूल जाते छोटे छोटे बच्चे आज के भारत के गाँवों की बदलती तस्वीर थे... इन गाँवों को देखकर लगता है शायद यही असली भारत है... हमारे देश का ज्यादातर हिस्सा जो गाँवों में बसता है उसे देखने और उनकी समस्याओं के बारे में जाने के लिए उन्हें पास से देखने की जरूरत है...और सड़क से की गई यात्राओं के दौरान उन्हें देखा ही नहीं बल्कि जिया भी जा सकता है।

हम हिन्दुस्तानी है

सुदीप्ता जेठी राउत

राहुल एवं पंकज दोनों को साथ में खेलते देख राहुल की मां (मोनिका)आग बबूला होकर दौड़ती हुई आयी और राहुल की कान जोरों से खींचती हुई राहुल को डांटते हुए घर की ओर चल दी। पंकज की मां (तपस्या) सामने खड़ी थी। उसकी कानों में हर एक शब्द तीर की भांति बिन्ध रही थी। मोनिका अपने बेटे को डांटते हुए कहने लगी--- कितनी बार कहा है कि पंकज के साथ नहीं खेलना है बल्कि अपने स्कूल के दोस्तों के साथ खेलो।पता नहीं उसके साथ रह के तुम्हें क्या मिलता है। हम लोग कितने कष्ट से तुम्हें इंग्लिश स्कूल में दाखिला करवाएं है और तुम उस हिंदी मीडियम स्कूल में पढ़ने वाले लड़के के साथ चिपके रहते हो।उसका क्या अपने पापा जैसा मजदूर बनेगा, लेकिन तुम्हें इंग्लिश स्कूल में पड़कर अफसर बनना होगा। राहुल कुछ बोलना कि मोनिका फिर चिल्ला उठती। यह सुनकर तपस्या ओर धीरज न धर पायी और मोनिका को टोकते हुए कहने लगी--- क्या तुम्हें भविष्य देखना आता है? जो मेरा बेटा क्या बनेगा, वो बता दिया। ऐसी गलत सोच मत पालो कि सिर्फ इंग्लिश मीडियम में पढ़ने से ही बच्चा तरक्की की ओर बढ़ता और हिंदी मीडियम के बच्चे मजदूर. हम हिंदुस्तानी हैं, हिंदी भाषी है और यह हमारा सौभाग्य है।आगे की पीढ़ी को भी यही सिखाएंगे मजदूर या अफसर यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।हम अपनी भाषा के साथ विदेशी भाषा का भी ज्ञान देंगे। सिर्फ विदेशी भाषा का नहीं, तपस्या अपनी बात खत्म कर अपने घर की ओर चल दी और मोनिका स्तब्ध सी खड़ी रह गई।

चुनावी परिणाम का रंग

बिनोद बेगाना

कार्यालय में 'आप' के, झाड़ू फॉके धूल।
वोटर नाचे जश्न में,लिए कमल का फूल।।

'महल' ;'जाम' में फॅस गए,आप केजरीवाल।
और प्रदूषण ने किया,बुरा आपका हाल।।

मैली यमुना रह गई, दिल्ली हुई न साफ।
कचरों के अंबार ने, नहीं किया तब माफ।।

हुई शिष्य की आज जो,बड़ी करारी हार।
अन्ना के दिल को मिले,चैन सुकून करार।।

चले नहीं सरकार में,बहुत दिनों तक झूठ।
इस कारण वोटर सभी,गए 'आप' से रूठ।।

पतझड़ की मानिंद ही,झड़े 'आप' के पात।
और बसंती फूल से,खिले 'कमल' के गात।।

सीधी टक्कर से हुआ,बीजेपी को लाभ।
धुमिल और भी हो गई, कांग्रेस की आभ।।

कॉफी

पुष्पा पाण्डेय

आ गयी? मैदान जीत कर।

घर के अन्दर प्रवेश करते ही दादी सास ने इन शब्दों से मेरा स्वागत किया। हाथ में मेडल और सम्मान पत्र को तिरछी नजर से निहारती हुई उन्होंने कहा।

आज कितना नुकसान हुआ। चाय के बदले कमली कॉफी बनाकर पी और कटोरी भर कर सब्जी ले गयी।

दादी सास कुछ दिनों से मेरे साथ रह रही थीं। घुटनों के दर्द से परेशान थीं। इलाज कराने के लिए अपने पास लेकर आई थी। आज पहली बार उन्हें कमली के साथ अकेले घर में रहना पड़ा। बड़ी मुस्तैदी के साथ कमली की निगरानी करती रहीं। भला नौकरों पर घर कैसे छोड़ती।...

अटल जी की पुण्य तिथि पर आयोजित साहित्यिक समारोह में मुझे साहित्य-रत्न सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया था।साढ़े ग्यारह बजे का समय था। नाश्ते का काम निपटाकर दोपहर का भोजन सहायिका कमली के सुपुर्द कर चली गयी थी। बेचारी दादी सास की नजरों में मेरे इस मामूली सा दिखने वाला मेडल एक कप दूध पर भारी कैसे दिखता? पीछे खड़े पतिदेव ने मेरी तरफ देखते हुए मुस्कुरा कर कहा।

कप दूध और एक कटोरी सब्जी या यह मेडल और सम्मान पत्र ?

क्या तुम पर अब कुछ खास लिखूं

डॉ मयंक मुरारी

क्या तुम पर अब कुछ खास लिखूं
कौन सा शब्दों में वो एहसास लिखूं

उस दौर के अमिट ख्याल में खोया
सुवास में सिमटी तुम्हारी सांस लिखूं

स्पंदन के तार से जुड़ तेरा बस होना
बेहद नाजुक उस दौर का रास लिखूं

दुखद, बीच राह में तुम्हारा छोड़ जाना
दिल की चाह का कैसे परिहास लिखूं

हरएक पल नया रंग लाती यह जिंदगी
बता, कैसे तेरा वो जादुई प्रकाश लिखूं

लालसा

रंजना वर्मा उन्मुक्त

महेश बाबु अपनी पत्नी के साथ बैठे चाय पी रहे थे।

बेटे ने जो फ्लैट बुक किया था,उसकी चाभी उसे मिल गयी है।कहीं शह बहू और बच्चों के साथ वहीं न शिफ्ट कर जाये।....पत्नी ने कहा ।

अरे नहीं! उसने फ्लैट बुक करते समय ही कहा था,केवल पैसा इन्वेस्ट कर रहा था।मुझे यकीन है, हमलोग को छोड़ कर वह कभी नहीं जायेगा ।.....महेश बाबु ने मुस्कुराते हुए कहा ।पता नहीं क्यों उनकी आँखों के सामने उनकी माँ का चेहरा आ गया ।बीस साल पहले उन्होंने अपने माता-पिता का घर यह कहते हुए छोड़ दिया था कि ऑफिस की तरफ से इतना बढ़िया फ्लैट मिल रहा है,अगर अभी शिफ्ट नहीं करेंगे तो फ्लैट हाथ से चला जायेगा ।पत्नी का इतना दबाब था कि उन्होंने अपनी माँ का अश्रुपूरित आँखों को भी नजरअंदाज कर दिया ।माँ ने बड़ी धीमी आवाज और बेचारगी भरे आवाज में कहा था,तुमलोगों के बगैर हमलोग कैसे रह पायेंगे ।बच्चों के बिना घर खाने को दौड़ेगा।

माँ का उदास और बुझा हुआ चेहरा उनकी आँखों के सामने आ गया ।लेकिन पत्नी की हार्दिक इच्छा और सुखद स्वछन्द जीवन की लालसा ने उन्हें सरकारी आवास में रहने को मजबूर कर दिया ।

वे अभी ये सब सोच ही रहे थे कि तभी बेटा आया और उनकी बगल में बैठ गया ।बोला, पिताजी! एक बात कहनी है ।हमें नये फ्लैट की चाभी मिल गयी है ।हमलोग वहीं शिफ्ट होना चाहते हैं ।वहाँ से मेरा ऑफिस और बच्चों का स्कूल नजदीक है।नीना को भी वहीं पास के स्कूल में टीचर की नौकरी लग गयी है ।

महेश बाबु ने अपनी पत्नी की तरफ देखा .....उसका चेहरा बिलकुल उनकी माँ की तरह दिख रहा था ..... उदास और बुझा हुआ ।

मधुमास

गीता सिन्हा गीतांजलि

सूरज की रोशनी तेज हुई,
आया चुपके से *मधुमास।*
फूल - फूल मुस्काया,
फैलेगी मंजरियों की सुवास।
घर-घर, आँगन - आँगन,
ढ़ो रही हवा धीरे-धीरे.... फिर,
फलों में भर देगी मिठास।
बेरों की झाड़ियाँ गदराई।
हरे - हरे, पीले - पीले जो थे कल,
होने लगे लाल- लाल आज।
सूरज की रोशनी तेज हुई,
आया चुपके से *मधुमास।*
ठंढ़क भागी दूर-दूर,
बसंत आने का देने लगा आभास।
सूरज की रोशनी तेज हुई,
आया चुपके से *मधुमास।*
सूखे पौधे भी पहने अब,
हरियाली वाले परिधान,
जो कान तरसे थे हमारे,
अब आने लगी कोयलों की तान।
बेकार हुए सब ऊनी कपड़े,
देने लगे तन को त्रास।
अब ₹कोल्ड ड्रिंक₹ सज जाएगा,
सबको आएगा ये रास।
सूरज की रोशनी तेज हुई,
आया चुपके से *मधुमास।*
सरसों के पीले फूल सभी,
बदल गए हरी फलियों में।
पीला रंग फीका सा पड़ा,
जैसे खेतों में पड़ी कुहास,
सूरज की रोशनी तेज हुई,
आया चुपके से *मधुमास।*
महुआ के फल अब टपकेंगे,
हवाओं की फीकी सी वो ₹हास₹
घोलेगी मादक सुगंध
मदमस्त पवन की लगी है आस।
सूरज की रोशनी तेज हुई,
आया चुपके से *मधुमास।*

मैं वही धड़कन हूँ

मनीष कुमार

मैं वही धड़कन हूँ,
जो हर इंसान के सीने में एक जैसी धड़कती है।
ना किसी मजहब की, ना किसी जाति की,
ना ऊँच-नीच की, ना सरहदों की मोहताज।

मैं उस बच्चे की हँसी में भी बसती हूँ,
जो भूख से बेखबर माँ की बाहों में सो जाता है।
मैं उस मजदूर की साँसों में भी घुली हूँ,
जो ईंट-दर-ईंट अपना कल जोड़ता है।

मैं वही धड़कन हूँ,
जो हर इंसान के सीने में एक जैसी धड़कती है।
पर तुमने मुझे बाँट दिया–
नामों में, बस्तियों में, पहचानों में।
कहीं मैं तेजी से धड़कती हूँ,
कहीं मैं सहमी हुई सिसकती हूँ।

मैं उस बूढ़े बाप के सीने में भी हूँ,
जो दरवाजे पर बैठा बेटे की राह तकता है।
मैं उस माँ के दिल में भी धड़कती हूँ,
जो परदेस गए बेटे की चिट्ठी को सीने से लगाती है।

मैं वही धड़कन हूँ,
जो हर इंसान के सीने में एक जैसी धड़कती है।
फिर क्यों मुझमें इतनी दीवारें खड़ी कर दी?
क्यों मेरा स्पंदन कहीं तेज, कहीं मंद कर दिया?
मैं तो बस ज़िंदा रहना चाहती हूँ,
हर दिल में–बिना किसी दायरे, बिना किसी भेद के।

मत बाँटो मुझे, मत जकड़ो मुझे–
मैं तो जीवन की पुकार हूँ,
मैं तो बस एक धड़कन हूँ,
जो हर इंसान के सीने में एक जैसी धड़कती है।

वर्षगाँठ



आनन्द बाला शर्मा

प्रभाकर जी और सुधा जी आज अपने विवाह चालीसवीं वर्षगाँठ मना रहे थे। सुबह से ही बधाइयों
का तांता लगा हुआ था।आस पड़ोस वालों, मित्रों परिचितों और रिश्तेदारों की शुभकामनाओं के बीच समय का पता ही नहीं चला। बच्चे भले ही दूर थे पर उनकी फोन कॉल्स ,मेसेज और विडियो कॉलिंग पर उनसे हुई बातचीत ने दूरी का अहसास ही नहीं होने दिया । मन उल्लास और खुशी से भरा था। सुधा जी ने आज दोपहर का भोजन प्रभाकर जी की पसंद का बनाया था। भोजन के बाद दोनों बालकनी में बैठकर बातें करने लगे। यादों का सिलसिला जारी था। बातों के बीच सुधा को विचार मग्न गुमसुम सा देख प्रभाकर ने सुधा के हाथों कों अपने हाथों में ले कोमल स्वर में पूछा- क्या बात है सुधा ? क्या सोच रही हो? 'कुछ नहीं , बस ऐसे ही'- सुधा ने धीमे स्वर में कहा 'नहीं कुछ तो है तुम्हें बताना ही होगा सुधा'- प्रभाकर जी ने जोर देकर पूछा। सुधा ने धीरे-धीरे कहना शुरू किया- यही कि जब मैं आपसे किसी बात पर रूठ जाती थी तो आप मुझे कभी मनाने की कोशिश क्यों नहीं करते थे। कुछ पूछते भी नहीं थे। मैं हमेशा यह चाहती थी कि आप कुछ मनुहार करें, मुझे मनाएं पर आपने कभी यह नहीं किया ।

'बात यह है सुधा कि मैं जानता था कि तुम नाराज हो 'पर मैं बात बढ़ाना नहीं चाहता था। अगर मैं कुछ पूछता तो तुम कुछ कहती और जवाब में मैं फिर कुछ कहता ।इस तरह बात बढ़ती ही जाती । मेरे
न बोलने पर शिकायतों का सिलसिला थम जाता था और कुछ समय बाद फिर सब नार्मल हो जाता था। इतनी सी ही बात थी बस।' सुधा के चेहरे की चमक लौट आई थी।

हिंदी मीडियम

निर्मला कर्ण



निकेत आज कार्यालय में अपने उच्च अधिकारी के रूप में सौरभ को देखकर आश्चर्यचकित हो गया। उन दोनों के पिता रविंद्र और मोहन अपने विद्यालय के समय के ही मित्र थे। मोहन तृतीय वर्ग की सरकारी नौकरी में थे और रविंद्र का अपना व्यवसाय था। व्यवसायी रविंद्र के बच्चे शहर के सबसे बड़े अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में पढ़ते थे, वहीं मोहन बच्चों को हिंदी माध्यम के सरकारी विद्यालय में ही पढ़ाते थे। कुछ तो सामान्य आय और अधिक मातृभाषा के प्रति लगाव के कारण। रविंद्र इसके लिए कंजूस कहकर उनकी खिल्ली उड़ाते और उनके बच्चे भी मोहन के बच्चों को हेय समझते, जताते भी थे नीचे स्तर का बच्चा कहकर।

बच्चों के दुःखी होने पर मोहन अपनी भाषा का महत्व बताकर प्रोत्साहित करते लगन से पढ़ाई करने के लिए। उनकी पढ़ाई में वह पूरी सहायता करते । समय का महत्व बतला कर समय बर्बाद नहीं करने की बात भी समझाते । वह उनकी पढ़ाई,और उनके पूरे क्रियाकलाप पर स्वयं निगरानी करते ।

आज माता-पिता का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन पाकर और पढ़ाई में लगन शील कुशाग्र बुद्धि सौरभ ने अधिकारी के रूप में जब कार्यालय में अपना योगदान दिया इसी कार्यालय में सहायक के रूप में कार्यरत निकेत जो हमेशा उसकी खिल्ली उड़ाता था हिंदी माध्यम का विद्यार्थी कहकर उसके समक्ष अपनी आँखें शर्म से झुकाये हुए था।

रविंद्र ने उसे समझाया - मित्र भाषा तो सिर्फ माध्यम है, हमारी अपनी भाषा में भी पढ़ाई के बहुत साधन हैं। हिंदी में हम अपनी पढ़ाई की सभी बातें आसानी से समझ सकते हैं क्योंकि वह हमारी मातृभाषा है। भाषा तो हम कभी भी सीख सकते हैं, सिर्फ अंग्रेजी बोलना बड़ी बात नहीं होती है। सफलता हमें भाषा से नहीं अपनी बुद्धि और लगन से मिलती है।

लो आ गया बसंत

डॉ आशा गुप्ता श्रेया

धीमी होती जीवन गति भरो नई उमंग सब में
स्पंदित जड़ टहनियाँ वसुधा मुसकाये जग में
प्रेम नगर में ढूँढें प्रियतम बंजारा फाल्गुन रंग
कुहू कुहू कर कोयलिया पुकारती उपवन में !

सुख पा पुष्प झूमते गाते हैं बासंती धुन में
दीपशिखा सी जिंदगी संभले आँधी के घन में
ईश्वर का वरदान है मानव जनम धरा पर
हृदय स्नेह विश्वास से चलो संग संग जीवन में !

थिरकन को तरसे मधुवन नवजीवन तरंग में
भ्रमर दल भी कर रहे गुंजन मद भरे चमन में
महकाने को साँसों को मंद बयार चल रही
माँशारदे वीणावादिनी आशीष फले तनमन में!

सिंदूरी दिवस फागुनी प्रकृति के आँगन में
केसरिया सा रंग लिए खिले पलाश वन में
उड़ते पराग देखो बिखेरे सुगंध चहुँ दिशाएं
पंक्षी चहके आओ ऋतुराज खिले हर्ष हरमन में !

ऋतुराज की चतुरंगिणी सेना हंसती जग में
तम हटा प्रकृति लाती है प्रकाश इस जग में
बासंती परिधान देख उड़ते खग धरा नभ तक
लो आ गया बसंत उठो हँसो मनु इस जग में!

कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ कर रही सत्ता संघर्ष जो इंडिया ब्लॉक में हैं सहयोगी

नई दिल्ली। कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के साथ अपने संबंधों को कैसे सुधारे, जिन्होंने राज्यों में उसे सत्ता से बेदखल कर दिया है, लेकिन इंडिया ब्लॉक के बैनर तले सहयोगी बने हुए हैं। कांग्रेस कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों के साथ सत्ता संघर्ष में लगी है। इसकी वजह है कि वे एक-दूसरे पर बढ़त हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में खत्म हुए दिल्ली चुनाव कांग्रेस की आक्रामक रणनीति का एक ज्वलंत उदाहरण था। देश की सबसे पुरानी पार्टी लगातार तीसरी बार दिल्ली विधानसभा में कोई सीट नहीं जीत पाई, लेकिन अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल करने में अहम भूमिका निभाने में कामयाब रही। दोनों दलों के बीच वोटों के बंटवारे ने बीजेपी को जीत दिलाई। पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार की टिप्पणी पार्टी के भीतर की सोच को दर्शाती है। बंगाल कांग्रेस प्रमुख ने पश्चिम बंगाल की सीएम और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि दिल्ली चुनाव के नतीजों के बाद, कई क्षेत्रीय दलों को एहसास हुआ है कि उस चुनाव में कांग्रेस को नजरअंदाज करना एक गलती थी। आप जैसी पार्टियों और उनके जैसे सोचने वालों के साथ समस्या यह है कि वे बीजेपी की बी-टीम से ज्यादा कुछ नहीं हैं। ममता बनर्जी ने राज्य में 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया है।

बांग्लादेश से पाकुड़ आया आतंकी, युवाओं को दी ट्रेनिंग, एटीएस कर रही जांच

रांची। झारखंड में कुछ लोगों को आतंकी ट्रेनिंग दिए जाने की खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि बांग्लादेश से आकर एक आतंकी झारखंड के पाकुड़ जिले के कुछ युवकों को आतंक के रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह खुलासा एक खुफिया पत्र के जरिए हुआ है। पत्र में लिखा है कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां के प्रतिबंधित संगठन भारत विरोधी आतंकी साजिश रच रहे हैं। साजिश के तहत कुछ आतंकी बांग्लादेश से झारखंड आ गए और पाकुड़ में कुछ लोगों को ट्रेनिंग देकर वापस लौट गए। मामले को लेकर झारखंड एटीएस ने अलर्ट जारी किया है। जानकारी के मुताबिक झारखंड एटीएस को सूचना मिली है कि बांग्लादेश की सीमा पार कर जेएमबी आतंकी अब्दुल मम्मुन मुर्शिदाबाद के धुलियान के रास्ते झारखंड के पाकुड़ जिला आया था। उसने जेएएचए नाम के संगठन के सदस्यों के साथ बैठक की। इसके बाद उसने कई कैडरों को आतंकी ट्रेनिंग दी और फिर वापस लौट गया। पूरे मामले की अब एटीएस जांच कर रही है। वहीं सारे जिलों के एसपी और डीआईजी को गोपनीय सूचनाएं जुटा कर कार्रवाई के लिए पत्र भी लिखा है। पत्र में यह भी बताया गया है कि बंगाल और झारखंड के पाकुड़ के संदिग्ध शामिल हुए थे। एटीएस को जानकारी मिली है कि अब्दुल मम्मुन बांग्लादेश के सतखीरा के गोपीनाथपुर इलाके का रहने वाला है। अवैध तरीके से सीमा पार करने के बाद वह 6 जनवरी को पाकुड़ आया था। वहीं जानकारी में यह भी बताया गया है कि जेएएचए- इंडिया और जमात उल मुजाहिदीन के सदस्यों के बीच एक बैठक भी पाकुड़ के इस्लामी दावा सेंटर दुबराजपुर में हुई थी। एक दिन की ट्रेनिंग के बाद अब्दुल वापस धुलियान के रास्ते बांग्लादेश लौट गया। एटीएस को जानकारी मिली है कि बैठक में मुर्शिदाबाद के जलांगी के कई लोग शामिल हुए थे। बता दें कि बांगलादेशी प्रतिबंधित संगठन जेएमबी की सक्रियता संथाल परगना के साहिबगंज और पाकुड़ में पूर्व में भी रही है। इस संगठन के संदिग्धों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स की जानकारी पूर्व में भी एटीएस ने जुटायी थी।

अवैध प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी एवं बेड़ियों में जकड़कर वापस भेजना अमेरिका का महापाप : उमा भारती

भोपाल। अमेरिका से भारत वापस भेजे गए अप्रवासी भारतीयों को जिस तरह से लाया गया, उसपर विपक्षी दल लगातार सवाल उठा ही रहे थे लेकिन अब पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने भी इसपर नाराजगी जाहिर की है। उमा ने कहा कि अमेरिका से अवैध प्रवासी भारतीयों को जिस तरह से हथकड़ी एवं बेड़ियों में जकड़कर वापस भेजा गया, वह बेहद शर्मनाक एवं मानवता के लिए कलंक है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें हवाई जहाज से ही भेजा जा रहा था, तब हथकड़ी और बेड़ियां क्यों लगाई गई। यह हरकत अमेरिकी शासन की क्रूरता एवं अमानवीयता को दिखाती है। अवैध तरीके से किसी देश में घुसना अपराध है, उसकी सजा के प्रत्येक देश में अपने कानून के अनुसार प्रावधान हैं। लेकिन ऐसी क्रूरता महापाप है। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों का दूसरा जत्था शनिवार को भारत पहुंचने वाला है। अमृतसर में विमान की लैंडिंग रात करीब 10 बजे के बीच होगी। इस प्लेन से 119 भारतीयों को अमेरिका ने वापस भेजा है। सूत्रों के मुताबिक, तीसरा विमान भी अमेरिका से 16 फरवरी को आ सकता है, जिसमें 157 लोग आ रहे है।

महाराष्ट्र जीबीएस के मामले 207 के करीब, 20 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर

पुणे। महाराष्ट्र के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राज्य में गिलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के संदिग्ध और सत्रंमित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि दो मामलों का पता चलने के बाद संख्या बढ़कर 207 हो गई है। राज्य में शुक्रवार को दो नए मामलों के साथ पुष्ट मामलों की संख्या 180 हो गई है, इसमें से 20 वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। इस बीच, हालांकि राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार आधिकारिक तौर पर मौतों की संख्या आठ पर अपरिवर्तित रही, लेकिन कोल्हापुर में बीमारी से एक संदिग्ध मौत की सूचना मिली है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि चांगिड तहसील की 60 वर्षीय महिला की 13 फरवरी को मौत हुई।

भारतीय प्रवासियों के हाथों में फिर होंगी हथकड़ियां? चिदंबरम ने सरकार से पूछा

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका से भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर दूसरे अमेरिकी विमान का आगमन भारतीय कूटनीति के लिए एक परीक्षण होगा। चिदंबरम ने एक्स पर कहा कि सभी की निगाहें अमेरिकी विमान पर होंगी जो आज अवैध अप्रवासियों को वापस लेकर अमृतसर में उतरेगा। क्या निर्वासित लोगों को हथकड़ी लगाई जाएगी और उनके पैर रस्सियों से बांध दिए जाएंगे? उन्होंने आगे कहा कि यह भारतीय कूटनीति के लिए एक परीक्षा है। संयुक्त राज्य अमेरिका से 119 भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर एक विमान शनिवार को अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरेगा। फ्लाइट के रात 10 बजे से 11 बजे के बीच एयरपोर्ट पर उतरने की उम्मीद है।

119 निर्वासित लोगों में से 67 पंजाब से, 33 हरियाणा से, आठ गुजरात से, तीन उत्तर प्रदेश से, दो-दो गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से और एक-एक हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से हैं। भारत पहुंचने वाले निर्वासित लोगों में वे लोग शामिल हैं जो मेक्सिको और अन्य मार्गों से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, उन्होंने अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने के तुरंत बाद कथित तौर पर अपने पासपोर्ट भी फाड़ दिए। डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन द्वारा अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने वाले लोगों पर अभूतपूर्व कार्रवाई के बीच अमृतसर के लिए उड़ानें वापसी करने वाले लोगों की दूसरी खेप हैं।

इससे पहले, भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर अमेरिकी वायु सेना का एक विमान 5 फरवरी को अमृतसर पहुंचा था। अमृतसर में उतरने वाले विमान में कुल 104 भारतीय नागरिक सवार थे। कई निर्वासित लोगों ने दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ और पैर बंधे हुए थे और अमृतसर में उतरने के बाद ही उन्हें बंधन से मुक्त किया गया। इससे देश भर में आक्रोश फैल गया, विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी वाशिंगटन यात्रा के दौरान अमेरिका के साथ इस मुद्दे को उठाने की मांग की।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला बजट सत्र 3 मार्च से, 7 मार्च को पेश होगा बजट

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला बजट सत्र 3 मार्च को जम्मू में आयोजित होगा। सरकार में वित्त मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 7 मार्च को बजट पेश करने वाले है। यह जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में निर्वाचित सरकार का पहला बजट सत्र होगा। स्पीकर अब्दुल रहीम राथर के अनुसार, 28 दिवसीय सत्र 3 मार्च को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अभिभाषण के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 6 मार्च तक विधायकों द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव रखा जाएगा। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला 7 मार्च को बजट (व्यय का वार्षिक वित्तीय विवरण) पेश करने और 8 मार्च को बजट पर सामान्य चर्चा होगी। 12 से 24 मार्च तक विधायकों द्वारा अनुदान की मांगें पेश की जाएगी। 7 से 9 अप्रैल तक निजी सदस्यों के विधेयक और संकल्प पेश किए जाएंगे, जबकि अंतिम दिन 11 अप्रैल को सरकारी कामकाज होगा। बता दें कि, विधानसभा का पहला चार दिवसीय परिचय सत्र नवंबर में श्रीनगर में आयोजित किया गया था और सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए पारित प्रस्ताव पर विवादों से घिरा रहा। मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया था, जबकि छोटे विपक्षी दल पीडीपी और सज्जाद लोन ने आलोचना के साथ प्रस्ताव का समर्थन किया था।

राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त तीन कर्मचारियों को एलजी ने किया बर्खास्त

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने शनिवार को अनुच्छेद 311 की एक विशेष धारा लागू की और जम्मू-कश्मीर में तीन सरकारी कर्मचारियों की सेवाओं को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के चलते समाप्त कर दिया। यह फैसला ऐसे समय आया है जब सीएम उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार ने केंद्र के साथ अपने संबंधों के संभावित पुनर्मूल्यांकन का संकेत दिया है।

मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने कहा कि एलजी ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) को लागू कर दिया है। ये 2020 में पेश किया गया एक विशेष प्रावधान है। इसके तहत पुलिस कांस्टेबल फिरदौस अहमद भट, शिक्षक मुहम्मद अशरफ भट और वन विभाग में अर्दली निसार अहमद खान को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर तीनों को बर्खास्त किया है। वे सभी फिलहाल आतंकवाद से जुड़े कई आरोपों में जेल में हैं।

अधिकारियों के अनुसार फिरदौस अहमद को आतंकवादियों के साथ कथित संबंधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि उसने आतंकवादी संगठनों को रसद और अन्य सहायता प्रदान की। मुहम्मद अशरफ पर छात्रों को कट्टरपंथी बनाने और प्रतिबंधित संगठनों के साथ संबंध बनाए रखने का आरोप है, जबकि खान कथित तौर पर कश्मीर के जंगली इलाकों में आतंकवादियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने में शामिल था। हाल ही में सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि कम से कम अपनी सरकार के शुरुआती कुछ महीनों में जम्मू-कश्मीर के लोगों के प्रति मेरा यह दायित्व है कि मैं केंद्र सरकार के साथ अच्छे कामकाजी संबंध स्थापित करने का प्रयास करूं। अगर इससे केंद्र सरकार द्वारा हमसे किए गए वादे पूरे नहीं होते हैं, तो हम इस पर फिर से विचार करेंगे।

छवि सुधारने आरजेडी कर रही मंथन, दिल्ली में बिहार पॉलिसी डायलॉग का आयोजन

पटना (एजेंसी)। बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसको लेकर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) अपनी छवि सुधारने के लिए सक्रिय हो गया है। आज 15 फरवरी को दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में बिहार पॉलिसी डायलॉग का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सोन वैली डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से किया गया है। इस पॉलिसी डायलॉग में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और सार्वजनिक वित्त जैसे विषयों पर विशेषज्ञों और शिक्षाविदों द्वारा विचार रखे जाएंगे। आरजेडी इन विचारों को अपने आगामी घोषणा-पत्र में शामिल करने की योजना बना रही है। पार्टी महासचिव शाश्वत गौतम के मुताबिक इस कार्यक्रम का अगला चरण पटना में आयोजित किया जाएगा, जहां प्राप्त सुझावों को विस्तृत रूप से परखा जाएगा।

पार्टी विचार कर रही है बिहार का बजट भारी-भरकम ब्याज से मुक्त कैसे बनाया जाए? जनता की आर्थिक क्षमता बढ़ाने के लिए राहत योजनाओं से अलग क्या रणनीति अपनाई जाए? स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में निजी संस्थानों की बढ़ती भूमिका को संतुलित करने के लिए क्या उपाय किए जाएं? पार्टी अंदरखाने ओबीसी इंटलेक्चुअल वर्ग को एक मंच पर लाने की रणनीति पर भी विचार कर रही है, जिससे आगामी बजट सत्र और विधानसभा चुनाव में इसे लाभ मिल सके।

आरजेडी बिहार की पहली महिला मुख्यमंत्री राबड़ी देवी देने का श्रेय लेती है, लेकिन अब तक महिलाओं को लेकर कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है। तेजस्वी यादव ने 'माई-बहन सम्मान योजना' के तहत महिलाओं के खाते में हर माह 2500 रुपए देने का वादा किया है। साथ ही पार्टी की महिला विंग की अध्यक्षता रितु जायसवाल को सौंपी गई है। पिछले लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देखें तो बिहार में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा था। इसी कारण तेजस्वी ने अपने भाषणों में 'एम मतलब महिला और वॉय मतलब युवा' का नारा दिया है।

तेजस्वी बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बनाते हुए युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपने शासनकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि 17 महीने में किया कमाल, हमें दीजिए पूरे 5 साल। उनकी टीम में युवा नेतृत्व को महत्व दिया है, जिसमें राज्यसभा सांसद संजय यादव और पूर्व में नीतीश कुमार के साथ काम कर चुके शाश्वत गौतम जैसे पढ़े-लिखे युवाओं को जगह दी गई है। बिहार में 8 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए आरजेडी इस पॉलिसी डायलॉग के जरिए से अपनी छवि सुधारने और जनसंपर्क मजबूत करने में जुटी हुई है।

उत्तर प्रदेश और गुजरात के बाद अब महाराष्ट्र में भी लव जिहाद के खिलाफ कानून

- पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन

मुंबई (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश और गुजरात के बाद अब महाराष्ट्र भी लव जिहाद के खिलाफ कानून लाएगा। लव जिहाद कानून के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। दरअसल प्रदेश में लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर लव जिहाद और धोखाधड़ी व बलपूर्वक किए जाने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए कानून बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने लव जिहाद के खिलाफ कानून का मसौदा तैयार करने के लिए पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन किया है। यह विशेष समिति राज्य की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करेगी। लव जिहाद धोखाधड़ी और बल के माध्यम से किए गए धर्मांतरण के खिलाफ उपाय सुझाने वाले कानून का मसौदा तैयार करेगा। इस तरह, महाराष्ट्र लव जिहाद के खिलाफ कानून बनाने वाला देश का दसवां राज्य बन जाएगा। अब तक देश के 9 राज्यों- उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ ने लव जिहाद विरोधी कानून पेश किए हैं। इसी तर्ज पर, भाजपा नेता और मंत्री नितेश राणे सहित राज्य के विभिन्न हिंदू संगठनों ने महाराष्ट्र में भी लव जिहाद कानून लागू करने की मांग की थी।

क्या है लव जिहाद ?

जब किसी धर्म विशेष का व्यक्ति किसी अन्य धर्म की लड़कियों को प्रेम के जाल में फंसाकर या उनसे शादी करके उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करता है तो इस पूरी प्रक्रिया को लव जिहाद कहा जाता है। यदि दो अलग-अलग धर्मों के लोग विवाह करते हैं, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि विवाह किसी प्रलोभन या धोखे से तो नहीं किया गया है। यदि किसी लड़की का धर्म परिवर्तन केवल विवाह के उद्देश्य से किया गया है तो विवाह अमान्य माना जाता है। यह अपराध गैर-जमानती है। इसके अलावा, इस मामले की सुनवाई प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है। इस बीच, उत्तर प्रदेश में कानून के अनुसार, शादी के लिए जबरन धर्म परिवर्तन करने पर पांच साल की जेल और 15,000 रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से मुकदमों में तेजी से कमी आएगी: मेघवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की दिशा में महाराष्ट्र की स्थिति की नई दिल्ली में हुई एक बैठक में समीक्षा की। बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने बताया कि बैठक में आईटी सेक्टर में आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास पर चर्चा की गई।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि इन कानूनों के लागू होने से सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट और जिला कोर्ट के मुकदमों में तेजी से कमी आएगी।

ज्ञात रहे कि केंद्र सरकार ने तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 1 जुलाई 2024 से लागू कर दिए हैं। इन कानूनों को लागू करने का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार लाना है।

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मेघवाल ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के प्रस्तुत किए जाने के समय एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया गया था। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल थे और इसकी रिपोर्ट पेश की जानी थी।

उन्होंने कहा कि जब रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तो खड़गे ने इसके विरोध में सवाल उठाए, जबकि रिपोर्ट में सभी आवश्यक जानकारियां शामिल थीं। इस मुद्दे पर गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट में कोई अधूरी जानकारी नहीं है और इसमें विरोध करने जैसा कुछ नहीं है। अब आगे इस मामले में क्या बदलाव होते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जेपीसी रिपोर्ट को लेकर कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि यह रिपोर्ट विपक्ष की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए तैयार की गई है, जो संसदीय प्रक्रिया का उल्लंघन है। खड़गे ने इस रिपोर्ट को ÷फर्जी÷ बताते हुए इसे पुनः पेश करने की मांग की थी।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने तलाकशुदा शब्द पर याचिकाकर्ता को लगा दी जमकर फटकार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने एक विवादास्पद बाल हिरासत विवाद में समीक्षा याचिका खारिज की। साथ ही कानूनी कार्यवाही में तलाकशुदा महिलाओं के नाम के साथ तलाकशुदा शब्द जोड़ने की प्रथा की कड़ी निंदा की। जस्टिस विनोद चटर्जी कौल ने शख्स और उसकी पूर्व पत्नी के बच्चे के कस्टडी से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान फैसला सुनाया। मामले में जज ने शख्स द्वारा दायर समीक्षा याचिका को खारिज किया गया। शख्स की समीक्षा याचिका में तर्क देकर कहा कि पिछले फैसले ने उनकी अपील को बिना सुनवाई के प्रारंभिक मुद्दे पर विचार किए ही खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता ने अपनी पुनर्विचार याचिका में दावा किया, मामले में अपील की स्वीकार्यता पर बहस की गई और मामले को सुरक्षित रखा गया। इस प्रकार, मुख्य अपील पर गुण-दोष के आधार पर बहस नहीं की गई। उन्होंने कहा, अपील पर मामले के गुण-दोष के आधार पर बहस हुए बिना तथा याचिकाकर्ता के वकील की बात सुने बिना ही निर्णय दिया गया, यह तथ्य रिकार्ड और अंतरिम आदेशों से स्पष्ट होता है। हालांकि, अदालत ने दावे का दृढ़ता से खंडन कर कहा कि अपील पर सुनवाई हो चुकी है। एक जून, 2022 को सुनवाई योग्य होने पर मामले को सुरक्षित रखा गया। यह मामला शख्स के मुलाकात के अधिकार को लेकर विवाद से शुरू हुआ था।

महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ के पार

- 26 फरवरी तक महाशिवरात्रि तक यह संख्या 55-60 करोड़ तक पहुंच सकती है

इलाहाबाद (एजेंसी)। भारतीय आध्यात्मिकता के महायज्ञ, महाकुंभ मेला 2025 प्रयागराज में धर्मार्थी उत्कृष्टता का प्रमुख प्रतीक बन चुका है। मानवता के इस महोत्सव में अभूतपूर्व स्थिरता दिखाते हुए, प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ मेले में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अब तक अनगिनत जनों के साथ मिलकर गंगा और त्रिवेणी के पावन संगम में स्नान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे मानवता की आत्मिक और सामाजिक सामरस्य का प्रमुख संकेत बताया है। उन्होंने कहा ?कि भारत की सनातन विरासत में समृद्धि और समरसता का प्रतीक महाकुंभ 2025, प्रयागराज में उपस्थित है। उन्होंने मेला की श्रेष्ठता को व्यक्त करते हुए कहा कि महाकुंभ में जुटे श्रद्धालुओं की आस्था और एकता संगम के पावन जल में अद्वितीय रूप से प्रकट हो रही है। इस अद्वितीय और भव्य महोत्सव के सुशोभित व्यवस्था और सुरक्षा उपायों की सराहना करते हुए, सरकार ने उसे सबसे बड़ा जनसमूह कहकर सम्मानित किया है। महाकुंभ मेला के अनुसरण में उत्तर प्रदेश सरकार, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मी, स्वयंसेवी संगठन और धार्मिक संस्थान सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। अब एक्सीटिंगली, मुख्यमंत्री का अनुमान यह है कि 26 फरवरी तक महाशिवरात्रि तक यह संख्या 55-60 करोड़ तक पहुंच सकती है। सभी धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में ऐसी अजीबोगरीब आँकड़ों के बावजूद, उत्तर प्रदेश के महाकुंभ मेले ने लोगों को एक साथ जोड़ते हुए एक महान आयोजन का प्रमाण पेश किया है। महाकुंभ मेला एक समय-सीमित अवसर है जब लोग एक छोटी सी कल्पना कर सकते हैं कि कैसा हो सकता है एक समर्पित और एकीकृत समुदाय का जीवन। इस महाकुंभ के मौके पर हम सभी धार्मिक संस्थानों, साधु-संतों, कल्पवासियों, धार्मिक गुरुओं और श्रद्धालुओं को एक और भव्य सफलता की कामना करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में दावा किया कि यह मानव इतिहास में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन के लिहाज से सबसे बड़ा जनसमूह है। प्रदेश सरकार के अनुसार अमेरिका, रूस, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों की आबादी 50 करोड़ से कम है।

टोरंटो में कनाडाई इंटरनेशनल ऑटो शो में 1886 की बेंच पेटेंट मोटर वैगन के प्रतिरुप को देखते हुए लोग। दस दिवसीय इस शॉ में 40 से अधिक ऑटोमाबाइल प्रतियोगियों ने भाग लिया।

नए आयकर बिल: टैक्स सरल बनाने की कवायद

- धारा 80सी के तहत किए गए हैं बड़े बदलाव

नई दिल्ली ।

लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा का विषय बना दिया है नया आयकर बिल का प्रस्ताव, जिसके अनुसार टैक्स संबंधी नियमों की भाषा सरल बनाई जाएगी। नए बिल में कोई इनकम टैक्स स्लैब या कैपिटल गेन्स टैक्स संशोधन नहीं है, लेकिन धारा 80सी के तहत बड़े बदलाव हैं। यदि आप पुरानी टैक्स व्यवस्था का अनुसरण करते हैं, तो धारा 80सी के बजाय धारा 123 के तहत टैक्स बचाने के विकल्पों से परिचित होंगे। अब इस धारा के अनुसार टैक्सपेयर को प्राप्त राशि के उत्तराधिकारी द्वारा भुगतान किया गया या जमा की गई राशि पर छूट मिलेगी, जो शेड्यूल एक्सवी में उल्लिखित राशियों के कुल के बराबर होगी, परन्तु 1.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। यह नया आयकर बिल 622 पन्नों का है और 536 धाराएं शामिल हैं, जबकि वर्तमान आयकर अधिनियम में 823 पन्नों में 298 धाराएं हैं।

नए बिल में हर धारा का एक खंड है, सिवाय उन अप्रासंगिक धाराओं के। जबकि बताया गया है कि इस बिल के माध्यम से कर कानूनों को सरल बनाया जाएगा।

ओपनएआई बोर्ड ने एलन मस्क के प्रस्ताव को ठुकराया

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई के अधिग्रहण का मामला

नई दिल्ली । विश्वविख्यात उद्यमी और एलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई की अधिग्रहण की हसरत पूरी होने में मुश्किले आ रही है। ओपनएआई बोर्ड ने एलन मस्क के 97.4 बिलियन के अधिग्रहण प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, कहते हुए कि कंपनी बिक्री के लिए नहीं है। एलन मस्क जो पहले ओपनएआई के सह-संस्थापक थे, अब कंपनी से अलग हो चुके हैं। मस्क के वकील ने बताया कि ओपनएआई अपने लाभकारी उद्यम का निजी स्वामित्व बेचने की योजना बना रही है, जिससे कुछ बोर्ड सदस्य व्यक्तिगत लाभ उठा सकते हैं। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और मस्क के बीच वर्षों से चल रहा टकराव जारी है, जिसमें एलन मस्क ने ओपनएआई को लाभकारी बनाने के पक्ष में नहीं देखा। ओपनएआई ने अपने स्वर्णिम भविष्य के लिए एक पब्लिक बेनिफिट कॉरपोरेशन बनाने की योजना बनाई थी, जिसका उद्देश्य था अधिक पूंजी जुटाना और गैर-लाभकारी प्रतिबंधों को हटाना। ओपनएआई ने मस्क के प्रति कटु रूख अपनाया है, जिससे वार्षिक बोर्ड की चुनौतियों में नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। एलन मस्क के वकीलों ने ओपनएआई के साथ चल रहे संघर्ष को निपटाने के लिए अदालत में कानूनी कदम उठाया है, जिसमें वकीलों ने कहा कि यदि ओपनएआई अपनी लाभकारी इकाई बनाने की योजना छोड़ देता है तो उनकी बोली वापस ली जाएगी। ओपनएआई ने मानवता के लिए एआई के लाभ को पहुंचाने की मिशन में प्रतिबद्धता जताई है, और इस उद्देश्य को मजबूत बनाने के लिए अपने मिशन पर कड़ी नजर रखी है। एलन मस्क और ओपनएआई के बीच टकराव के बीच बढ़ते विवाद में, एक ओर ओपनएआई ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, जबकि दूसरी ओर मस्क और उनके वकील उसे निपटाने के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। इस संघर्ष के माध्यम से ओपनएआई की दिशा और उद्देश्य पर प्रकाश डालने के लिए और एलन मस्क की तकनीकी उच्चताओं को रक्षा करने के लिए एक सख्त स्तर पर कानूनी और नैतिक झगड़ा चल रहा है।

कुल यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से भी कम

नई दिल्ली ।

वर्तमान में, देश में बिकने वाले कुल यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से भी कम है। हालांकि भारत में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है और 2025 में इसकी बिक्री दोगुनी होने की संभावना जताई जा रही है।

नए मॉडल के लॉन्च और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के चलते यह आंकड़ा तेजी से बढ़ सकता है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के अनुसार, 2023 में भारत में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 82,688 यूनिट थी, जो 2024 में 19.93प्रतिशत बढ़कर 99,165 यूनिट तक पहुंच गई। हालांकि, कुल यात्री वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी केवल 2.4प्रतिशत रही। हुंडई के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग के अनुसार, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और नए मॉडल की बढ़ती संख्या से 2025 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री दोगुनी हो सकती है।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक कारें भारतीय बाजार में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। वर्तमान में, भारतीय इलेक्ट्रिक कार बाजार में टाटा मोटर्स का दबदबा है, जिसकी हिस्सेदारी 2024 में 62.01प्रतिशतरही। हालांकि, नए कंपनियों के प्रवेश से यह परिदृश्य बदल सकता है।

2025 में मारुति ई-विटारा, हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक, महिंद्रा बीई6 और किआ कैरेंस ईवी जैसी कई नई इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च होने वाली हैं।

भारतीय बाजार में 78 लाख करोड़ की गिरावट

- भारत के एमकैप ने 10 अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ पार किया था

नई दिल्ली ।

भारतीय बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) शुक्रवार को नीचे दिखा 400 लाख करोड़ रुपये से नीचे पहुंच गया। हालांकि, बाजार थोड़ा सुधरकर 400.2 लाख करोड़ रुपये पर रुका, जो इस साल का सबसे निचला स्तर है। भारत के एमकैप ने 10 अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये का स्तर पार किया था और 29 सितंबर को यह 477.93 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर पहुंचा था। तब से बाजार पूंजीकरण में करीब 78 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। तेज गिरावट की मुख्य वजह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा बिकवाली की गई निवेशों के पीछे है। एफपीआई ने इस वर्ष कुल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। तीसरी तिमाही के नतीजे कमजोर रह सकते हैं, जिससे बाजार में ताजा बिकवाली का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन, यह खरीदारी के अवसर भी पैदा कर सकता है जिसमें मजबूत वृद्धि या सुधार की राह पर बढ़ रही कंपनियाँ शामिल हो सकती हैं। बाजार का मार्केट कैप डॉलर में 4.6 लाख करोड़ डॉलर है, जो पिछले कुछ महीनों में करीब 1.2 लाख करोड़ डॉलर की कमी दर्ज की गई है। भारतीय बाजार अब मल्टीपल मूल्यांकन पर चुनौती खड़ी कर रहा है, जिससे निवेशकों को सावधान रहने की आवश्यकता है।

एनपीसीआई ने यूपीआई यूजर्स के लिए बढ़ाई राहत, अब रिफंड होगा जल्द

नई दिल्ली । भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए देश के करोड़ों यूपीआई यूजर्स के लिए राहत की खबर आगामी है। अब फेल होने वाले यूपीआई ट्रांजैक्शन या अटके हुए पैसों के रिफंड के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एक सर्कुलर के माध्यम से हाल ही में एनपीसीआई ने घोषणा की है कि नए नियमों के बैठक, चार्जबैक अनुरोधों की प्रक्रिया को ऑटोमेटेड कर दिया गया है। इस नई प्रक्रिया के अनुसार, लाभार्थी बैंकों द्वारा दाखिल किए गए ट्रांजेक्शन क्रेडिट कन्फर्मेशन (टीसीसी) या रिटर्न रिक्वेस्ट (आरईटी) के आधार पर चार्जबैक अनुरोध या तो ऑटोमेटेड रूप से स्वीकार या अस्वीकार कर दिए जाएंगे। यह सुनिश्चित करेगा कि प्राथमिक ट्रांजेक्शन-रिलेटेड मुद्दों को तेजी से समाधान किया जा सके। इस ऑटोमेटेड प्रक्रिया की शुरुआत 15 फरवरी से हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो यूपीआई यूजर्स को फायदा पहुंचाएगा और उन्हें सुविधात्मक रूप से सेवाएं प्रदान करेगा। इस नई प्रक्रिया से चार्जबैक की प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और दक्षता आएगी, जिससे सिस्टम में सुधार होगा।

वेलेंटाइन डे के बाद चांदी 1 लाख के पार, सोना भी हुआ महंगा

नई दिल्ली । फरवरी के महीने में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। एक ही दिन में चांदी की कीमत में 2,350 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई, इससे वह 1,00,600 प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। वेलेंटाइन डे के बाद सोने और चांदी की कीमतें और भी बढ़ गई हैं जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। भारत में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए प्रति ग्राम तक पहुंच गई है, जबकि 24 कैरेट सोने की दर 8,732 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। वहीं चांदी की भी कीमत 100.60 रुपए प्रति ग्राम और 1,00,600 रुपए प्रति किलोग्राम है। यह अचानक बढ़ोतरी ने चांदी को 1 लाख के पार पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सोने की कीमतों में इजाफा होने से लोगों के मुताबिक सोने-चांदी की कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना है। नई दिल्ली में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,732 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। लखनऊ में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,732 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। पटना में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,996 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,722 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। मुंबई में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,991 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,717 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,991 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,717 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है।

एलआईसी ने तीसरी तिमाही में कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली । भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते साल की समान तिमाही में 9,468.99 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी का कर के बाद मुनाफा 29,138 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,913 करोड़ रुपये पर था। यह सालाना आधार पर 8.27 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी ने 3,40,563 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम जुटाया है। इसमें सालाना आधार पर 5.51 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) सालाना आधार पर 10.29 प्रतिशत बढ़कर 54,77,651 करोड़ रुपये हो गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में एलआईसी की नए बिजनेस प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) सालाना आधार पर 9.73 प्रतिशत बढ़कर 42,441 करोड़ रुपये रही है। एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा ध्यान और रणनीति एक गतिशील वातावरण में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद और चैनल मिश्रण को बदलने की दिशा में लगातार बना हुआ है। मोहंती ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) मार्जिन बेहतर होकर 17.1 प्रतिशत हो गया है, जो कि बीते साल समान अवधि में 16.6 प्रतिशत था। इस दौरान वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस 6,477 करोड़ रुपये रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 5,938 करोड़ रुपये थी। मोहंती ने बताया कि अब तक 1.25 लाख से अधिक महिलाओं को बीमा सखी योजना में पंजीकृत किया गया है और 70,000 से अधिक को बीमा सखी के रूप में नियुक्त किया है।

बीते हफ्ते बाजार में रही दो महीने में सबसे बड़ी गिरावट

मुंबई ।

ट्रंप की टैरिफ नीतियों पर अनिश्चितता, मिश्रित कारपोरेट आय, निरंत एफआईआई बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट की वजह से बीते सप्ताह भारतीय बाजार में दो सप्ताह की बढ़त का सिलसिला टूट गया और ये दो महीने की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो ताजा टैरिफ चिंताओं और विदेशी फंडों के निरंतर निकासी के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 343.83 अंक गिरकर 77,516.36 अंक पर खुला और 548.39 अंक गिरकर सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 105.55 अंक गिरकर 23,454.40 अंक पर खुला और 178.35 अंक गिरकर 23,381.60 पर बंद हुआ। स्मॉल और मिडकैप शेयरों में बड़ी बिकवाली के कारण मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट दिखी। सेंसेक्स 1,120.72 अंक गिरकर 76,191.08 पर खुला और 1,018.20 अंक गिरकर दो सप्ताह के निचले स्तर 76,293.60 पर बंद हुआ। निफ्टी 345.65 (अंक फिसलकर 23,035.95 के स्तर पर खुला और 309.80 अंक टूटकर 23,071.80 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 274.56 अंक की गिरावट के साथ 76,019.04 अंक पर खुला और 122.52 अंक की गिरावट के साथ 76,171.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 78.45 अंक फिसलकर 22,993.35 अंक पर खुला और एनएसई निफ्टी लगातार छठे दिन गिरावट के साथ 26.55 अंक गिरकर 23,045.25 पर बंद हुआ। लगातार गिरावट की मार झेल रहे निवेशकों के लिए गुरुवार की सुबह राहत भरी खबर लेकर आई। शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। इस दौरान सेंसेक्स 214.08 अंक बढ़कर 76,385.16 अंक पर खुला और 32.11 अंक गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। निफ्टी 69.8 अंक चढ़कर 23,115.05 अंक पर खुला और 13.85 अंक गिरकर 23,031.40 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 282.82 अंक या फिर 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,856.15 पर खुला और 199 अंक की गिरावट के साथ 75,939 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी50 134.20 अंक की गिरावट पर खुला और 102 अंक की गिरावट रही, ये 22,929 के स्तर पर बंद हुआ।

फोर्टिस हेल्थकेयर श्रीमन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का अधिग्रहण करेगी

मुंबई । फोर्टिस हेल्थकेयर ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी फोर्टिस हॉस्पिटल के माध्यम से श्रीमन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का अधिग्रहण करने पर विचार कर रही है। इस सौदे के तहत फोर्टिस हेल्थकेयर ने श्रीमन अस्पताल के पूरे व्यवसाय संचालन, अस्पताल की इमारत और अस्पताल की जमीन का अधिग्रहण करेगी है। कंपनी ने कहा कि यह लेन-देन पूरी तरह से नकद में होगा और कुल खरीद मूल्य लगभग 462 करोड़ रुपये है। इसमें स्टांप ड्यूटी और अन्य नियामक खर्च शामिल नहीं है। एफएचएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कई अधिग्रहण कर रहे हैं और इस अधिग्रहण को हम एक अच्छा कदम मानते हैं क्योंकि कंपनी की पहले से ही पंजाब में मजबूत उपस्थिति है, जिससे हमें इस अस्पताल के अधिग्रहण से अधिक लाभ मिलेगा।

पीएम मोदी के अमेरिका दौरे को शीर्ष उद्योग संगठनों ने बताया ऐतिहासिक, व्यापार और निवेश में होगा बढ़ावा

नई दिल्ली।

शीर्ष उद्योग संगठनों एसोचैम और फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा को व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने में ऐतिहासिक बताया।

एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के निरंतर विश्वास और मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से कई ठोस परिणाम सामने आए हैं। इसमें रक्षा, आतंकवाद, जीवाश्म ईंधन और परमाणु ऊर्जा, दोनों देशों को कवर करने वाली ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश के अलावा भारत की मानव पूंजी का लाभ उठाने में सहयोग को मजबूत करना शामिल है। एक अन्य प्रमुख परिणाम, वर्ष के अंत तक एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए यूएस-भारत रोडमैप का विकास है।

वहीं फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार के अनुसार, यह यात्रा गहन आर्थिक सहयोग, व्यापार का विस्तार, निवेश को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में उभर रहा है। ये घटनाक्रम भारतीय निर्यातकों को नए मौके प्रदान करेगा। टेक्नोलॉजी, डिफेंस और ग्रीन एनर्जी पर ध्यान केंद्रित करने से विशेष रूप से भारत के निर्यात क्षेत्रों को लाभ होगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। कुमार ने बढ़ते निवेश फोकस की सराहना की, जो भारत में नए उद्योगों और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा, मेक इन इंडिया पहल को गति प्रदान करेगा और भारतीय निर्यात की मांग को बढ़ाएगा।

फोकस क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और वस्त्र शामिल हैं, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य मिशन 500 के तहत 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार में 500 अरब डॉलर तक पहुंचना है। कुमार ने इस साल के अंत तक बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए प्रारंभिक समय-सीमा की सराहना की, जिसका उद्देश्य बाजार पहुंच बढ़ाना, व्यापार बाधाओं को कम करना और सप्लाई चेन इंटीग्रेशन में सुधार करना है। फियो प्रमुख कुमार ने कहा, ये निवेश भारतीय निर्यातकों के लिए नए मौके पैदा करेगा और भारत को नवाचार तथा विनिर्माण के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। आईटी, एआई और 5जी इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग बढ़ाने पर मुख्य ध्यान दिया गया, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय तकनीकी व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण विकास संभावनाएं खुलेंगी।

भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशक चिंतित

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन गिरावट से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। इस गिरावट से निवेशकों के 25.31 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ नीतियों और वैश्विक ट्रेड वॉर की आशंका से बाजार की स्थिति और कमजोर हो गई है। विशेषज्ञों की राय बाजार के भविष्य को लेकर अब भी मिले-जुले संकेत दे रही है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि कमजोर तिमाही नतीजों, रुपए में गिरावट और टैरिफ जैसे बाहरी फैक्टर्स से निकट भविष्य में बाजार धारणा कमजोर रहने का अनुमान है। इस हफ्ते लगातार आठ सत्रों में हुई बिकवाली से निवेशकों में चिंता है। अगले हफ्ते बाजार में तेजी आने पर दांव लगाने की भी संभावना है। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 3.24 फीसदी और मिडकैप इंडेक्स में 2.59 फीसदी की गिरावट आई। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों में भी गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सिर्फ आईटी क्षेत्र फायदे में रहा, जबकि बाकी सेक्टर में निकली गिरावट। निवेशकों के लिए आगे का माहौल अनिश्चित है और विशेषज्ञों की मान्यता है कि सावधानी बरतनी चाहिए।

बीएसएनएल ने चालू वित्त वर्ष में 262 करोड़ का मुनाफा कमाया

नई दिल्ली । भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 262 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। इस साल उनके निगम ने 17 साल बाद पहली बार मुनाफा दर्ज किया है। सरकार ने हाल ही में बीएसएनएल की 4जी सर्विस के विस्तार के लिए अत्यधिक 6,000 करोड़ रुपये आवंटित किया था। इससे कंपनी ने सेवाओं और ग्राहक बेस को बढ़ाने पर फोकस किया। कंपनी ने अपनी लागत और व्यय में कटौती की है जिससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में घाटे में कमी आई है। उनके मोबाइल सेवाओं में आमदनी में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीएसएनएल के इस मुनाफे को एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। उन्होंने यह भी बताया कि बीएसएनएल ने एबीआईटीडीए वित्त वर्ष 23-24 तक दोगुनी हो गई है, जिससे उनका अनुमानित राजस्व लगभग 2,100 करोड़ रुपये हो गया है। इन सभी नतीजों से साफ होता है कि बीएसएनल ने 4जी सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करके एक बड़ा कदम उठाया है और इससे कंपनी के लिए एक उज्जवल भविष्य की संभावना है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया

वडोदरा (एजेंसी)। ऋचा घोष के नाबाद 64 रन और एलिस पेरी के 57 रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के उद्घाटन मुकाबले में गुजरात जायंट्स को नौ गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। 202 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान स्मृति मंधाना (नौ) और डेनिएल वायट (चार) रन बनाकर आउट हुई। दोनों ही बल्लेबाजों को एश्ली गार्डनर ने आउट किया। इसके बाद एलिस पेरी और राघवी बिष्ट की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी हुई।

11वें ओवर में डिएंड्रा डॉटिन ने राघवी बिष्ट (25) का आउट कर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। 13वें ओवर में सायली सातघरे ने एलिस पेरी को आउटकर गुजरात जायंट्स को चौथा झटका दिया। एलिस पेरी ने 34 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (57) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऋचा घोष और कनिका आहूजा ने आरसीबी की पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। आरसीबी ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 202 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। ऋचा घोष ने 27 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 64) रनों की पारी खेली। कनिका आहूजा ने 13 गेंदों में चार चौके लगाते हुए (नाबाद 30) रन बनाये।गुजरात की ओर से एश्ली गार्डनर ने दो विकेट लिये। डिएंड्रा डॉटिन और सायली सातघरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की बेथ मूनी और लॉरा वुलफार्ट की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। लॉरा वुलफार्ट (छह) को बोल्ड कर रेणुका ने आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। दयालन हेमलता (चार) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद कप्तान एश्ली गार्डनर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने बेथ मूनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 46रन जोड़े। बेथ मूनी तीसरे विकेट के रूप में 42 गेंदों में (56) रन बनाकर आउट हुई। डिएंड्रा डॉटिन ने 13 गेंदों में (25) रन बनाये। सिमरन शेख (11) रन बनाकर आउट हुई। एश्ली गार्डनर ने 37 गेंदों में तीन चौके और आठ छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में (नाबाद 79) रन बनाये। गुजरात जायंट्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 201 रनों का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी की ओर से रेणुका सिंह ने दो विकेट लिये। कनिका आहूजा, जॉर्जिया वेयरहम और प्रमिला रावत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग की वापसी, भारत के कप्तान होंगे तेंदुलकर, श्रीलंका के संगकारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा। भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान यहां शुक्रवार को किया गया जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी हैं।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन संस्करण में खेलने के बारे में बोलते हुए, इरफ़ान पठान ने कहा कि इंटरनेशनल मास्टर्स लीग एक ऐसा टूर्नामेंट है जो क्रिकेट के स्वर्ण युग को श्रद्धांजलि देता है। मैं लीग के सीज़न 1 में इंडिया मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने और उस्ताद सचिन तेंदुलकर और अन्य सहयोगियों के साथ खेलने के लिए रोमांचित हूं, जिनके साथ मैंने अतीत में कई सुखद और अनमोल क्षण साझा किए हैं। हम आईएमएल की मेजबानी कर रहे हैं, लेकिन मैं क्रिकेट प्रशंसकों को आश्वस्त कर सकता हूं कि हम मैदान पर उदार नहीं होंगे। हम कठिन क्रिकेट का उत्पादन करेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।' खिताब जीतो।

IMLT20 के लिए भारतीय मास्टर्स टीम

सचिन (कप्तान), युवराज, रैना, रायडू, यूसुफ, इरफान, बिन्नी, कुलकर्णी, विनय कुमार, नदीम, राहुल शर्मा, ओझा, नेगी, गुरकीरत मान, मिथुन।

वहीं, कुमार संगकारा के नेतृत्व में श्रीलंका मास्टर्स कौशल और अनुभव में मास्टरक्लास का वादा करता है। खेल के राजदूत, संगकारा क्रमशः 2007 और 2011 में दो बार पचास ओवर के विश्व कप फाइनलिस्ट और 2014 में टी20 विश्व कप विजेता थे। उनके साथ श्रीलंका की 1996 विश्व कप विजेता टीम के तेजतर्रार ओपनर-कीपर रोमेश कालुविथराना भी शामिल होंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : भारतीय टीम दुबई रवाना, 2-2 के बैच जाएंगे

मुंबई (एजेंसी)। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत की सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम 19 फरवरी से शुरू होने वाली आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए मुंबई से दुबई के लिए रवाना हो गई है। भारतीय टीम के ग्रुप ए के सभी मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे, जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के दृश्यों में रोहित एंड कंपनी, सहयोगी कर्मचारियों के साथ, दुबई के लिए अपनी उड़ान लेने के लिए हवाई अड्डे में जांच कर रही थी।

आईएएनएस समझता है कि टीम की प्रारंभिक योजना दुबई के लिए 2-2 के बैच में रवाना होने की थी, लेकिन पिछले महीने जारी किए गए बीसीसीआई नीति दिशानिर्देशों में कहा गया था कि टीम अपने विदेशी दौरों के लिए एक साथ यात्रा करेगी, इसलिए टीम को मुंबई से 8 टीमों की प्रतियोगिता के लिए एक साथ रवाना होने का निर्णय लिया गया। चैंपियंस ट्रॉफी में, भारत को अपने तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह की सेवाओं की काफी कमी खलेगी, जो पिछले महीने सिडनी में 5वें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दौरान लगी पीठ के निचले हिस्से की चोट से उबर रहे हैं।

तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है, जबकि यशस्वी जयसवाल की कीमत पर कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी शामिल किया गया है, जो मूल रूप से अनंतिम टीम में थे। जायसवाल अब मोहम्मद सिराज और शिवम दुबे के साथ गैर-यात्रा विकल्प में से एक हैं। दो बार की चैंपियंस ट्रॉफी विजेता भारत 23 फरवरी को बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ने से पहले 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ अपने 2025 अभियान की शुरुआत करेगा। भारत अपना अंतिम ग्रुप ए मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

चैंपियंस ट्रॉफी के रिकॉर्ड में कौन हैं हीरो, विराट कोहली या सचिन

नई दिल्ली (एजेंसी)। 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली अपना जलवा बिखरने को तैयार हैं। कोहती बीते कई महीने से रन के लिए तरस रहे है। चंद रोज पहले इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में हुए आखिरी वनडे में उन्होंने जो अर्धशतक लगाया, उससे उनका आत्मविश्वास जरुर वापस आया होगा। 55 गेंद में 52 रन की पारी में कोहली ने सात चौके और एक छक्का भी जड़ा था। अपने करियर के आखिरी पड़ाव में पहुंच चुके कोहली 2013 में धोनी की चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन टीम का भी हिस्सा थे। वनडे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में कोहली तीसरे नंबर पर आते हैं। 297 मैच में उनके नाम 57.93 की औसत से 13,963 रन हैं। सिर्फ सचिन तेंदुलकर (463 मैच में 18,426 रन) और कुमार संगाकारा (404 मैच में 14.234 रन) बनाकर कोहली से आगे हैं। कोहली और तेंदुलकर की अक्सर तुलना भी होती रही है।

कोहली ने अपने पूरे करियर में चैंपियंस ट्रॉफी के कुल 13 मैच खेल चुके हैं। जहां 12 पारियों में उन्होंने 92.32 की स्ट्राइक रेट से 529 रन बनाए। छह बार वह नॉट आउट रहे। एक बार वे वह बिना खाता खोले भी आउट हो चुके हैं। 529 रन में से 124 रन उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ बनाए हैं, इन पारियों में विराट का औसत 62 और स्ट्राइक रेट 96.87 का रहा है। वहीं सचिन तेंदुलकर ने चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 16 मैच खेले हैं, इसमें उन्हें 14 बार बल्लेबाजी का मौका मिला। इन 14 पारियों में तेंदुलकर ने 36.75 की औसत और 78.75 की स्ट्राइक रेट से 441 रन बनाए हैं। दो मौकों पर सचिन नॉटआउट लौटे हैं। कोहली से सचिन के रिकॉर्ड की तुलना करने पर ये चीज भी माननी पड़ेगी कि तेंदुलकर ने अपने करियर में कहीं बेहतर गेंदबाजों का सामना किया है। टूर्नामेंट के इन 441 रन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 63 की औसत से 189 रन भी आए हैं।

कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में पांच अर्धशतक लगाए हैं, लेकिन एक भी सेंचुरी नहीं ठोक सके। उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 96 रन रहा है, जो 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ बर्मिंघम में बनाया था। जबकि सचिन तेंदुलकर के नाम एक शतक है। 14 पारियों में तेंदुलकर ने दो अर्धशतक बनाए हैं। सचिन का शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1998 में बांग्लादेश की मेजबानी में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी में आया था। सचिन ने तब 128 गेंदों में 141 रन की तूफानी पारी खेली थी।

अब विदेश दौरों में तय सीमा से अधिक वजन वाले सामान नहीं ले जा सकेंगे क्रिकेटर

मुम्बई ।अब विदेशी दौरों पर क्रिकेटर तय सीमा से अधिक वजन के सामान नहीं ले जा सकेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में विदेशी दौरे पर खिलाड़ियों द्वारा ले जाए जाने वाले सामान के वजन की सीमा 150 किलोग्राम तय कर दी है। इससे अधिक वजन होने पर खिलाड़ी को स्वयं ये खर्च उठाना पड़ेगा। बीसीआई ने ये कदम बढ़ते हुए खर्च पर नियंत्रण के साथ ही यात्रा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए उठाया है। हाल में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान एक खिलाड़ी अनुमानित 27 बैग ले जाए गया था जिसका वजन 250 किलोग्राम से अधिक था। रिपोर्टों के मुताबिक, इन बैगों में केवल खिलाड़ी के निजी सामान के साथ ही उनके परिवार और स्टाफ के सदस्य का सामान भी शामिल था। इस पूरे खर्च को बीसीसीआई ने उठाया था। खिलाड़ी के परिवार के सदस्य पूरे दौरे के दौरान उनके साथ रहे, और ऐसे में बीसीसीआई को आने और जाने दोनो का खर्च उठाना पड़। इसके अलावा, सामान को दौरे के दौरान एक शहर से दूसरे शहर तक किलोग्राम तक के सामान का खर्च ही बोर्ड उठाएगा। इसके साथ खिलाड़ी अब विदेशी दौर में अपनी व्यक्तिगत यात्रा व्यवस्था नहीं कर पायेंगे और उन्हें टीम के साथ ही जिस भी माभेजने की जिम्मेदारी भी बीसीसीआई के पास थी।

श्रीकांत बोले, बल्लेबाजी पर ध्यान देने विराट नहीं बने आरसीबी के कप्तान

मुम्बई ।भारतीय टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने कहा है कि विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने के लिए ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तानी के प्रस्ताव को ठुकराया होगा। आरसीबी ने आईपीएल 2025 सत्र के लिए रजत पाटीदार को अपना नया कप्तान बनाया है। रजत को कप्तान बनाये जाने का स्वागत भी हुआ है पर विराट के प्रशंसकों का मानना था कि उन्हें फिर कप्तान बनाया जाना चाहिये था। इसी को लेकर श्रीकांत ने कहा कि विराट ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आरसीबी की कप्तानी का प्रस्ताव ठुकरा दिया होगा। श्रीकांत ने कहा, मुझे लगता है कि विराट ने कप्तानी से मना कर दिया होगा। उन्होंने कहा होगा कि मैं बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। मुझे लगता है कि रजत को कप्तान बनाने का फैलसा विराट कोहली से बात क करने के बाद हुआ होगा। पाटीदार ने घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश की कप्तानी की है। श्रीकांत ने कहा कि रजत आईपीएल कप्तानी के लिए नए हैं, इसलिए उन पर अपेक्षाओं का बहुत अधिक दबाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, रजत एक अच्छा विकल्प हैं। वह आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। अच्छी बात यह है कि उनसे बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं होंगी। जब हमने 2007 में महेन्द्र सिंह धोनी को टी20 विश्व कप का कप्तान नियुक्त किया था, तो उनसे और टीम से बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं थीं। रजत को विराट कोहली का समर्थन और जरुरी सलाह मिलती रहेगी जिसका उन्हें लाभ होगा।

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर त्रिकोणीय सीरीज जीती

कराची (एजेंसी)। विलियम ओरूर्क (चार विकेट), माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद डैरिल मिचेल (57) और टॉम लेथम (56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को फाइनल मुकाबले में 28 गेंदे शेष रहते 243 रन बनाकर पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज अपने नाम कर ली।

242 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में विल यंग (पांच) का विकेट गवां दिया। उन्हें नसीम शाह ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद केन विलियमसन (34) को आगा सलमान ने पगबाधा आउट किया। डेवन कॉन्वे (48) रन बनाकर आउट हुये। 39वें ओवर में अबरार अहमद ने डैरिल मिचेल (57) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। 45वें ओवर की पहली गेंद पर शाहीन शाह अफरीदी ने टॉम लेथम को आउट कर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। टॉ लेथम ने 64 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (56)रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 45.2 ओवर में पांच विकेट पर 243 रन पर बनाकर मुकाबला और त्रिकोणीय सीरीज अपने नाम कर ली। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह ने दो विकेट लिये। आगा सलमान, शाहीन शाह अफरीदी और अबरार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां नेशनल बैंक क्रिकेट एरेना में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 54 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। फखर जमान (10), सऊद शकील (आठ) और बाबर आजम (29)रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान मोहम्मद रिजवान ने आगा सलमान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी हुई। 32वें ओवर में ओरूर्क ने रिजवान को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 76 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (46) रन बनाये। इसके 37वें ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने आगा सलमान को आउट कर पवेलियन भेज दिया। आगा सलमान ने 65 गेंदों में एक चौके और एक छक्का लगाते हुए (45) रन बनाये। तय्यब ताहिर 33 गेंदों में (38) रन बनाकर आउट हुये। फहीम अशरफ (22) और नसीम शाह (19) रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान की पूरी टीम 49.3 ओवर में 242 के स्कोर पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क ने चार विकेट लिये। माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को दो-दो विकेट मिले। जेकब डफी और नेथन स्मिथ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

पोलार्ड की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं उनके बेटे कैडेन

जमैका ।वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड के बेटे कैडेन पोलार्ड भी पिता की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं। पोलार्ड ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने बेटे कैडेन की एक तस्वीर साझा की है। इस फोटो में कैडेन हाथ में बल्ला और हेलमेट लिए नजर आये हैं। पोलार्ड ने इस तस्वीर के साथ लिखा कि उनके बेटे ने एक शतक बनाया है। पोलार्ड ने ही कहा कि उनके बेटे कैडेन ने 85 गेंदों में 135 रन बनाये हैं। कैडेन ने ये शतक लगाकर अपनी नॉर्थ टीम को टीटी क्रिकेट बोर्ड को अंडर-15 इंटरजोन यूथ टूर्नामेंट में टोबैगो पर 159 रन से बड़ी जीत दिलाई। कैडेन ने इस दौरान कई ऐसे शॉट्स लगाए, जिसने उनमें पिता कीरोन की झलक नजर आयी। कैडेन अपने पिता कायरन पोलार्ड के साथ कई बार अभ्यास करते हुए नजर आए हैं। कैडेन को कई बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस के नेट्स में अभ्यास भी करते हुए देखा गया है। मुंबई ने अपने सोशल मीडिया पर कैडेन की बैटिंग का वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें देखा जा सकता है कि वो अपने पिता कायरन की गेंदबाजी पर बड़े शॉट्स लगाते दिख रहे हैं। पोलार्ड खेल से संन्यास के बाद अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस से जुड़े हैं। पोलार्ड आईपीएल के अलावा विश्व की दूसरी फ्रेंचाइजी लीग में भी खेलते हैं। पोलार्ड मुंबई इंडियंस की ओर से पांच सत्र खेले थे। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की की जीत में उनकी अहम भूमिका रही है।

सबसे तेज 6000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बने बाबर,- विराट कोहली को पछाड़ा

नई दिल्ली ।पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने शुक्रवार को एक और उपलब्धि अपने नाम की। उन्होंने 123 पारियों में वनडे क्रिकेट में 6000 रन पूरे कर हाशिम अमला के रिकॉर्ड की बराबरी की। बाबर ने 29 रनों की पारी के दौरान यह रिकॉर्ड हासिल किया और इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दुनिया के सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। बाबर का यह 126वां वनडे मैच था, और उन्होंने अब तक 6019 रन बनाए हैं, जिनमें 9 शतक भी शामिल हैं। बाबर आजम का यह रिकॉर्ड उनकी लगातार शानदार फॉर्म का प्रतीक है, खासकर चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले। इस पारी से पहले पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा ने शतक जड़े थे, जो टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए। बाबर की 29 रन की पारी ने भले ही मैच के परिणाम पर बड़ा असर न डाला हो, लेकिन उनकी उपलब्धि क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बन गई है। इस रिकॉर्ड से बाबर आजम ने विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज 6000 वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। विराट कोहली ने यह आंकड़ा 136 पारियों में हासिल किया था, और अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। हाशिम अमला और बाबर आजम दोनों ने यह रिकॉर्ड 123 पारियों में पूरा किया है। बाबर आजम का करियर पिछले 10 सालों में शानदार रहा है, और इस समय तक उन्होंने 6019 रन बनाए हैं। अब वह सबसे तेजी से 6000 रन बनाने वालों की लिस्ट में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। विराट कोहली इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि तीसरे स्थान पर केन विलियमसन और डेविड वॉर्नर का नाम है, जिन्होंने 139-139 पारियों में यह आंकड़ा छुआ था। वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 463 मैचों में 18426 रन बनाए हैं। कुमार संगकारा (14234 रन) और विराट कोहली (13963 रन) इस सूची में क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

पाकिस्तान-न्यूजीलैंड फाइनल मैच में चील का शिकार होते-होते बची बिल्ली

कराची ।पाकिस्तान को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के फाइनल में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस इस में पाक टीम टीम न्यूजीलैंड के सामने टिक नहीं पायी और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पाक टीम पहले बल्लेबाज करते हुए 242 रन ही बना पायी। इसके बाद कीवी टीम ने ये लक्ष्य पांच विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। इस मैच में कीवी टीम की बल्लेबाजी के दौरान ही अचानक एक एक काली बिल्ली मैदान में आ गयी। इस कारण मैच कुछ देर के लिए रुक गया। बिल्ली मैदान से बाहर जा ही रही थी कि लोगों को एक चील आसमान में दिखी। उस चील ने बिल्ली पर झपट्टा मारने का प्रयास किया। दर्शकों भी दिल थामकर ये देख रहे थे। चील बिल्ली को पकड़ने के काफी करीब पहुंच गयी थी पर बिल्ली किसी प्रकार उसका शिकार होने से बच गयी। बहरहाल चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले त्रिकोणीय सीरीज में मिली हार से पाक टीम को करारा झटका लगा है। खिताबी मुकाबले में पाक बल्लेबाज न्यूजीलैंड के विलियम ओरूर्के के सामने टिक नहीं पाये। विलियम ने 43 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं बल्लेबाजी में डेरिल मिचेल और टॉम लैथम ने अर्धशतक लगाए। इस मैच में पाक गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे। शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ और मोहम्मद हसनैन की गेंदबजी में विविधता और लाइन लैंथ की कमी दिखी। उसके गेंदबाजों को पिच से सहायता नहीं मिली।

नंबर वन टेनिस प्लेयर जैनिक सिनर डोपिंग में फंसे, लगा इतने महीनों का बैन

मॉन्ट्रियल (एजेंसी)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत इतालवी खिलाड़ी पर तीन महीने का प्रतिबंध लगेगा। इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के एक स्वतंत्र ट्रिब्यूनल ने सिनर को मार्च 2024 में क्लोस्टेबोल, एक प्रतिबंधित पदार्थ के लिए दो बार सकारात्मक परीक्षण करने के बाद बिना किसी गलती या लापरवाही के दोषी पाया था।

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने पुष्टि की है कि उसने इतालवी टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर के मामले में एक केस समाधान समझौते में प्रवेश किया है, जिसमें खिलाड़ी ने डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन के लिए 3 महीने की अयोग्यता की अवधि स्वीकार कर ली है, जिसके कारण उसे मार्च 2024 में क्लोस्टेबोल, एक प्रतिबंधित पदार्थ के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया था। वाडा के बयान में कहा गया है।

सिनर के अनुसार- यह पदार्थ एक सपोर्ट स्टाफ सदस्य के संपर्क में आने के बाद उनके सिस्टम में प्रवेश कर गया, जो 'ओवर द काउंटर स्प्रे' लगा रहा था, जिसमें क्लोस्टेबोल का मामूली स्तर था और उक्त सपोर्ट स्टाफ सदस्य द्वारा बार-बार मालिश करने से संदूषण हो गया। बयान में कहा गया है कि वाडा स्वीकार करता है कि सिनर का धोखाधड़ी करने का इरादा नहीं था, और क्लोस्टेबोल के संपर्क में आने से कोई प्रदर्शन-बढ़ाने वाला लाभ नहीं मिला और यह उसके दल के सदस्यों की लापरवाही के परिणामस्वरूप उसकी जानकारी के बिना हुआ।

जनवरी में 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले सिनर को 9 फरवरी से 4 मई तक तीन महीने का प्रतिबंध झेलना होगा, 4 दिन पहले ही अनंतिम निलंबन के तहत सेवा दी जा चुकी है, और उन्हें 13 अप्रैल से प्रशिक्षण पर लौटने की अनुमति दी जाएगी। 4 मई को उनकी वापसी से उन्हें रोलांड गैरोस में सीज़न के दूसरे ग्रैंड स्लैम में भाग लेने की अनुमति मिल जाएगी, जो फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है, जो 19 मई से 8 जून तक पेरिस, फ्रांस में होगा।

समझौते की शर्तों के तहत, सिनर 9 फरवरी, 2025 से 4 मई, 2025 को रात 11:59 बजे तक अपनी अपात्रता की अवधि पूरी करेगा (जिसमें एथलीट द्वारा पहले दिए गए चार दिनों का क्रेडिट शामिल है, जबकि वह अनंतिम निलंबन के तहत था)। कोड अनुच्छेद 10.14.2 के अनुसार, सिनर 13 अप्रैल, 2025 से आधिकारिक प्रशिक्षण गतिविधि में वापस आ सकता है। मामले के समाधान समझौते के प्रकाश में, वाडा ने औपचारिक रूप से कहा है CAS से अपनी अपील वापस ले ली।

संक्षिप्त समाचार

थाईलैंड में भारतीयों सहित 260 विदेशियों को गुलामी से बचाया

बैंकॉक, एजेंसी। थाइलैंड में भारतीयों सहित 260 विदेशियों को सेना ने वर्चुअल गुलामी से बचा लिया। अब उन्हें वापस उनके देश भेजने की कार्रवाई की जा रही है। माना जा रहा है कि इन लोगों को मानव तस्करी के लिए मजबूर किया गया और इसने वर्चुअल गुलामी करवाई जा रही थी। वर्चुअल गुलामी में लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले केंद्रों में जबरन काम कराया जाता है। सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि इन लोगों को म्यांमार से थाइलैंड भेजा गया था।

यूरोप जा रहे अमेरिकी विदेश मंत्री का विमान बीच रास्ते से वापस लौटा

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो और सीनेट के विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष जिम रीच को लेकर जर्मनी के म्यूनिख जा रहा अमेरिकी वायुसेना का एक विमान बीच रास्ते से ही अमेरिका वापस लौट आया। दरअसल उड़ान के दौरान पायलट को विमान में तकनीकी खराबी का पता चला, जिसके बाद एहतियातन विमान वापस वॉशिंगटन लौट आया। रूबियो, रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर म्यूनिख में हो रही बैठक में शामिल होने जा रहे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रूबियो अब दूसरे विमान से म्यूनिख जाएंगे। हालांकि अभी ये तय नहीं है कि रूबियो कब म्यूनिख के लिए उड़ान भरेंगे। हालांकि शुक्रवार सुबह म्यूनिख में होने वाली बैठक में रूबियो शामिल नहीं हो पाएंगे। आज रूबियो, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच अहम बैठक होनी थी, लेकिन अब रूबियो इसमें शामिल नहीं होंगे।

विदेशी मदद पर लगी रोक अस्थायी तौर पर हटाने का आदेश

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका की संघीय अदालत के एक जज ने ट्रंप प्रशासन से विदेशी मदद के तहत अस्थायी फंड जारी करने का आदेश दिया है। दो स्वास्थ्य संगठनों की अपील पर संघीय जज आमिर अली ने यह आदेश पारित किया। आदेश में ट्रंप प्रशासन से विदेशी मदद के लिए फंड जारी करने पर लगी तीन हफ्ते की रोक को अस्थायी तौर पर हटाने का आदेश दिया गया है।

खैबर पख्तूनख्वा में सरकारी अधिकारियों का अपहरण

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने दो सरकारी अधिकारियों और चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष का अपहरण कर लिया। पुलिस उपायुक्त नासिर खान ने कहा कि सीमा शुल्क अधीक्षक निसार अब्बासी, निरीक्षक खुशाल और वजीरिस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सैफ-उर-रहमान को दक्षिण वजीरिस्तान जिले के सीमा बिंदु अंगूर अड्डा स्थित सीमा शुल्क कार्यालय से लौटते समय शोलम से अपहरण कर लिया गया है। इन लोगों की बरामदगी के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक किसी भी समूह ने अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है।

पूर्वी कांगो में हथियारबंद व्यक्तियों ने सैकड़ों बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया

डाकार, एजेंसी। कांगो के पूर्वी क्षेत्र में हथियारबंद व्यक्तियों ने सैकड़ों बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया और बड़ी संख्या में बच्चों को बाल सैनिकों के रूप में भर्ती किया। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने यह बात कही। खनिज से समृद्ध इस क्षेत्र में हाल के सप्ताह में संघर्ष और ज्यादा बढ़ गया है। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने एक बयान में कहा, ''हमें उत्तर और दक्षिण किवु प्रांत में संघर्ष का सामना कर रहे लोगों द्वारा बच्चों के साथ किए गए गंभीर उल्लंघनों की भयावह जानकारियां मिली हैं, जिनमें दुष्कर्म और अन्य प्रकार की यौन हिंसा की शिकायतें शामिल हैं। हाल के वर्षों में हमने पहले कभी यह स्तर नहीं देखा था।'' रसेल ने कहा, ''एक मां ने हमारे कर्मचारियों को बताया कि कैसे उसकी छह बेटियों में से सबसे छोटी बेटी (12) के साथ हथियारबंद व्यक्तियों ने बलात्कार किया।'' कांगो गणराज्य में यूनिसेफ की संचार प्रमुख लियान ने एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े लोगों ने 27 जनवरी से दो फरवरी के बीच दुष्कर्म के 572 मामलों की सूचना दी, जो पिछले सप्ताह की तुलना में पांच गुना अधिक हैं।

जर्मनी में हो गया बड़ा हमला, भीड़ को रौंदते चली गई कार

म्यूनिख, एजेंसी। जर्मनी के म्यूनिख शहर में गुरुवार को हमला हुआ है, जहां एक कार भीड़ भरे इलाके में लोगों को रौंदते हुए चली गई। इस घटना में कम से कम 20 लोग घायल हो गए। सुबह करीब 10.30 बजे हुई इस घटना के बाद शहर के सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास बड़े पैमाने पर पुलिस अभियान चलाया गया। जर्मन मीडिया ने बताया कि आरोपी की पहचान अफगानिस्तान के एक व्यक्ति के रूप में की गई, जिसे घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पहले कहा था कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है और उससे आगे कोई खतरा नहीं है। हालाँकि, उन्होंने तुरंत यह स्पष्ट नहीं किया कि दुर्घटना जानबूझकर की गई थी या कोई दुर्घटना थी। घटनास्थल पर एक क्षतिग्रस्त मिनी कूपर देखा गया और घटना का कारण निर्धारित करने के लिए जांच जारी है।

आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। म्यूनिख के मेयर डाइटर रेइटर ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और पुष्टि की कि घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। उस समय सेवा कर्मचारी संघ वर्डी द्वारा एक प्रदर्शन हो रहा था, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि पीड़ितों में प्रदर्शनकारी भी थे या नहीं। यह घटना म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन की शुरुआत से ठीक एक दिन पहले हुई है, जो अंतरराष्ट्रीय नेताओं और सुरक्षा अधिकारियों की एक प्रमुख सभा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की शहर में आने वाले हाई-प्रोफाइल उपस्थित लोगों में से हैं। पूरे म्यूनिख में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है क्योंकि अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। पुलिस ने 24 साल के हमलावर को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ड्राइवर का नाम फरदाह बताया जा रहा है। वह 2016 में जर्मनी आया था। उस पर इस्लाम विरोधी प्रदर्शन के दौरान एक पुलिस अफसर समेत 6 लोगों को चाकू मारकर घायल करने का आरोप है।

पुलिस ही घटनास्थल से मिनी कूपर कार को बरामद किया है। फायर सर्विस के मुताबिक घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस को शक है कि यह हमला जानबूझकर किया गया है। वहीं, म्यूनिख के मेयर डाइटर राइटर ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और बताया कि घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

हमलावर पर नशीले पदार्थों की तस्करी का आरोप : बवेरिया के गृहमंत्री जोआचिम हरमन के मुताबिक पुलिस पहले से हमलावर को जानती थी। वह पहले नशीले पदार्थ की तस्करी और दुकान से सामान चुराने के आरोप में पकड़ा जा चुका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलावर मिनी कूपर कार चला रहा था। हमले के वक्त कार की रफ्तार 50 किमी प्रति घंटा थी। घटनास्थल से बरामद कार की फ्रंट विंडो पूरी तरह चकनाचूर हो गई थी। रिपोर्ट्स में यह दावा भी किया गया है कि हादसे में एक महिला की मौत हुई है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के बाद बीएनपी ने शेख हसीना को वापस भेजे जाने की उम्मीद जताई

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने कहा कि उसे उम्मीद है कि भारत उनकी प्रतिद्वंद्वी शेख हसीना को वापस उनके देश भेजेगा, ताकि उन पर मुकदमा चलाया जा सके। बीएनपी का यह बयान संयुक्त राष्ट्र की एक तथ्यान्वेषण रिपोर्ट में किए गए उस दावे के एक दिन बाद आया है, जिसमें कहा गया है कि पिछले साल प्रदर्शनकारियों पर ''सुनियोजित तरीके से हमलों और हत्याओं के जरिये सत्ता में बने रहने की कोशिश की गई थी।''

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो भारत को पिछले साल हसीना के प्रत्यर्पण के लिए किए गए अनुरोध का एक अनुस्मारक भेजा जाएगा। हसीना की अवामी लीग पार्टी के लगभग 16 साल लंबे शासन का पांच अगस्त 2024 को छात्रों के आंदोलन के बाद पतन हो गया था, जिसके चलते वह बांग्लादेश छोड़ भारत चली गई थीं।

बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि सामूहिक हत्याएं, मानवाधिकारों का उल्लंघन और लोकतंत्र तथा संस्थाओं का विनाश हसीना के आदेश पर किया गया था, और रिपोर्ट से यह साबित हुआ है कि ''हसीना एक फासीवादी हैं, जिन्होंने इस देश के लोगों को प्रताड़ित किया।'' आलमगीर ने कहा, ''हम आज भारत सरकार से हसीना और उनके साथियों को तुरंत बांग्लादेश भेजने और उन्हें मुकदमे का सामना करने के लिए सरकार को सौंपने का आह्वान करते हैं।

दक्षिण-एशिया मामलों में अमेरिकी राजनयिक नामित हुए पॉल कपूर

वाशिंगटन, एजेंसी। दक्षिण एशियाई सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ पॉल कपूर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण एशियाई मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में नामित किया है। अगर कपूर को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह डोनाल्ड लू की जगह लेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने जनवरी में पुष्टि की थी कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू का कार्यकाल 17 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों का ब्यूरो अमेरिका की विदेश नीति और अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ अमेरिकी संबंधों से जुड़े मामलों को देखता है। भारतीय मूल के कपूर वर्तमान में 'यूनाइटेड स्टेट्स नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल' के राष्ट्रीय सुरक्षा मामला विभाग में प्रोफेसर हैं।

एक बार फिर तुर्की के राष्ट्रपति ने छेड़ा कश्मीर मुद्दा, शहबाज ने गाजा से की तुलना

अंकारा, एजेंसी। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि कश्मीर मुद्दे को कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति एर्दोगन दो दिवसीय यात्रा पर पाकिस्तान में हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ के साथ एक-पर-एक और प्रतिनिधिमंडल वार्ता के बाद ये टिप्पणियाँ कीं। नेताओं ने दोनों पक्षों के बीच 24 समझौतों और एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह भी देखा। इसके बाद, उन्होंने अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त करते हुए मीडिया में बयान पढ़ा, इस दौरान एर्दोगन ने काश के बारे में भी बात की। भारत ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख देश का अभिन्न अंग थे, हैं और 'हमेशा रहेंगे'। भारत द्वारा 5 अगस्त, 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है। अपने बयान में राष्ट्रपति एर्दोआन ने पाकिस्तान के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में भी गहरी दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने कहा, हमारी परिषद के सातवें सत्र में, जिसे हमने अभी-अभी समाप्त किया है, हम अपने संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। इस यात्रा के दौरान, हमने व्यापार, जल संसाधन, कृषि, ऊर्जा, संस्कृति, परिवार और सामाजिक सेवाओं के साथ-साथ

विज्ञान, बैंकिंग, शिक्षा, रक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में कुल 24 समझौतों और सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान तुर्किये के नेता का दूसरा घर है और यहां पांच साल बाद उनका फिर से आना अद्भुत है। उन्होंने भूकंप और बाढ़ के दौरान पाकिस्तान के साथ खड़े रहने के लिए तुर्किये का आभार जताया। शहबाज ने कहा कि आज आपकी पाकिस्तान यात्रा ने हमारे भाईचारे के संबंधों को एक नया ऊंचाई दी है।

भारतीय साइकिलिस्ट को मिनी बस ने कुचला, मौत : चिली, एजेंसी। सबसे तेज 10 हजार किलोमीटर की यात्रा का विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के प्रयास में वाहन की चपेट में आने से भारतीय साइकिलिस्ट मोहित कोहली (36) की मौत हो गई। स्थानीय ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोहित को बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे (स्थानीय समयानुसार) पोजो अलमोंटे कम्यून में रूट संख्या पांच पर एक मिनी बस ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय समाचार पोर्टल के अनुसार, साइकिल चालक ने 22 जनवरी को कार्टाजेना से अपनी यात्रा शुरू की और 10,000 किलोमीटर की यात्रा दौरान वह कोलंबिया, पेरू, इक्वाडोर को पार कर चिली से गुजर रहे थे। यातायात दुर्घटना जांच अनुभाग (एसआईएटी) के लेफ्टिनेंट एलेक्सिस गुटिरेज कोरबालन ने बताया कि मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई। बता दें कि कोहली सोशल मीडिया पर अपनी यात्रा का विवरण दे रहे थे, जिसके अनुसार उनका लक्ष्य कोलंबिया के कार्टाजेना से अर्जेंटीना के उशुआइया तक सबसे तेज साइकिलिंग रिकॉर्ड बनाना था। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की वेबसाइट के अनुसार, दक्षिण अमेरिका की सबसे तेज यात्रा करने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रिया के माइकल स्ट्रैसर ने बनाया था और उन्होंने 2018 में यह दूरी तय करने में 41 दिन और 41 मिनट लगे थे।

जुकरबर्ग बोले-पाकिस्तान में मुझे मौत की सजा होने वाली थी: ईशनिंदा का आरोप था

फेसबुक यूजर की पोस्ट से छिड़ा था विवाद

इस्लामाबाद, एजेंसी। फेसबुक के को-फाउंडर मार्क जुकरबर्ग ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक बार उन्हें पाकिस्तान में मौत की सजा सुनाई जाने वाली थी। किसी यूजर ने फेसबुक पर प्रोफेट मोहम्मद की तस्वीर पोस्ट की थी, जिसे लेकर पाकिस्तान में उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया गया था। मंगलवार को एक इंटरव्यू में जुकरबर्ग ने कहा कि इस मामले में पाकिस्तानी सरकार से अपील की गई थी कि वो जुकरबर्ग को ईशनिंदा के लिए व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार ठहराए। जुकरबर्ग ने बताया कि मेरा पाकिस्तान जाने कोई इरादा नहीं था, इसलिए मैं ज्यादा परेशान नहीं था। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि यह घटना किस साल हुई थी।

यह खुलासा ऐसे वक्त में हुआ है जब मेटा (फेसबुक की पैरेंट कंपनी) और पाकिस्तानी सरकार के बीच कानूनी

लड़ाई चल रही है। पाकिस्तान में फेसबुक पर आरोप है कि वह देश के ईशनिंदा कानूनों का उल्लंघन करने वाले कंटेंट की अनुमति दे रहा है। जुकरबर्ग ने बताया कि दुनिया में कई जगहों पर अभिव्यक्ति की आजादी के मूल्य हमारे मूल्यों से काफी अलग हैं। ये देश चाहते हैं कि हम उन चीजों पर कार्रवाई करें और और प्रतिबंध लगाएं जो उनके यहां मान्य नहीं हैं।

पाकिस्तान में ईशनिंदा पर मौत की सजा तक का प्रावधान : पाकिस्तान में दुनिया का सबसे कड़ा ईशनिंदा कानून है। यहां पर कुरान या पैगम्बर का अपमान करने पर आजीवन कारावास से लेकर मौत की सजा तक हो सकती है। हालांकि मौत की सजा सुनाए जाने के बावजूद देश में किसी को फांसी नहीं मिली है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक 1990 के बाद से अब तक 80 से ज्यादा लोगों को ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने मार डाला है। कई बार ऐसा होता है जब कुरान या पैगम्बर के अपमान करने की अफवाह मात्र से किसी भी जगह पर हजारों लोगों की भीड़ जुट जाती है और आरोपी पर हमला बोल देती है।

बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों पर नियंत्रण नहीं, लालोन फकीर स्मृति समारोह रोका

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों पर सरकारी नियंत्रण नहीं है। इन गुटों ने दार्शनिक व सूफी संत लालोन फकीर की स्मृति में आयोजित होने वाला समारोह रद्द करा दिया। बांग्लादेश के सबसे बड़े इस्लामी समूह हिफाजत-ए-इस्लाम की आपत्ति पर इसे रद्द करना पड़ा। फकीर लालोन सैजी की 134वीं पुण्यतिथि मनाई जानी थी। इनकी विचारधारा से रवींद्रनाथ टैगोर भी प्रभावित रहे हैं। बिबरतन सांस्कृतिक केंद्र ने भी घटना की निंदा की है। केंद्र के महासचिव मोफिजुर रहमान लाल्टू ने कहा, 5 अगस्त को फासीवादी हसीना सरकार के पतन के बाद से कट्टरपंथी देश की सियासत और सांस्कृतिक मामलों में हावी हैं। अंतरिम सरकार इन जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने का संकेत नहीं दे रही है। जातिवाद, नस्ली संघर्ष के विरुद्ध थे लालोन फकीर लालोन के दर्शन में जाति, वर्ग और पंथ के सभी भेदों को खारिज किया गया है। वह धार्मिक संघर्षों और नस्लवाद के खिलाफ रहे थे। उनके अनुयायी भी कट्टरपंथ के खिलाफ हैं। इसी बात से बांग्लादेश के इस्लामी संगठन खफा हैं और उन्होंने

ऐसे समारोह को ही रद्द करने का फरमान सुना दिया। वे लालोन फकीर का अस्तित्व खत्म करना चाहते हैं। मानवाधिकार समूह ने कहा, सरकारी एजेंसियां निष्पक्ष रहें अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार निगरानी संस्था (एचआरडब्ल्यू) ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया है कि देश में सुरक्षा बलों को निष्पक्ष रूप से काम करने दिया जाए। उसने कहा कि सियासी हिंसा से निपटने में कानून का शासन को बनाए रखा जाए। संयुक्त राष्ट्र की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए, एचआरडब्ल्यू ने कहा, अगस्त 2024 में पीएम शेख हसीना की सरकार को हटाने के बाद हुई अशांति के दौरान कई हत्याएं, यातनाएं और सामूहिक गिरफ्तारियां हुईं।

व्हाइट हाउस में बैठक के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी के लिए कुर्सी खींची

वाशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार (स्थानीय समय) को वाशिंगटन डीसी स्थित व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया. वेस्ट विंग लॉबी में एक-दूसरे का अभिवादन करते हुए दोनों नेताओं ने गले मिलकर खुशी जाहिर की. इस दौरान पीएम मोदी के बैठने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुर्सी खींची और उन्हें सम्मान पूर्वक स्थान ग्रहण करने को कहा.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ व्हाइट हाउस में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि भारत अमेरिकी परमाणु प्रौद्योगिकियों को भारतीय बाजार में लाने के लिए अपने कानूनों में सुधार कर रहा है. इसके बाद एलन मस्क के साथ कारोबारी सौदे के सवाल पर पीएम मोदी ने कहा हल्के फुलके अंदाज में कहा कि केवल ट्रंप के पास डील शब्द का कॉपीराइट है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्हाइट हाउस में पत्रकारों ने पूछा कि क्या अरबपति उद्यमी एलन मस्क के साथ मुलाकात के दौरान उन्होंने कोई कारोबारी सौदा किया है, जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि दुनिया में डील शब्द पर केवल एक व्यक्ति का कॉपीराइट है और वह ट्रंप हैं.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारे बीच बहुत पुराना रिश्ता है. मैं उन्हें (एलन मस्क) तब से जानता हूं, जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था. वह आज अपने परिवार के साथ मुझसे मिलने आए थे. जहां तक किसी भी डील की बात है, दुनिया में डील शब्द पर केवल एक व्यक्ति का कॉपीराइट है और वह ट्रंप हैं. इससे पहले दिन में पीएम मोदी ने अमेरिका की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान मस्क से मुलाकात की. यह सवाल उन खबरों के मद्देनजर आया है, जिनमें कहा गया था कि मस्क भारत में स्पेसएक्स के स्टारलिंक को लॉन्च करने की कोशिश कर रहे हैं.

संक्षिप्त खबरें

धनबाद-कोडरमा खंड के मध्य चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान

धनबाद(बिभा) : धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ।इसी क्रम में 14.02.25 को धनबाद झकोडरमा खंड में मजिस्ट्रेट महोदय की उपस्थिति में टिकट चेकिंग अभियान एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान के साथ-साथ चन्द्रपुरा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई इस जांच अभियान में कुल 876 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे ` इस दौरान उनसे 04 लाख 44 हजार 435 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई चेकिंग टीमों ने स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

राँची मंडल में नॉन इंटर लॉकिंग कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

धनबाद(बिभा): दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल में टाटी स्टेशन पर नॉन इंटर लॉकिंग कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में किया जाएगा बदलाव। 23.02.25 से 25.02.25 तक खुलने वाली गाड़ी संख्या 15027 सम्बलपुर झगोरखपुर एक्सप्रेस को 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जाएगी। 23.02.25 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 18106 जयनगर झराउरकेला एक्सप्रेस का आंशिक समापन हटिया स्टेशन पर किया जाएगा। 25.02.25 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 18105 जयनगर झराउरकेला- जयनगर एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ हटिया स्टेशन से किया जाएगा।

धनबाद मंडल रेल अस्पताल के शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

धनबाद(बिभा) : धनबाद मंडल रेल अस्पताल के स्थापना के 100 वर्ष पूरा होने पर मंडल की ऐतिहासिक विरासत एवं विकास यात्रा को याद करते हुए शनिवार को धनबाद मंडल रेल अस्पताल में शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया ।साथ ही इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा श्रीमती गरिमा सिन्हा सहित पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन,धनबाद मंडल की अन्य सदस्याएं एवं मंडल के उच्चाधिकारीगण, चिकित्सकगण, अतिथिगण और कर्मचारीगण उपस्थित थे ।इस अवसर पर धनबाद मंडल रेल अस्पताल के 100 वर्षों के ऐतिहासिक सफर को बेहद ही खूबसूरत और रोचक अंदाज में संजोए एक फोटो प्रदर्शनी लगाया गया जिसका मंडल रेल प्रबंधक एवं अतिथियों ने अवलोकन किया । इस ऐतिहासिक अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह अवसर हम सभी के लिए गर्व, प्रेरणा और संकल्प का प्रतीक है ।धनबाद मंडल रेल अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य होगा।

रेलवे बोर्ड के सतीश कुमार ने भारतीय रेलवे के संरक्षा पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की

हाजीपुर(बिभा): सतीश कुमार, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भारतीय रेलवे के संरक्षा पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस समीक्षा बैठक में रेल बोर्ड के सदस्यगण, क्षेत्रीय रेलवे के महाप्रबंधक सहित अन्य विभागाध्यक्ष तथा सभी मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक एवं अधिकारीगण वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे । बैठक में रेलवे से जुड़े विभिन्न संरक्षा पहलुओं पर गहन चर्चा की गयी। बैठक में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने स्वचालित सिग्नलिंग, लाईन कर्मचारियों की कार्य अवधि, यार्ड रिमॉडलिंग एवं यार्ड बुनियादी ढांचे, डस्टर प्रबंधन टीम में संरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया ।इसके अलावा उन्होंने पाक्षिक संरक्षा कार्य योजना बनाने और उसकी नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिये । इस समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के विभागाध्यक्षों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे ।इसके साथ ही पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक अपने अपने मंडलों में अधिकारियों के साथ इस समीक्षा बैठक में उपस्थित थे ।

सात्विक मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट : पॉवर क्रिकेट एकेडमी ने जीता खिताब

रांची(बिभा) : रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सात्विक मेमोरियल डिविजन क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को पॉवर क्रिकेट एकेडमी बनाम अरुणोदय क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें पॉवर क्रिकेट एकेडमी ने जीत हासिल की । टूनार्मेंट का पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सात्विक के पिता शैलेश कुमार और माता सुधा देवी एवम जिला संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से विजेता एवम उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान किए। टूनार्मेंट में बेस्ट बैटर का पुरस्कार मंथन सी ए के ऋषिकेश प्रियदर्शी एवम बेस्ट बॉलर यूथ मंथन सी सी के तौहीद आयन को दिया गया और आज के फाइनल के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पॉवर सी ए के गौरव (गबरू)को दिया गया ।पुरस्कार वितरण समारोह रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारणी सदस्य चंचल चंचल भट्टाचजी रमेश कुमार,मुज्जफर अली ,(मुन्ना),सहायक सचिव सुनील पाल ,शंभू सिन्हा, ,मुक्तेश सिंह , रुस्तम ,शाहिद मिर्जा, दिलीप सिंह , नईम आदि मौजूद थे।

गुमला साहित्य महोत्सव का भव्य शुभारंभ, जनजातीय भाषाओं और संस्कृति के संरक्षण पर जोर

नीलोत्पल मृणाल की प्रस्तुति ने बांधा समां, भाषा तभी बचेगी जब मिलेगा रोजगार

जहां-जहां मांदर गया, वहां-वहां कुड़ुख भाषा की यात्रा हुई - लोकसंस्कृति के संरक्षण पर हुआ विचार विमर्श

बिभा संवाददाता

गुमला: जिला प्रशासन के तत्वावधान में द्वितीय गुमला साहित्य महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में जिले के विभिन्न उच्च विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी नागरिकों ने सहभागिता दर्ज की। महोत्सव में स्थापित सेल्फी पॉइंट्स नागरिकों के आकर्षण का केंद्र बने, वहीं साहित्य प्रेमियों द्वारा विभिन्न पठन-पाठन सामग्री एवं पुस्तकों का क्रय भी किया गया।

महोत्सव के प्रथम सत्र में डॉ. नारायण भगत एवं डॉ. प्रेम चंद्र उरांव द्वारा कुड़ुख एवं उरांव भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर विस्तृत परिचर्चा की गई। डॉ. नारायण भगत ने कुड़ुख भाषा की सांस्कृतिक महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि गुमला का मांदर केवल एक वाद्य यंत्र नहीं, बल्कि भाषा, लोककथाओं और परंपराओं को जीवंत रखने का माध्यम है। उन्होंने इस तथ्य पर बल दिया कि झारखंड की प्रमुख जनजातीय भाषाओं झ उरांव, मुंडा, हो और संथाली को न केवल संरक्षित करने की आवश्यकता है, बल्कि इन भाषाओं में साहित्य सृजन को भी बढ़ावा देना होगा।

इस दौरान नागरिकों द्वारा यह विचार व्यक्त किया गया कि वर्तमान में कुड़ुख भाषा का मौखिक प्रयोग कम होता जा रहा है, जिससे यह विलुप्ति के कगार पर है। इस संदर्भ में विशेषज्ञों ने आश्वस्त किया कि शोध एवं लेखन कार्यों के माध्यम से इस भाषा को सशक्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में 15 शोधकताओं द्वारा इस दिशा में कार्य किया जा रहा है, तथा कई अप्रकाशित साहित्य को प्रकाशन हेतु तैयार किया जा रहा है।

छात्र-छात्राओं द्वारा सोहराय पेंटिंग के महत्व के बारे में भी पूछा गया, जिसमें यह बताया गया कि मवेशियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु यह कला विकसित हुई है। इसी क्रम में यह भी उल्लेख किया गया कि जहां-जहां मांदर गया, वहां-वहां कुड़ुख भाषा की यात्रा हुई, जो इस भाषा की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है।

महोत्सव के द्वितीय सत्र में प्रसिद्ध साहित्यकार एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नीलोत्पल मृणाल ने अपनी ओजस्वी प्रस्तुति से साहित्यिक संवाद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने अपने विशिष्ट हास्य-व्यंग्य शैली में विभिन्न साहित्यिक संदर्भ प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित जनसमुदाय विशेष रूप से युवा एवं वरिष्ठ नागरिक प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि भाषा तभी जीवित रह सकती है, जब उसमें रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। उन्होंने झारखंड की जनजातीय भाषाओं में प्रतिष्ठित नौकरियों एवं रोजगार के सृजन की आवश्यकता पर बल दिया।

अपने साहित्यिक सफर पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि वे पूर्व में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, किंतु साहित्य के प्रति उनकी रुचि ने उन्हें इस दिशा में अग्रसर किया। उन्होंने इस अवसर पर कई कविताएं एवं गीत प्रस्तुत किए, जिनमें उस दौर का जादू कैसे जाने ये रील बनाने वाले लड़के, पुरखों के तीज-त्योहारों को बचाए रखना,दुनिया ऐसी हुआ करती थी,थोड़ा सा नदी का पानी, मुट्ठी भर रेत रखलो,कहां गया गया मेरा दिन वो सलोना रे तथा एक नौकरी के चक्कर में देखो सिकंदर हार गया, विशेष रूप से सराही गईं।

उन्होंने कहा कि मोबाइल किसी भी दौर में किताब का विकल्प नहीं हो सकता, क्योंकि किताब वटवृक्ष के समान होती है। उनकी प्रस्तुतियों के पश्चात नागरिकों ने उनसे विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक विषयों पर संवाद भी किया।उन्होंने जिला प्रशासन के इस आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया एवं नागरिकों से अपील की कि वे अपनी मातृभाषा एवं लोकसंस्कृति के संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं।

महोत्सव में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सहित सभी वरीय प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

झारखंड को मिली राष्ट्रीय ओपन कराटे प्रतियोगिता की मेजबानी

बिभा संवाददाता

रांची : आगामी 3 और 4 मई को झारखंड का खेल गांव कराटे खिलाड़ियों से गुलजार होगा। देशभर से हजारों कराटे खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे।सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया ने सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप की मेजबानी झारखंड को दी है।जिसका आयोजन रांची के खेल गांव में किया जाएगा। सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के झारखंड राज्य प्रतिनिधि सह कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमिश्न के चेरमैन शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी दी। इन्होंने कहा कि सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के भारत प्रमुख सह कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा ने झारखंड को सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप की मेजबानी दी है। वर्ष 2023 में कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के महासचिव कियोशी संजीव जांगड़ा की उपस्थिति में सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप के सफल आयोजन को देखते हुए दूसरी बार इस प्रतियोगिता के आयोजन की मेजबानी झारखंड को दी गई है इस प्रतियोगिता में देश भर से हजारों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। वर्ल्ड कराटे फेडरेशन एवं एशियन कराटे फेडरेशन के जज एवं रेफरियों के देखरेख में प्रतियोगिता का संचालन किया जाएगा। देश भर से आए पदाधिकारियों के रहने की व्यवस्था रांची के विभिन्न होटलों में की जाएगी। वहीं खिलाड़ियों के लिए होटल के अलावे खेल गांव के डॉरमेट्री में भी रहने की व्यवस्था की जाएगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जल्द ही आयोजन कमेटी का गठन किया जाएगा।

प्रतियोगिता का उद्घाटन साउथ एशियन कराटे फेडरेशन एवं कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा के द्वारा किया जाएगा।

किसान मेले के माध्यम से किसानों को मिलेगी कृषि क्षेत्र में विकसित नवाचारों की जानकारी : उपायुक्त

पलामू : पलामू के शिवाजी मैदान में 19 फरवरी को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन होगा। मेला-सह-प्रदर्शनी के सफल आयोजन को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। उपायुक्त ने मेला-सह-प्रदर्शनी के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निदेशित किया। उपायुक्त ने कहा कि किसान मेला-सह-प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को कृषि के क्षेत्र में विकसित नवाचारों की जानकारी मिले। इस दिशा में सक्रियता से तैयारी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेला में किसान एक-दूसरे किसानों द्वारा उत्पादित सब्जी एवं अन्य उत्पाद के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। वहीं पशुपालक किसान भी उन्नत नस्ल के पशुओं के बारे में जान-समझ सकेंगे। सखी मंडल की महिलाएं भी दूसरे महिलाओं द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्य के बारे में जागरूक व प्रज होंगी। मेला के माध्यम से किसान उन्नत खेती, कृषि के क्षेत्र में हो रहे नये प्रयोग एवं उपचारित बीज से उत्पादन को बढ़ावा दिए जाने आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। वहीं कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में विकसित तकनीक अपनाकर किसान अपनी आमदनी को बढ़ा सकेंगे।

उपायुक्त ने सिकरियाटांड़ पंचायत भवन का किया औचक निरीक्षण

बिभा संवाददाता

सिमडेगा: उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने पाकरटांड़ प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सिकरियाटांड़ पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया। इस उपायुक्त द्वारा पंचायत अंतर्गत संचालित कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। तथा जॉब कार्ड रजिस्टर, 15 वें वित्त योजना पंजी, योजना अभिलेख, रजिस्टर -2 ग्राम सभा एवं सोशल ऑडिट सभा रजिस्टर, सामग्री पंजी, शिकायत पंजी, परिसंपत्ति पंजी सहित अन्य रजिस्टर की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं योजना का अभिलेख, एमबी बुक, ई-मास्टर रोल निर्गत की जांच किया गया। पंचायत भवन, सिकरियाटांड़ का निरीक्षण क्रम में पाया गया कि कैश बुक मेंटेन नहीं किया गया है।

इसके पश्चात उपायुक्त ने कई लाभुकों एक ही जगह पर 30 एकड़ में लगे आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया। वहां पर कार्य करने वाले मजदूरों से मिले, सभी मजदूरों से दैनिक मजदूरी भुगतान की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने लाभुकों से भी मुलाकात की तथा पेड़ की बेहतर रख रखा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने इंटरक्रॉपिंग के तहत खाली जगह पर सब्जी की खेती करने के लिए प्रेरित किया। तथा कई किसानों द्वारा सब्जी की खेती गई थी जिसे देख उपायुक्त अन्य किसानों को प्रेरणा लेने की बात कहीं। मनरेगा के तहत मिली सिंचाई कुप संवर्धन योजना का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त कुआं की खुदाई कराकर उसकी पत्थर से पटाई कर योजना पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा उपायुक्त ने पाकरटांड़ प्रखंड सभागार में सभी कमीर्यों संग बैठक की। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की क्रियान्वयन व प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना की निर्धारित लक्ष्य की जानकारी ली। तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में छुटे हुए लाभुकों की सर्वे से संबंधित कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2023- 24 तक लंबित 11 आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का की बात कहीं। साथ ही अंबेडकर आवास एवं पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत लंबित कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

जामताड़ा पुलिस ने एक साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

जामताड़ा : जामताड़ा पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक जयंत तिर्की के नेतृत्व में बनी टीम ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। टीम में अवर निरीक्षक मनीष कुमार गुप्ता, प्रकाश सेठ सहायक अवर निरीक्षक स्टेनली हेंब्रम और अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। गिरफ्तारी नारायणपुर थाना क्षेत्र के साउलापुर, उदयपुर के पास से हुई है। गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम चंद्रदेव मंडल है।

साइबर थाना के डीएसपी चंद्रशेखर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी दी कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ साइबर अपराध थाना कांड संख्या 12/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी के पास से 3 मोबाइल फोन और 4 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह आरोपी लोगों को आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड बंद होने का झांसा देकर उनके मोबाइल में एपीके फाइल भेजता था। फाइल डाउनलोड कराकर वह क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त करता था। यह अपराधी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार में सक्रिय था।

सिस्टर क्रिस्टीना मेरी एसएमआई ने मनाई अपने धार्मिक जीवन की हीरक जयंती

बिभा संवाददाता

रांची : टैगोर हिल स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में सिस्टर क्रिस्टीना मेरी एस.एम.आई. ने अपने धार्मिक जीवन के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती (डायमंड जुबली) समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस शुभ अवसर पर पवित्र मिस्सा बलिदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत कॉन्वेंट के प्रवेश द्वार पर नवनिर्मित संस्था के संस्थापक फादर बिशप लोइस मोरो की प्रतिमा (बस्ट) के आशीष समारोह से हुई। इस दौरान बड़ियातू पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर हेमलेट कुजूर ने प्रार्थना की अगुवाई की। समारोह का संचालन सिस्टर मिठू मोंडल ने किया। मिस्सा के पूर्व सिस्टर बेनेदिक्ता ने सिस्टर क्रिस्टीना मेरी के जीवन परिचय पढ़ा।

मिस्सा बलिदान के मुख्य अनुष्ठाता गोरखपुर से आए फादर बेनी थे, जबकि प्रवचन फादर जस्टिन ओ.सी.डी. ने दिया। अपने प्रवचन में फादर जस्टिन ने कहा कि जीवन और बुलाहट ईश्वर की एक अनोखी देन है, जो केवल व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, बल्कि उनके परिवार और समाज के लिए भी एक अनमोल उपहार होती है। सिस्टर क्रिस्टीना मेरी ने एक नर्स के रूप में अपनी सेवा द्वारा अनगिनत लोगों का जीवन छुआ है। उनकी प्रेममयी सेवा को भुलाया नहीं जा सकता, और वे कई लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकी हैं।

मिस्सा के दौरान मध्यस्थता की प्रार्थनाएँ सिस्टर विनोदी द्वारा प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर गायन दल का नेतृत्व जुनुल, स्कूल स्टाफ और पल्लीवासियों ने किया, जिसका प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा।

मिस्सा बलिदान के पश्चात सिस्टर क्रिस्टीना के सम्मान में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समारोह के अंत में समुदाय की सुपीरियर सिस्टर एंगली ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस भव्य समारोह में धर्मसंघ की प्रोविंशियल सुपीरियर सिस्टर स्टैंसी एस.एम.आई., जेनरल काउंसलर सिस्टर झांसी फ्रैंसी एस.एम.आई., प्रोविंशियल काउंसलर सिस्टर लीना फर्नांडीस एस.एम.आई., सिस्टर्स ऑफ मेरी इमाक्युलेट धर्मसंघ की अन्य धर्मबहनें, पुरोहितगण, स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राएँ एवं अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सिस्टर क्रिस्टीना मेरी का जन्म केरल में हुआ था। वे दस भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 1961 में सिस्टर्स ऑफ मेरी इमाक्युलेट धर्मसंघ में प्रवेश लिया। 1965 में उन्होंने अपनी प्रथम व्रत प्रतिज्ञा ली और 1972 में अंतिम व्रत प्रतिज्ञा प्राप्त की। 2015 में उन्होंने अपने स्वर्ण जयंती समारोह को धूमधाम से मनाया था, और अब उन्होंने अपने धार्मिक जीवन के 60 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने की हीरक जयंती उत्साहपूर्वक मनाई।

सिस्टर क्रिस्टीना एक कुशल नर्स हैं। उन्हें 1971 में सेंट मार्था नर्सिंग कॉलेज, बेंगलुरु से नर्सिंग में उत्कृष्ट छात्र का पुरस्कार मिला था। उनका जीवन मंत्र है– ईश्वर से प्रेम करो और उनके लोगों से प्रेम करो।



बिहान भारत की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू** *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com